WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- दशमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 238 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से भी दो कदम आगे निकल गई है उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती। जिन्हें राजनीति में आये अभी जुम्मा जुम्मा आठ दिन ही हुए है लेकिन जुबान से जहर उगलने में उन्होंने अपनी मां को भी मात दे दी है। बकौल इल्तिजा मुफ्ती हिन्दुत्व एक बीमारी है इसका इलाज करना जरूरी है। जिसका दिमागी तवाजन बिगड़ा हो वो इलाज करने की बात कर रही है। इलाज तो इन सिरफिरों का जम्मू कश्मीर की जनता ने कर दिया है जिसने महबूबा मुफ्ती की पार्टी की खाट खड़ी कर दी। फिर भी दिमाग ठिकाने नहीं लगा है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ

- कैट के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र सरकार की याचिका खारिज

रायपुर/नवप्रदेश । आय से अधिक सपंत्ति और राजद्रोह के आरोपों में गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार ने 21 जुलाई 2023 को जीपी सिंह को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देते हुए सेवा से बाहर कर दिया था। जीपी सिंह ने केंद्र सरकार के फैसले को कोर्ट में चुनौती दी थी। कैट के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र सरकार की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब जीपी सिंह को बहाल करना केंद्र सरकार की मजबूरी है। आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ हो गया है।

चार साल की सेवा बची है

जीपी सिंह की : आईपीएस जीपी सिंह के वकील हिमांशु पांडे ने बताया कि कैट के इस फैसले को केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी, जहां से अधिकारी के पक्ष में फैसला आया। इसके बाद केंद्र ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन वहां से भी अब जीपी सिंह के पक्ष में फैसला आया है। अभी उनकी चार साल की सेवा बची है। अब उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बचा है।

10 करोड़ की अघोषित संपत्ति

एसीबी ने जुलाई 2021 को सिंह के पुलिस लाइन स्थित सरकारी बंगले के अलावा राजनांदगांव और ओडिशा के 15 अन्य स्थानों पर छापा मारा था। इसमें 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति के साथ कई संवेदनशील दस्तावेज मिले थे। इसके बाद एसीबी ने जीपी सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने 5 जुलाई को उन्हें सस्पेंड कर दिया और 8 जुलाई की रात को उनके खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज कराया था। आरोप था कि जीपी सिंह सरकार गिराने की साजिश रच रहे थे. 9 जुलाई 2021 को जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सीबीआई जांच की मांग की थी। मामले की जांच के शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम डॉ मोहन यादव ने की मोदी से भेंट

नयी दिल्ली, भोपाल, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। डॉ यादव ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मोदी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मोदी से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद की बैठक आज

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 11 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित होगी। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

संसदीय बैठक में सरकार को घेरने पर विचार

नयी दिल्ली (वार्ता) । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें सरकार को घेरने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में चर्चा के लिए उठाए जा रहे मुद्दों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिसमें विभिन्न नेताओं ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के बाद गांधी के नेतृत्व में पार्टी सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार की तरफ मार्च किया और सरकार से भ्रष्टाचार को शह नहीं देने और संसद में मनमानी नहीं करने को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान कई नेता हाथों में बैनर भी लिए हुए थे। मार्च के बाद सभी सदस्य संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए सदन की तरफ गए।

श्रीनगर में मौसम की सबसे ठंडी रात

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच राजधानी श्रीनगर में सोमवार को मौसम की सबसे ठंडी रात रही, जब तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से 9.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जिससे यह लगातार दूसरे दिन भी क्षेत्र का सबसे ठंडा स्थान बना रहा, जबकि दक्षिण कश्मीर के सुरम्य पर्यटन स्थल पहलगाम में तापमान शून्य से 8.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

राहुल गांधी करेंगे न्याय चौपाल

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लोगों के लिए न्याय चौपाल लगाएंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली में एक माह से न्याय यात्रा कर रहे हैं, ताकि दिल्ली के लोगों के साथ न्याय किया जा सके। पार्टी बुधवार को यहां इंदिरा गांधी एरेना स्टेडियम में न्याय चौपाल कर रही है और श्री गांधी अपराह्न एक बजे इस चौपाल में शामिल होंगे। यादव ने कहा, आठ नवंबर से शुरू हुई दिल्ली न्याय यात्रा की आपार सफलता के बाद जननायक राहुल गांधी जी सभी न्याय यात्रियों एवं दिल्ली के लोगों के साथ न्याय चौपाल करने आ रहे हैं।

हंगामे के कारण राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

कांग्रेस बताए जार्ज सोरोस के साथ क्या रिश्ता : रिजिज

नयी दिल्ली (वार्ता)। संसद का उच्च सदन कहे जाने वाली राज्यसभा और लोकसभा में मंगलवार को हंगामे के कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सुबह भी इसी कारण से कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों में स्थगित कर दी गई थी। दोपहर 12 बजे कार्यवाही शुरू होने पर भी सत्ता और विपक्ष दोनों के सदस्य हंगामा करने लगे। शोर शराबे में कुछ भी सुना नहीं जा रहा था। इस बीच सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि मीडिया में देश के एक राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता और जार्ज सोरेस को लेकर रिपोर्ट आई है। साठगांठ को लेकर मीडिया में आ रही रिपोर्टों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया जा रहा है।

नड्डा ने कहा कि दुनिया के किसी भी देश ने इस तरह के लोग को माफ नहीं किया है। बाहरी शक्तियों ने कई देशों को बर्बाद किया है। देश के आम आदमी के प्रति हम जिम्मेदार हैं। गांव के लोग पूछ रहे हैं कि हम उनको सुरक्षा देने की स्थिति में है या नहीं। हम लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मोदी सरकार उनको पूरी तरह सुरक्षित रखने में सक्षम है और हम किसी को भी देश को खतरे में डालने की छूट नहीं देंगे।उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 11वें स्थान से दुनिया की पांचवीं आर्थिक बड़ी शक्ति बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है।

इस पर कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि बहुत जल्द इसकी सच्चाई सामने आएगी और नड्डा ने जो आरोप लगाए हैं, वे पूरी तरह गलत है और मैं इसका खंडन करता हूं। उन्होंने कहा कि अडानी द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को 23 हजार करोड़ रुपए के रिश्वत देने का मामला एक अदालत में है और इस पर सदन में चर्चा कराई जानी चाहिए ताकि स्थिति साफ हो सके।इस बीच द्रविड़ मुनेत्र कषगम् के तिरुची शिवा ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि नियम 238(2) के अनुसार दूसरे सदन के नेता का नाम इस सदन में नहीं लिया जा सकता है।

इस पर नड्डा ने कहा कि उन्होंने किसी सदस्य का नाम नहीं लिया, बल्कि पद का नाम लिया है।इस दौरान दोनों पक्षों के हंगामे के कारण सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह में विधायी कामकाज शुरू होते ही सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के कुछ सदस्यों के शोर शराबे के कारण सभापति को सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनटों बाद 12:00 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इसके कारण इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन कोई कामकाज नहीं हो सका।

माता रुक्मिणी धनोरा बालिका आश्रम में बड़ी लापरवाही उजागर

बालिका आश्रम के खाने में छिपकली, 1 छात्रा की मौत

- 35 से अधिक बच्चे बीमार

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर के माता रुक्मिणी धनोरा बालिका आश्रम में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां बच्चों को परोसे जाने वाले खाने में छिपकली मिली थी, जिसके बाद 35 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। इन्हीं में से एक छात्रा की अब मौत हो गई। वहीं अब भी 35 बच्चे बीमार है, जिसमें से 9 बच्चे आईसीयू में भर्ती बताएं जा रहे है।

मृतक छात्रा शिवानी तेलम को कल देर रात मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया था। बच्ची ने भैरमगढ़ में दम तोड़ दिया। वह मूलतः बीजापुर ब्लॉक के तूमनार की रहने वाली थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि अधीक्षिका की लापरवाही से बच्चे की मौत हुई। परिजनों ने भोजन में एक्सपायरी डेट के पनीर, दूध के उपयोग करने का लगाया है और दोषी कर्मचारी, अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों ने आश्रम अधीक्षिका पर लगाए आरोप

परिजनों ने आरोप लगाए कि अधिक्षिका की लापरवाही से बच्चे की हुई मौत. परिजनों का ये भी आरोप है कि मेनू के अनुसार भोजन नहीं परोसा जा रहा था. भोजन में एक्सपायरी डेट के पनीर, दूध के इस्तेमाल करने का भी आरोप परिजनों ने लगाया है. परिजनों ने ऐसे कर्मचारी, अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

शंभू बॉर्डर से सरवन सिंह पंधेर का ऐलान

14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेगा 101 किसानों का जत्था

चंडीगढ़(ए.)। पंजाब हरियाणा सीमा के पास शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर मंगलवार को दिल्ली कूच का एलान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की सामूहिक बैठक हुई। इसके बाद आगामी निर्णय लिया गया। पंधेर ने साफ किया कि किसान भागने वाले नहीं हैं, बल्कि सरकार को भगाएंगे।

जगजीत डल्लेवाल का वजन 11 किलो घटा

इस बीच किसान संगठनों के बड़े नेता शंभू बॉर्डर से खनौरी बॉर्डर पहुंच गए हैं। किसानों ने यहां मंगलवार को सामूहिक भूख हड़ताल रखा। सोमवार को किसान नेता काका सिंह कोटडा ने मंच से कहा कि संयुक्त मोर्चा के प्रमुख जगजीत डल्लेवाल की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। उनका वजन करीब 11 किलो कम हो गया है। वह काफी कमजोरी महसूस कर रहे हैं। शेष पृष्ठ 6 पर

जेपी नड्डा 13 को मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर करेंगे बैठक

निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड में नियुक्ति पर भी हो सकता है निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 दिसंबर को एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। सरकार के एक साल पूरे होने पर सरकार के कामकाज की समीक्षा करने के साथ साय सरकार में रिक्त मंत्री पद पर भी विचार मंत्रणा की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में फिलहाल कोर ग्रुप के पदाधिकारियों को ही आमंत्रित किया गया है। जेपी नड्डा के आगमन को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 11 दिसंबर को शाम 6 बजे भाजपा की एक अहम बैठक बोरियाकला स्थित भाजपा कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में प्रस्तावित की गई है।

इसमें नड्डा के कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श होगा। वहीं संगठन चुनाव के मद्देनजर कुछ निर्णय हो सकते हैं। इसके अलावा भाजपा कार्यालय में ही लगी भाजपा के संस्थापकों की प्रतिमा का पुनः अनावरण होगा। बताया गया कि इन प्रतिमाओं शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को न्याय दिलाने उठाएंगे आवाज

नई दिल्ली (वार्ता)। भीम आर्मी के चीफ और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद आज संसद भवन के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध जताया और हाथ में तख्ती लेकर इंसाफ की मांग की। चंद्रशेखर आजाद का कहना है कि छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को न्याय दिलाने के लिए वे हर मंच पर आवाज उठाएंगे. उन्होंने कहा, जब तक सतनामी समाज को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक मेरा धरना जारी रहेगा। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने 15 मई 2024 को छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी धाम की अमर गुफा में जोड़ा जैतखाम को काटने की घटना और 10 जून 2024 को बलौदाबाजार शेष पृष्ठ 6 पर

दिग्गज राजनेता एस एम कृष्णा का 92 वर्ष में निधन

बेंगलुरु (वार्ता)। कर्नाटक और भारत के सबसे प्रतिष्ठित राजनेताओं में से एक और पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का मंगलवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आधुनिक बेंगलुरु के वास्तुकार माने जाने वाले कृष्णा ने कुछ समय तक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद आज सुबह 2:45 बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

भारतीय राजनीति में एक महान व्यक्तित्व, कृष्णा का शानदार करियर दशकों तक रहा, जो ऐतिहासिक उपलब्धियों और शासन के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को चिह्नित करता है। उनका जन्म एत मई, 1932 को मांड्या जिले के सोमनहल्ली गांव में हुआ। उन्होंने 1962 में मद्दूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले एक स्वतंत्र विधायक के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल (1999-2004) अभूतपूर्व शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

विष्णु का सुशासन ...

215.41 करोड़ रूपए के 43 कार्यों का भूमिपूजन व 38.74 करोड़ रूपए के 25 कार्यों का लोकार्पण शामिल

सीएम साय आज पखांजूर में देंगे 2 अरब 54 करोड़ की सौगात

कांकेर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार 11 दिसम्बर को कांकेर जिले के पखांजूर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले को कुल 02 अरब 54 करोड़ 15 लाख रूपए के 68 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण की सौगात देंगे। इनमें 215.41 करोड़ रूपए के 43 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 38.74 करोड़ रूपए के 25 कार्यों का लोकार्पण सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री साय जिले के पखांजूर प्रवास के दौरान कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नरहरपुर विकासखण्ड के दलदली से कमारपारा सड़क निर्माण कार्य हेतु 96.70 लाख रूपए, भीमापारा से बासनवाही (बाजारपारा) सड़क निर्माण कार्य हेतु 70.85 लाख रूपए, मावलीपारा (आवासपारा) से कमारपारा सड़क निर्माण कार्य हेतु 91.23 लाख रूपए और गंवरसिली से खासपारा सड़क निर्माण कार्य के लिए 33.11 लाख रूपए के शामिल है। इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत एन.एच.-43 से मलांजकुड़ुम क्षतिग्रस्त सड़क मरम्मत लंबाई 9.20 किमी. एवं माकड़ी खुना से नारा तथा अलबेलापारा से बागोडार सड़क मरम्मत कार्य लंबाई 14.14 किमी. हेतु 92.18 लाख रूपए, महतारी

सदन निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु पीड़ापाल के 29.20 लाख रूपए, धनेलीकन्हार हेतु 29.20 लाख रूपए और ग्राम पंचायत बेवरती हेतु 29.20 लाख रूपए का भूमिपूजन कार्य शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर अंतर्गत भुरका नाला आर.डी. 2300 मीटर पर स्थित लंबाई 52 मीटर पुलिया निर्माण कार्य हेतु 223.63 लाख रूपए, नवीन तहसील कार्यालय बांदे में भवन निर्माण कार्य हेतु 71.12 लाख रूपए और दुर्गूकोंदल में 272.81 लाख रूपए की लागत से शासकीय महाविद्यालय भवन में छात्रावास भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

इसी प्रकार अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजकीय राजमार्ग 06 में जाड़ेकुर्से मार्ग के आर.डी. 3800 मीटर में स्थित मार्ग में नाला निर्माण कार्य हेतु 199.39 लाख रूपए, बोकराटोला से संतराई मार्ग सड़क निर्माण कार्य हेतु 149.88 लाख रूपए, संगम स्वरूप पी.व्ही. 62 मार्ग की आर.डी. 3500 मीटर पर स्थित संगम नदी पर वृहद पुल निर्माण कार्य हेतु 199.98 लाख रूपए, चिलपरस से आलपरस मार्ग की आर.डी. 850 मीटर में स्थित नदी पर वृहद पुल निर्माण कार्य हेतु 199.70 लाख रूपए, पानीडोबीर से मटियापारा (मर्राम) मार्ग की आर.डी. 4000 मीटर में स्पॉन पुलिया निर्माण कार्य के लिए 50 लाख रूपए, ग्राम केसेकोड़ी से डुट्टा नदी लंबाई 3 किमी. पर सड़क निर्माण कार्य हेतु 188.32 लाख रूपए शेष पृष्ठ 6 पर

4 किमी सड़क निर्माण कार्य

इसी तरह तुमापाल से कोसरोण्डा 4 किमी सड़क निर्माण कार्य हेतु 787.12 लाख रूपए, गुंदुल से मर्राम एवं आलपरस से आलपर, पानीडोबीर से गुंदुल सड़क निर्माण कार्य के लिए 596.61 लाख रूपए, टी.7 से किसकोड़ों नाला पर आरडी 11900 मीटर पर पुलिया निर्माण कार्य हेतु 188.14 लाख रूपए, टी.7 से किसकोड़ो नाला पर आरडी 15500 मीटर पुलिया निर्माण कार्य हेतु 287.39 लाख रूपए, टी.7 से किसकोड़ो से कोटुकुरसई नाला आरडी 8200 मीटर पर पुलिया निर्माण कार्य हेतु 229.88 लाख रूपए, नवीन तहसील कार्यालय आमाबेड़ा में भवन निर्माण कार्य हेतु 71.12 लाख रूपए, नवीन तहसील कार्यालय कोयलीबेड़ा में भवन निर्माण कार्य हेतु 71.12 लाख रूपए, अंतागढ़ में अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय का भवन निर्माण कार्य हेतु 127.62 लाख रूपए, अंतागढ़ में शहरी राज्यमार्ग 05 में कुल 02 किमी. सड़क शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी पर भड़की मोदी सरकार- टीशर्ट पहनकर संसद में तमाशा, कुछ गरिमा बनाकर रखें

नई दिल्ली। संसद में अडानी, जॉर्ज सोरोस से सोनिय गांधी के लिंक जैसे मुद्दों पर जोरदार हंगामा जारी है। राहुल गांधी ने तो सोमवार को नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के मुखौटा लाए दो सांसदों का मॉक इंटरव्यू भी लिया था। लेकिन अंदर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा जारी रहा और दोनों सदनों को कई बार स्थगित करना पड़ा। इस बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर तमाशा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आखिर कांग्रेस टीशर्ट पहनकर तमाशा क्यों करती है। इस बीच मंगलवार को एक बार संसद की कार्यवाही शुरू होते ही स्थगित हो गई।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं एक बात साफ कर दूं कि जनता के हित के लिए जो भी बिल लाने होंगे, हम लेकर आएंगे। लेकिन हम चाहते हैं कि बिलों पर चर्चा हो। इसलिए एकतरफा पास नहीं करना चाहते। चर्चा होने से संसद की गरिमा बढ़ेगी। इस बीच कांग्रेस की नई सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि हम तो चर्चा चाहते हैं। सरकार ही सदन में परेशानी खड़ी कर रही है और संसद नहीं चलने दे रही।

कांग्रेस को सदन की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए

किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को समझाने की जरूरत है। हमारे पास बिल पास कराने के लिए जरूरी संख्या है। कांग्रेस को सदन की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए और चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। वहीं अडानी के मसले पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर भी मंत्री ने सवाल उठाया। किरेन रिजिजू ने कहा कि अमेरिकी अदालत के मामले को लेकर यहां तमाशा करने से क्या फायदा होगा। राज्यसभा में तो सभी दलों के सांसद चाहते हैं कि सदन चले। हमसे सपा, कांग्रेस, टीएमसी समेत कई दलों के सांसद मिले हैं और बोले कि सदन चलना चाहिए। इस पर मैंने कहा कि राहुल गांधी को समझाओ। उन्हें आम लोगों से तो कोई लेना-देना नहीं है। उनका अपना स्टाइल है और तमाशा करते रहते हैं।

बता दें कि राज्यसभा में भी सोमवार को हंगामा हुआ और खरगे ने तो सीधे स्पीकर जगदीप धनखड़ पर ही सवाल उठा दिया और कहा कि आप तय करके आए हैं कि विपक्ष को बोलने ही नहीं दिया जाएगा। ऐसा करके आप लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। आपने मंत्री को बोलने दिया, पर हमें मौका नहीं मिला।

न्यूज गैलरी

सतारा के एक गांव ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने का संकल्प लिया

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद तमाम विपक्षी दलों की तरफ से ईवीएम को नतीजों को लेकर असंतोष जताया गया। इस कड़ी में महाराष्ट्र के दो गांवों की तरफ से एक प्रस्ताव पारित किया गया है कि, वे आगामी सभी विधानसभा चुनावों में सिर्फ बैलेट पेपर का इस्तेमाल करेंगे। जानकारी के मुताबिक, सतारा जिले की कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने भविष्य में बैलेट पेपर से चुनाव कराने का संकल्प लिया है। इस तरह यह राज्य का दूसरा गांव बन गया है जिसने ईवीएम के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव पारित किया है। यह गांव कराड (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका प्रतिनिधित्व पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण करते थे। यहां पर हालिया विधानसभा चुनाव में पृथ्वीराज चव्हाण भाजपा उम्मीदवार अतुल भोसले से 39 हजार 355 मतों से हार गए थे कोलेवाड़ी के निवासियों की तरफ से ईवीएम के जरिए डाले गए वोटों पर संदेह जताए जाने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव सोलापुर के मालशिरस निर्वाचन क्षेत्र के मरकडवाडी के ग्रामीणों के एक वर्ग की तरफ से ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह व्यक्त करते हुए मतपत्रों का उपयोग करके नकली 'पुनर्मिलन' कराने की कोशिश के कुछ दिनों बाद पारित किया गया था। हालांकि प्रशासन और पुलिस ने उनके प्रयास को विफल कर दिया, जिसके कारण मामले दर्ज किए गए।

हाथरस में कंटेनर और मैक्स की भिडंत, 5 की मौत, 13 घायल

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हाथरस जंक्शन के गांव जैतपुर के पास मथुरा-बरेली मार्ग पर कंटेनर और मैक्स के बीच भीषण टक्कर हो गई।

संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया

साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे : मुर्मु

नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो।

मुर्मु ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा, मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है। बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान को अधिकारों के मामले के रूप में देखा जाता है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। डिजिटल युग, परिवर्तनकारी होने के साथ-साथ अपने साथ साइबरबुलिंग, डीपफेक, गोपनीयता संबंधी चिंता और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है।

ये चुनौतियाँ एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएँ भी पैदा कर रहा है। अब तक मानवाधिकारों का विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है, यानी उल्लंघनकर्ता को एक इंसान माना जाता है, जिसमें करुणा और अपराधबोध जैसी मानवीय भावनाएँ होती हैं। हालाँकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए। उन्होंने सभी हितधारकों से बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करने की अपील की।

जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है : मुर्मु

मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज़ के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व संभाला है। सरकार की पहल, जैसे कि 2022 ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवनशैली, या 'लाइफ' आंदोलन, भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं।

सार्वजनिक नीति-निर्धारण में तीन दशकों का अनुभव

सभी दृष्टिकोणों को समझ अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करूंगा

नई दिल्ली। राजस्व सचिव और नवनियुक्त आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा 11 दिसंबर को पदभार संभालेंगे। नियुक्ति के बाद उन्होंने कहा कि वह सभी दृष्टिकोणों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे। वित्त मंत्रालय के बाहर संवाददाताओं सवालों का जवाब देते हुए मल्होत्रा ने कहा, कोई भी हो उसे क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करना होगा। 56 वर्षीय मल्होत्रा, वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव हैं, उन्हें सोमवार शाम को सरकार ने केंद्रीय बैंक के अगले गवर्नर के रूप में शक्तिकांत दास का स्थान लेने के लिए नामित किया है। राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा को सार्वजनिक नीति-निर्धारण में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उनके पास बिजली, वित्त और कराधान जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता है। उन्हें ऐसे समय पर आरबीआई की कमान सौंपी जा रही है जब भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी विकास दर और लगातार बढ़ रही महंगाई की दोहरी चुनौती का सामना कर रही है। हालांकि शक्तिकांत दास ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए लगभग दो वर्षों तक बेंचमार्क ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा, लेकिन आने वाले गवर्नर के बारे में कहा जाता है कि वे एक टीम प्लेयर हैं, जिनका मानना है कि कीमतों को अकेले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से काबू में नहीं रखा जा सकता और इस काम के लिए सरकार की मदद भी जरूरी है। मल्होत्रा ऐसे समय में आरबीआई के 26वें गवर्नर का पदभार संभाल रहे हैं जब नीति-निर्धारकों पर विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव है। जुलाई-सितंबर की अवधि में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अक्तूबर में मुद्रास्फीति बढ़कर 14 महीने के उच्च स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई। आरबीआई के लिए सरकार की ओर से निर्धारित मुद्रास्फीति लक्ष्य 4 प्रतिशत है, जो दो प्रतिशत अधिक या कम हो सकता है।

हिंदुओं पर अत्याचार मगर भारत से राहत बांग्लादेश ने विदेश सचिव से उठाई मांग

ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच बांग्लादेश की यूनुस सरकार, भारत से रहम की उम्मीद कर रही है। बांग्लादेश की सरकार ने एक कदम आगे बढ़ते हुए ये तक डिमांड कर दी कि भारत में अपने नागरिकों की वीजा संख्या बढ़ाई जाए। सोमवार को भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के शीर्ष नेताओं के बीच हुई वार्ता में यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। बांग्लादेश के पर्यावरण, वन और जलवायु सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने दावा किया कि मिस्री ने बांग्लादेशी नागरिकों के लिए वीजा बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

हाल के दिनों में प्रभावित हुए दोनों देशों के संबंध

गौरतलब है कि बांग्लादेश में हाल के महीनों में हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं। ये घटनाएं तब शुरू हुईं जब शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद देश में राजनीतिक अस्थिरता का दौर शुरू हुआ। इन घटनाओं ने न केवल बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए संकट पैदा किया है, बल्कि भारत के साथ उनके संबंधों को भी प्रभावित किया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, में भारत के विदेश सचिव मिस्री ने बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जसीम उद्दीन और अन्य नेताओं के साथ वार्ता की। इसके बाद सईदा रिजवाना हसन ने कहा, "भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के लिए विदेश सचिव मिस्री ने वीजा विस्तार की प्रक्रिया तेज करने का वादा किया है।" हसीना सरकार के पतन के बाद भारत ने अस्थायी रूप से वीजा सेवाएं रोक दी थीं, लेकिन बाद में इन्हें सीमित रूप में शुरू किया गया। वर्तमान में केवल चिकित्सा और आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए वीजा दिए जा रहे हैं। बांग्लादेशी सलाहकार ने कहा कि वीजा प्रक्रिया पूरी तरह से बहाल करने के लिए भारत को ठोस कदम उठाने चाहिए।

हिंदुओं पर हमले जैसे मुद्दों से बचती रही है यूनुस सरकार

वहीं हिंदुओं पर हमले और मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं भारत के लिए चिंता का विषय रही हैं। बांग्लादेश के हिंदू समुदाय ने कई बार भारत से हस्तक्षेप की अपील की है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार इस मुद्दे पर भारत के साथ चर्चा करने से बचती रही है। दिलचस्प है कि मिस्री की यात्रा के पहले, बांग्लादेश के प्रधान सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इस दौरान वीजा प्रक्रिया और हिंदुओं की स्थिति दोनों पर चर्चा हुई।

केरल हाईकोर्ट की त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड को फटकार

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने मंगलवार को मंदिरों में फ्लेक्स बोर्ड के जरिए राजनीतिक संदेश देने के मामले में अहम टिप्पणी की है। उच्च न्यायालय ने कहा कि मंदिरों में राज्य सरकार या त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड (टीडीबी) को बधाई देने वाले फ्लेक्स बोर्ड्स को लगाने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि भक्त वहां भगवान के दर्शन करने जाते हैं, न कि मुख्यमंत्री, विधायकों या टीडीबी के सदस्यों का चेहरा देखने।

बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा कानून; ऐसा बोलकर फंसे जज शेखर यादव

नई दिल्ली। देश का कानून बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा क्योंकि घर या फिर समाज में भी बहुमत की राय को ही माना जाता है। ऐसा बोलकर आलोचना का शिकार हो रहे इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यह बयान दिया था। इसके अलावा उन्होंने देश के एक अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 'कठमुल्ला' शब्द का भी प्रयोग किया था। इसे लेकर तमाम वकीलों समेत लीगल प्रोफेशन की हस्तियों ने ही आपत्ति जताई है कि आखिर एक जज कैसे इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर सकता है।

फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अखबारों में छपी रिपोर्ट्स का संज्ञान लिया है। इसके आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय से शेखर कुमार यादव के बयान से जुड़ी चीजें भेजने को कहा है। उनके बारे में अन्य डिटेल्स भी मांगी गई है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है। इस मामले में कैंपेन फॉर जुडिशियल अकाउंटेबिलिटी ऐंड रिफॉर्म्स (छ्छ्क्र) नाम की संस्थान ने जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को पत्र भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि जस्टिस यादव ने जिस तरह का बयान दिया है, वह अक्षम्य और अवांछनीय है। लेटर में लिखा गया, 'ऐसे बयान से आम नागरिकों के मन में न्यायपालिका की स्वायत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होता है। ऐसे में इस मामले में आपकी ओर से ऐक्शन की जरूरत है।'

चीफजस्टिस संजीव खन्ना को लिखे पत्र में छ्छ्क्र ने कहा कि जस्टिस यादव ने मुस्लिम समुदाय के लिए बेहद आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया है। यह उच्च न्यायालय जैसी संस्था की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य है। इसके अलावा उनका मुस्लिमों को लेकर दिया गया बयान संविधान के आर्टिकल 12, 21, 25 और 26 का उल्लंघन करता है। चीफजस्टिस से की गई शिकायत में कहा गया है कि एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक बयान से आम लोगों में न्यायपालिका की आखिर क्या छवि बनी होगी? न्यायपालिका की स्वायत्ता और निष्पक्षता को लेकर भी लोगों के मन में धारणा खराब होगी।

बांग्लादेश में बौखलाए मुस्लिम नेता, भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान

जयपुरिया चादरों में लगाई आग

ढाका। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते और तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। पड़ोसी देश की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (ब्नह्क) के एक वरिष्ठ नेता ने भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान किया है और प्रतीक के तौर पर जयपुर निर्मित चादरों को जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया है। ढाका की सड़कों पर यह सब तब किया गया, जब दो दिवसीय दौरे पर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ढाका के दौरे पर हैं। मिसरी ने अपने दौरे के पहले ही दिन अपने बांग्लादेशी समकक्ष से दो टूक लहजे में कहा है कि हिन्दुओं और हिन्दू धर्मस्थलों की रक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने अपने समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण सहित भारत की चिंताओं से अवगत कराया। इसके अगले दिन विपक्षी पार्टी के संयुक्त महासचिव एडवोकेट रूहुल कबीर रिजवी ने राजशाही नगर में भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान किया और कथित तौर पर जयपुर में निर्मित चादरों को बीच सड़क पर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान बीएनपी नेता ने प्रिंटेड चादरों को दिखाते हुए कहा, यह चादर भारत के राजस्थान की राजधानी जयपुर में बनी है। यह चादर जयपुर के कपड़ा उद्योग द्वारा बनाई गई है... हम भारतीय आक्रमण के खिलाफ विरोध जताने के लिए इसे जला रहे हैं और भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान करते हैं। ऐसा कहकर रिजवी ने उस चादर को सड़क पर फेंक दिया और पार्टी कार्यकर्ताओं से उसे जलाने को कहा। इसके बाद चादर पर केरोसिन तेल छिड़कर उसे आग लगा दिया गया। इस दौरान कई बांग्लादेशी नागरिकों को चादर को पैरों से रौंदते हुए और भारत विरोधी नारा लगाते हुए देखा गया। रिजवी ने ये भी कहा कि भारत की दोस्ती शेख हसीना तक ही थी।

कूटनीति...

मीडिया कवरेज के बदले एक मीडिया कंपनी को लाभ पहुंचाया

पहली बार कटघरे में खड़े हुए नेतन्याहू, बहुत गंभीर हैं आरोप, सरकार गिरने की नौबत

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को अपने भ्रष्टाचार मामले में गवाही दी। यह देश के इतिहास में पहला मौका है जब कोई वर्तमान प्रधानमंत्री बतौर अपराधी अदालत में खड़ा हुआ। यह ऐतिहासिक घटना उस समय हो रही है जब गाजा में युद्ध, सीरिया में इजरायली सेना की कार्रवाई और लेबनान में संघर्षविराम की स्थिति बनी हुई है।

क्या है पूरा मामला?

नेतन्याहू पर धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में आरोप लगाए गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर निजी लाभ लिया, करोड़ों रुपये के तोहफे (शैम्पेन, सिगार, गहने) अरबपतियों से कूटनीतिक फायदे के बदले में स्वीकार किए और मीडिया कवरेज के बदले एक मीडिया कंपनी को लाभ पहुंचाया। नेतन्याहू के सहयोगी और परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने अदालत के बाहर इसे ÷शर्मनाक÷ बताया कि प्रधानमंत्री को गवाही के लिए बुलाया गया जबकि गाजा में युद्ध चल रहा है।

युद्ध और गवाही के बीच टकराव

वहीं, विपक्ष और जनता का एक बड़ा वर्ग इस सुनवाई को लोकतंत्र के लिए अहम मान रहा है।

राजनीतिक संकट के बीच सुनवाई

वैसे तो नेतन्याहू के खिलाफ यह सुनवाई यरुशलम जिला अदालत में हो रही है, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे तेल अवीव के एक बंकर में बनी अदालत कक्ष में आयोजित किया जा रहा है। उनके गवाही देने का समय मंगलवार सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया था। सुनवाई में नेतन्याहू खुद को "वामपंथी साजिश" का शिकार बता रहे हैं। सोमवार रात एक टीवी कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, "मैं वर्षों से इस साजिश का सच सबके सामने लाने का इंतजार कर रहा था। अब यह मौका आया है।"

नेतन्याहू की हार की संभावना

विशेषज्ञों का मानना है कि यह सुनवाई नेतन्याहू की राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकती है। यदि सुनवाई में नए खुलासे होते हैं, तो सार्वजनिक दबाव के चलते नए चुनाव की मांग तेज हो सकती है। वर्तमान जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, नेतन्याहू की हार की संभावना अधिक है।

नेतन्याहू की गवाही कई हफ्तों तक चलेगी। पहले उनके वकील सवाल पूछेंगे, फिर सरकारी पक्ष की जिरह होगी। इस बीच, नेतन्याहू गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए चल रही बातचीत को गति देकर जनता का समर्थन जुटाने की कोशिश कर सकते हैं।

जनता की प्रतिक्रिया

नेतन्याहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी हैं। "होस्टेज स्क्वायर÷ पर प्रदर्शनकारी उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। गाजा में फंसे बंधकों के परिवारों ने भी प्रधानमंत्री पर युद्ध को राजनीतिक बचाव के लिए खींचने का आरोप लगाया है। नेतन्याहू के सामने दोहरी चुनौती है—न्यायालय में खुद को निर्दोष साबित करना और सरकार को गिरने से बचाना। उनकी गठबंधन सरकार में शामिल दक्षिणपंथी दलों ने गाजा से सेना हटाने पर सरकार गिराने की धमकी दी है। ऐसे में, सुनवाई और युद्ध दोनों नेतन्याहू के राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। इजरायल के लिए यह वक्त लोकतंत्र और न्याय के प्रति जनता के विश्वास की परीक्षा का है।

सेवादार पर लाखों की ठगी और हेराफेरी के गंभीर आरोप

सिंधी समाज के लोगों को तंत्र-मंत्र, भूत-प्रेत का भय दिखाया, स्टॉक मार्केट के नाम पर की लाखों की ठगी

■ प्रभावितों ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी समाज के कई लोगों ने एक सेवादार द्वारा तंत्र-मंत्र, भूत-प्रेत का डर दिखाकर और स्टॉक मार्केटिंग में पैसे दोगुना करने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी के शिकार हो गए हैं। चकरभाठा स्थित गुरुद्वारा के इस तत्कालीन सेवादार पर आरोप है कि उसने समाज के लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हुए उनके विश्वास और धार्मिक आस्थाओं का गलत फायदा उठाया।

यह मामला उस समय प्रकाश में आया जब सिंधी समाज के कई युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में सिविल लाइन थाना पहुंचे और सेवादार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इन लोगों का आरोप है कि सेवादार ने पहले उन्हें स्टॉक मार्केटिंग के माध्यम से रकम को दोगुना करने का लालच दिया और फिर तंत्र-मंत्र, जादू-टोना, और भूत-प्रेत का भय दिखाकर उनसे भारी रकम ऐंठ ली। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, सेवादार ने लोगों को अपने प्रवचनों और आडंबरपूर्ण दावों से आकर्षित किया। उसने सिंधी समाज के भोले-भाले लोगों को तंत्र-मंत्र और जादू-टोने का डर दिखाकर लाखों रुपये ठगे। खासकर उन परिवारों को निशाना बनाया गया, जो अपने बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ितों को पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

ठगी के शिकार लोग सामने आने से डर रहे

ठगी का शिकार हुए कई लोग अभी भी सामने आने से डर रहे हैं, क्योंकि सेवादार ने उनके मन में तंत्र-मंत्र और जादू-टोने का गहरा डर बैठा दिया है। पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद, कुछ लोग उसकी क्रियाओं के प्रभाव से मुक्त नहीं हो पाए हैं। यह एक गंभीर सामाजिक समस्या को उजागर करता है, जहां धार्मिक आस्था और अंधविश्वास का अनुचित लाभ उठाकर भोले-भाले लोगों को ठगा जा रहा है। यह घटना यह दर्शाती है कि कैसे कुछ लोग धार्मिक और मानसिक आस्थाओं का दुरुपयोग कर समाज के भोले-भाले लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। समाज के लोगों को जागरूक रहना चाहिए और इस तरह के ठगों से सतर्क रहना चाहिए। पुलिस की सक्रियता और न्यायिक कार्रवाई से उम्मीद की जा रही है कि इस मामले में पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों को सजा मिलेगी।

शिकायत पर जांच जारी

सिंधी समाज के लोगों द्वारा सेवादार के खिलाफ थाना आकर शिकायत की है कि सेवादार ने समाज के कई लोगों को तंत्र-मंत्र सहित अन्य लालच देकर लाखों रुपए की ठगी की है। शिकायत पर जांच की जा रही है।

गुरुद्वारा निर्माण में गड़बड़ी

ठगी के शिकार हुए लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि सेवादार ने समाज से 50 लाख रुपए तक का चंदा लेकर एक गुरुद्वारा का निर्माण भी करवाया, जिसमें उसने धार्मिक आस्था का अनुचित फायदा उठाया। समाज के कई व्यापारियों ने सेवादार के झांसे में आकर इस परियोजना में आर्थिक योगदान दिया, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह सब एक सोची-समझी ठगी का हिस्सा था। सेवादार का ठगी का खेल यहीं तक सीमित नहीं रहा। उसने स्टॉक मार्केटिंग के नाम पर सिंधी समाज के कई युवाओं से बड़ी रकम निवेश करवाई, यह दावा करते हुए कि उनकी रकम कुछ ही समय में दोगुनी हो जाएगी।

■ न्यूज गैलरी

पूर्व महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में आज पूर्व महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई।

जस्टिस अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले रायपुर के एसीबी कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद एसीबी कोर्ट के फैसले को हाइकोर्ट में चुनौती दी गई है। पूर्व महाधिवक्ता ने यह याचिका वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर भादुड़ी के माध्यम से लगाई है। देखना होगा कि पूर्व एजी को उच्च न्यायालय से राहत मिलती है या फिर निचली अदालत के फैसले को यथावत रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने डॉ. आलोक शुक्ला, अनिल टुटेजा, सतीश चंद्र वर्मा और अन्य पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धाराओं 7, 7क, 8, और 13(2) और भारतीय दंड संहिता की धाराएं 182, 211, 193, 195-ए, 166-ए, और 120बी के तहत अपराध दर्ज किया था।

---

21 क्विंटल और 3100 रुपए की दर से धान खरीदी के नाम पर किसानों को लुभाया गया

सरकार के वादे का गुब्बारा एक साल में ही फट गया: कांग्रेस

■ कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01,02,03,और 04 द्वारा अपने अपने ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन कर सक्षम अधिकारियों को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय , महापौर रामशरण यादव ने ब्लॉक क्रमांक 01,02,03 और 04 क धरना स्थल में पहुंच कर साय सरकार की किसान विरोधी नीति और वादा खिलाफी के विरुद्ध अपना विचार रखा।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि साय सरकार के वादे के गुब्बारे एक साल में ही फट गया। 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपये की दर से खरीदी के नाम पर किसानों को लुभाया गया।आज किसान अनियमितताओं के बीच धान बेचने के लिए मजबूर है ,खरीदी केंद्र भी किसानों से प्रति कट्टा उगाही कर रहा है,धान पलटने के नाम पर 3 रुपये से लेकर 5 रुपये प्रति कट्टा लिया जा रहा है, इसी प्रकार नमी के नाम पर 1.50 किलो से 2.50 किलो तक धान तौला जा रहा है,भाजपा ने इस व्यवस्था को चलाने के लिए आनन-फानन में भाजपा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कर एक व्यवस्थित और सामूहिक भ्रष्टाचार कर रही है, विजय पांडेय ने कहा कि साय सरकार किसानों को बरदाना उपलब्ध नही करा पा रही है जबकि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बरदाना दिया जाता है किंतु किसानो को फ़टे बारदान दिए जा रहा है।विजय पांडेय ने कहा कि साय सरकार 21 क्विंटल के नाम पर मात्र 9 से 14 क्विंटल धान खरीद रही है और पैसा भी एक मुश्त न देकर मात्र 23 सौ रुपये ही दे रही है,शेष राशि मिलेगी कि नही सन्देह है। पांडेय ने कहा कि भाजपा की नीयत उसी दिन बेनकाब हो गई ।

भाजपा पूंजीवाद की समर्थक

भाजपा पूरी तरह पूंजीवाद के समर्थक पार्टी है इनके कार्यकाल में उद्योगपतियों के पौहबारा है ,जबकि देश के कर्णधार किसान अपनी मेहनत का मूल्य भी नही पा रहा है किसान दिल्ली बॉर्डर में तीन वर्षों से आंदोलन रत है पर मोदी सरकार ने किसी भी स्तर पर किसानों से बात करने की जरूरत नही समझी ,ये भाजपा और प्रधानमंत्री जी का देश प्रेम है। पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान-जय किसान का नारा देकर सीमा में सेना की और खेत मे किसान की अहमियत को बताया।

सीसी रोड से आवागमन में होगी सुविधा: कौशिक

■ विधायक कौशिक ने रोहराकला, तुमाडेटा व हथकेरा में 50 लाख की लागत से विकास निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने विधानसभा बिल्हा के ग्राम रोहराकला, तुमाडेटा व हथकेरा में लगभग 50 लाख रु से अधिक कि लागत से होने वाले विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जिसके अंतर्गत ग्राम रोहराकला में प्रवेश द्वार का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया साथ ही 19 लाख रु से लागत सीसी रोड के निर्माण कार्य व ग्राम तुमाडेटा में 13 लाख रूपये के लगात से सीसी रोड़ निर्माण एवं ग्राम हथकेरा में 19 लाख रुपए के सीसी रोड़ निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन सड़कों की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा मांग की जा रही थी। इसके निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाजनक और सुरक्षित आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण की विशेष पहल की जा रही है जिसमे से हमारा विधानसभा बिल्हा एक है। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत है बिल्हा विधानसभा में विकास निरंतर चलता रहेगा।

बिलासपुर से कुंभ मेला के लिए तीन ट्रेनें चलेंगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए । उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे। महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाडियाँ सहित 13000 से अधिक रेल गाडियाँ चलायी जाएंगी।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो रायगढ़-वाराणसी, दुर्ग-वाराणसी एवं बिलासपुर-वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है। 08251/08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253/ 08254 बिलासपुर- वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है ।

बीकानेर-पूरी साप्ताहिक एक्सप्रेस लालगढ़ स्टेशन से होगी रवाना

उत्तर पश्चिमी रेलवे के बीकानेर रेलवे स्टेशन में गाड़ियो की भारी भीड़ होने एवं यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा बीकानेर से चलने वाली 20471/20472 बीकानेर-पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन का बीकानेर के स्थान पर लालगढ़ स्टेशन से रवाना की जाएगी । इस गाड़ी की समय सारणी इस प्रकार है। 20471/20472 बीकानेर-पूरी-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन जो सप्ताह मे एक दिन चलने वाली बीकानेर के स्थान पर लालगढ़ स्टेशन से रवाना होगी। 5 जनवरी को बीकानेर से चलने वाली 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस ट्रेन बीकानेर के स्थान पर यह गाड़ी लालगढ़ से पूरी के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार 5 जनवरी, को पूरी से चलने वाली 20472 पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन बीकानेर तक चलने वाली एक्सप्रेस लालगढ़ तक ही चलेगी।

ट्रैफिक कम पावर ब्लाक का कार्य, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यो को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व रेलवे में रोड ओवर ब्रिज का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के के फलस्वरूप 9 से 26 दिसम्बर तक कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ी रद्द रहेगी-15 से 25 दिसम्बर को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 16 से 26 दिसम्बर को टाटा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

स्काउट गाइड ने वीर नारायण सिंह को किया नमन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छ.ग के प्रथम शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर नारायण सिंह का 167 वां शहीद दिवस जिला स्काउट गाइड संघ द्वारा मनाया गया। राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी शहादत को याद किया गया और वंचितों के लिए किए गए उनके कार्यो को याद किया गया। मुंगेली नाका चौक के पास स्थित 27 खोली आवासीय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण को स्मरण किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त चंद्र प्रकाश बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1856 में सोनाखान ज़मींदारी में अकाल पड़ने पर लोगों के लिए वीर नारायण सिंह ने लिए आवाज उठाई। इस दौरान उन्होंने अपना अनाज जनता को बाँट दिया। भयावह भुखमरी का निदान न होने पर उन्होंने व्यापारियों, डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर जनता के लिए अनाज देने कहा। कोई मदद नहीं मिलने पर उन्होंने गोदामों से अनाज निकलवा कर पीड़ितों को बँटवा दिया। अंग्रेजों ने उन पर डाका डालने और हत्या का झूठा आरोप लगाकर रायपुर जेल में बंद कर दिया। कुछ माह बाद वे जेल से सुरंग बनाकर भाग निकले और 500 आदिवासियों की सेना बनाकर लड़ते रहे। अंग्रेजों द्वारा वार्ता करने बुलाए जाने पर छल से उन्हें दोबारा गिरफ़्तार किया गया।

लर्निंग लेबल में सुधार के लिए विषयवार रिपोर्ट कार्ड बनाने निर्देश

मस्तूरी बीईओ ने किया प्राथमिक व पूर्व माध्य. स्कूल का निरीक्षण

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी बीईओ आरपी सोनवानी ने एबीईओ आरपी एक्का के साथ सोमवार को संकुल केंद्र बालक सीपत के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला नरगोड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चो की शैक्षिक प्रगति के लर्निंग आउट कम विद्यार्थी विकास सूचकांक के तहत प्रारंभिक भाषाई और गणितीय कौशलों शब्द अक्षर वाक्य कहानी स्तर संक्रिया स्तर के बारे में कक्षा 3, 6 ,8 के बच्चो से कक्षा कक्ष में चर्चा जानकारी ली। बच्चो की नियमित उपस्थिति और कक्षा 3 के बच्चो का लर्निंग लेबल में सुधार हेतु प्रारंभिक स्तर से प्रत्येक बच्चो का विषयवार रिपोर्ट कार्ड बनाते हुए सुधार हेतु निर्देश दिया। दोनों संस्था के प्रधानपाठको को स्वच्छता हेतु अंशकालीन सफाई कर्मी से नियमित साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। मध्यान्ह भोजन कक्ष में मीनू के अनुसार मात्रात्मक एवम गुणात्मक मध्यान्ह भोजन वितरण पर संतोष व्यक्त किया। बच्चो को नियमित एवम व्यवस्थित रूप से क्रम से एमडीएम वितरण करने की बात कहते हुए शिक्षको का डेली डायरी पाठ्यक्रम विवरण की जांच करते हुए नियमित कालखंड संचालन का निर्देश देते हुए वरिष्ठ शिक्षक को पूर्व मा शा नरगोड़ा में प्रधान पाठक का प्रभार देने हेतु निर्देशित किया। विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार बेहतर विद्यालय संचालन के निर्देश के के अनुसार बच्चों की उपलब्धियों की सराहना किया गया।

संयुक्त संचालक कोष लेखा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा बिलासपुर में संभागीय सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें आर के पटेल संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर संभाग बिलासपुर को भी सम्मानित किया जाना प्रस्तावित था। अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं होने पर आज संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा के नेतृत्व में कोष लेखा एवं पेंशन विभाग बिलासपुर में जाकर संयुक्त संचालक आर के पटेल को उनके सफलता पूर्वक कार्य संपादन के लिए स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्वीकृति...

उप मुख्यमंत्री अरुण साव की पहल पर लोरमी के लिए 1.26 करोड़ के कार्य होंगे

छत्तीसगढ़ में सुशासन और विकास के नए आयाम: अरुण साव

■ छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत 12 कार्य मंजूर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विकास और सुशासन के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री तथा लोरमी के विधायक अरुण साव के विशेष प्रयासों से सरकार ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता वाली छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्तावों पर मुहर लगाते हुए प्रदेशभर में 253 कार्यों के लिए 18 करोड़ 23 लाख 85 हजार रुपए मंजूर किए हैं। इन कार्यों से गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलने के साथ ही स्थानीय जरूरतों की पूर्ति भी होगी। प्राधिकरण द्वारा जन आकांक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए सीसी सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, पुलिया निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण, प्रतीक्षालय शेड निर्माण, सिंचाई कूप निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, रंगमंच निर्माण तथा नाली निर्माण के साथ ही उन्नयन एवं मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इन कार्यों को ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से न केवल ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, बल्कि राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी मजबूती मिलेगी।

लोरमी के लिए 1.26 करोड़ के कार्य स्वीकृत

उप मुख्यमंत्री तथा लोरमी के विधायक अरुण साव क्षेत्र में स्वास्थ्य, सड़क और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उनकी पहल पर ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व एमसीएच की मरम्मत और उन्नयन के लिए 20 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। लालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए दस लाख रुपए और डोंगरीगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए आठ लाख रुपए भी मरम्मत और उन्नयन कार्यों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाने में सहायता मिलेगी। गांवों की भीतरी सड़क अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए भी प्राधिकरण द्वारा राशि मंजूर की गई है। सीसी रोड के निर्माण के लिए लोरमी क्षेत्र के सिलतरा (गाड़ाटोला) और डिंडौरी (चि.) में प्रत्येक में सात लाख 80 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। फुलवारी कला में सीसी रोड के लिए दस लाख 40 हजार रुपए और गुरुवाईन डबरी में 15 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

सुविचार

समझदार व्यक्ति को जीवन भर यह कहकर बेवकूफ बनाया जाता है कि तुम तो समझदार हो समझदारी से काम लो। - अज्ञात

बांग्लादेश को ममता की चेतावनी

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत सरकार ने अपने विदेश सचिव को बांग्लादेश भेजा है जो वहां इस मुद्दे पर चर्चा कर दोनों देशों के बीच बढ़ रहे तनाव को कम करने का रास्ता निकालेंगे। और वहां हो रहे हिन्दुओं के खिलाफ हमले को रोकने की मांग करेंगे। इस बीच बांग्लादेश की नेशनलिस्ट पार्टी के एक नेता ने भड़काऊ बयान दिया है कि भारत का बंगाल, बिहार और ओडिशा भी बांग्लादेश का हिस्सा है और उसे हम लेकर रहेंगे। उनके इस बयान के बाद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यदि बांग्लादेशी हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे तो हम क्या लॉली पॉप खाते रहेंगे। बांग्लादेश को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। बांग्लादेश ने हिन्दुओं पर हो रहे हमले की भी ममता बनर्जी ने कठोर शब्दों में निंदा की है और बंगाल के लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाये रखे और भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की बांग्लादेश से हो रही बातचीत के नतीजे का इंतजार करें। उन्होंने यह भी कहा है कि बांग्लादेश के मुद्दे पर केन्द्र सरकार द्वारा लिये जाने वाले हर फैसले के साथ बंगाल सरकार खड़ी रहेगी और विदेश मंत्रालय के दिशा निर्देशों का पालन करेगी। इस तरह का बयान देकर ममता बनर्जी ने एक परिपक्व राजनीतिज्ञ होने का परिचय दिया है। गौरतलब है कि बांग्लादेश के घटनाक्रम को लेकर पूरे भारत में आक्रोश फैलता जा रहा है। सबसे ज्यादा आक्रोश बंगाल में देखा जा रहा है जहां लगातार बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे है। ऐसे में लोगों से शांति बनाये रखने की अपील कर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सही किया है। वास्तव में यह दो देशों के बीच का मामला है और केन्द्र सरकार अपने स्तर पर पहल कर रही है। हालांकि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार लगातार भारत को उकसाने का प्रयास कर रही है। हिन्दुओं के खिलाफ हमले इसीलिए हो रहे है ताकि भड़क कर भारत बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्यवाही करे। भारत के लोग भी ऐसी मांग करने लगे है और बांग्लादेश के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने की मांग उठने भी लगी है किन्तु केन्द्र सरकार को सभी पहलुओं पर विचार करना होता है। यदि भारत चाहे तो बांग्लादेश को चुटकियों में मसलकर रख सकता है। बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति इस तरह है कि वह तीन ओर से भारत से घिरा हुआ है और चौथी ओर बंगाल की खाड़ी है ऐसे में यदि भारत बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्यवाही करता है तो बांग्लादेश का अस्तित्व ही मिट जायेगा। लेकिन भारत शुरू से शांति का पक्षधर रहा है। और वह युद्ध की जगह बातचीत के जरिए समस्या का समाधान करने की नीति के प्रति कटिबद्ध रहा है इसीलिए भारतीय विदेश सचिव को द्विपक्षी वार्ता के लिए बांग्लादेश भेजा गया है। उम्मीद की जा रही है कि इस बातचीत से बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर रोक लगेगी। यदि बातचीत बेनतीजा रही तो भारत बांग्लादेश के खिलाफ कड़े कदम उठाने पर विचार करेगा इसलिए बांग्लादेश की उकसाने वाली कार्यवाही को लेकर देशवासियों को संयम से काम लेना चाहिए। भारत सरकार पर भरोसा रखना चाहिए। वह उचित समय पर सही फैसला लेगी इसे लेकर ज्यादा हाय तौबा मचाना ठीक नहीं है। खासतौर पर भड़काऊ बयानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। भारत के इमामों ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे हमले की निंदा की है और उन्होंने कहा है कि हिन्दुओं और मुस्लमानों की रगों में एक ही खून बहता है इसलिए हमें मिलकर काम करना चाहिए। ताकि बांग्लादेश में स्थिति समान्य हो। बहरहाल अब देशवासियों की नजरें विदेश सचिव के बांग्लादेश दौरे पर टिकी हुई है। आशा की जानी चाहिए कि उनके दौरे का सकारात्मक परिणाम जल्द ही सामने आयेगा।

नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की तैयारी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्यवाही करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत बस्तर के नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को नेस्तनाबूत करने का अभियान तेज कर दिया है। जिसके चलते धीरे-धीरे बस्तर क्षेत्र से नक्सलियों के पांव उखड़ते जा रहे है। हाल ही में हुए मुठभेड़ों में बड़ी संख्या में इनामी नक्सली ढेर किये गये है। इससे उत्साहित होकर अब सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों पर भी अपनी नजरें गड़ा रखी है। खासतौर पर अबूझमाड़ में जहां आज तक सुरक्षाबल नहीं पहुंच पाया है। वहां भी सुरक्षाबल के जवान अपना सिकंजा कस रहे है और अबूझमाड़ का बहुत बड़ा इलाका सुरक्षाबलों के कब्जे में आ गया है। यहां बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक करने की तैयारी हो रही है। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पिछले छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नक्सलियों के लिए डेडलाइन जारी की थी। उन्होंने कहा था कि नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़ दें अन्यथा 2026 तक बस्तर को नक्सली हिंसा से मुक्त करने के लिए निर्णायक लड़ाई शुरू की जायेगी। इसी डेडलाइन को मद्देनजर रखकर सुरक्षाबलों ने बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ जो अभियान चला रखा था उसे और तेज किया जा रहा है। अबूझमाड़ में लगभग चार नक्सलियों के छिपे होने की संभावना है। उन्हें जिनके खात्में के लिए सुरक्षाबलों को बड़ा टास्क दिया गया है और पांच टीमें तैयार की गई है। ताकि अबूझमाड़ में नक्सलियों को नेस्तनाबूत किया जा सके। यदि अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिलती है तो ये एक बड़ी सफलता होगी और बस्तर से नक्सलियों का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

टीबी उन्मूलन - राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

जगत प्रकाश नड्डा
केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्साक परीक्षणों सहित नए उपकरण तेज़ी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे। भविष्य के बारे में सोचना टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्पष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्साकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है।

प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसम्बर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100-दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी-निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय-ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है।

राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।

टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण

विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को 3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवम्बर 2024 से मौजूदा 500 से दोगुना करके 1,000 प्रति माह कर दिया गया है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जनभागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्या ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षयमित्रों को प्रेरित किया है।

टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं,को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे!

हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण मौलीक्यू लर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूकलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं।

वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूसलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है।

हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्साक परीक्षणों सहित नए उपकरण तेज़ी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।

भविष्य के बारे में सोचना

टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1687 में आज ही के दिन ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (भारत) में नगर निगम बनाया था। 1845 में 11 दिसंबर के दिन ही प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध शुरू हुआ था। 1858 में आज ही के दिन बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और यदुनाथ बोस कलकत्ता यूनिवर्सिटी से आर्ट्स सब्जेक्ट के पहले स्नातक बने थे। 1937 में 11 दिसंबर के दिन ही यूरोपीय देश इटली मित्र राष्ट्र संघ से बाहर आया था। 1946 में आज ही के दिन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। 1946 में 11 दिसंबर के दिन ही यूरोपीय देश स्पेन को संयुक्त राष्ट्र से निलंबित किया गया था। 1964 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र के यूनिसेफ की स्थापना हुई थी। 1983 में 11 दिसंबर के दिन ही जनरल एच.एम. इरशाद ने खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया था। 2001 में आज ही के दिन चीन को विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश मिला था। 2003 में 11 दिसंबर के दिन ही मेरिदा में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने साइन किए थे। 2007 में आज ही के दिन उत्तर व दक्षिण कोरिया के बीच 50 वर्ष बाद रेल सेवा दोबारा शुरू हुई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रहना नहीं कभी किसी

रहना नहीं कभी किसी बीमार की तरह। आप रहना हरदम सदा बहार की तरह।। चाहत है कि हर जगह आपकी डिमांड हो। स्वयं को बना लीजिये आधार की तरह।।

- राजकुमार शर्मा

मात दे सकता सुयोधन

मात दे सकता सुयोधन को सुयोधन, अर्जुनों तेरा विजयी होना असंभव! अब फ़तह के कायदे आदिम नहीं हैं , समर कल बल छल भरा किरदार का है। हैं नहीं अब युद्ध वरदानी शरों का, रूप बदला अर्थगत हथियार का है। पंक में धंसते नही रथ शस्त्र भी अब और तुम्हारे सारथी भी नहीं माधव ।

- पंकज कुमार वसंत

ख़ास पाती | उम्र का सफ़र हो सफ़र तय नही

उम्र का सफ़र हो सफ़र तय नही जाकर भी कुछ हद तक गय नही प्रेम की धुन की फ़ीकी है हर तान सुर और ताल में अब कोई लय नही जो अब पीते है हरदम गम की मदिरा क्या खोजेंगे मयखानों में अब मय नही दूर जाते हो अपनो से इस फ़ासले तक जीत जाओ मुक़द्दर को मगर जय नही बढ़ते है कदम खुद के पीठ थपथपा कर अब गुजर जाये तूफ़ान से कश्ती भय नही **- प्रीति श्रीवास्तव**

ज़िंदगी और वक्त बहुत महंगी चीज़ें हैं

ज़िंदगी और वक्त बहुत महंगी चीज़ें हैं। इन्हें मतलबी लोगों पर बर्बाद ना करें!! उम्र बढ़ने से मुस्कुराहट नहीं रुकती 9 लेकिन मुस्कुराहट रुकने से उम्र जल्दी बढ़ जाती है !!! **- नीलोफर नीलु**

कहीं मिलता नहीं गर प्यार तो फिर

कहीं मिलता नहीं गर प्यार तो फिर क्या किया जाए दुआओं का असर बेकार तो फिर क्या किया जाए तुम्हारी जिद ने डाली है अजब सी कशमकश में जां खफ़ा है आज सारे यार तो फिर क्या किया जाए चलो तारे चुरायें कुछ चलो रूठे मनाएं कुछ अभी ख्वाबों में है संसार तो फिर क्या किया जाए मोहब्बत की कसक ऐसी रवायत भूल बैठे सब खुदी से हो गए बेजार तो फिर क्या किया जाए हटा रुख से हिजाबों को कभी तो ईद होने दे करें ना चांद का दीदार तो फिर क्या किया जाए हथेली पर मोहब्बत की हिना ने रंग डाला है जताये प्यार ना दिलदार तो फिर क्या किया जाए।

- वंदना मोदी गोयल

हर जिस्म में मैं, रूह तलाशता रह गया

हर जिस्म में मैं, रूह तलाशता रह गया, आँखों से जिस्म की, खाक छानता रह गया, हर नज़र मेरे तन के लिबाश को, तार-तार करती गई, हर नज़र बेवज़ह ही जिस्म के, हिस्से-हिस्से में उतरती गई , देखते-देखते दर्द बढने लग गया, समय सरकने लग गया, देखते-देखते रूह मासूमियत खोने लगी, जज्बात भीतर-भीतर सिमटने लगे, रूह जलने लगी, तन सुलगने लगे। **- नमन कुमार मिश्रा**

ढ़लते सूरज के साथ सूरमई लाल होता

ढ़लते सूरज के साथ सूरमई लाल होता आकाश कुछ टहलते से बादल बादलों के पार से छनती हुई रोशनी बनाती है प्रतिबिंब दिखते हो तुम बादलों के साथ गुम होता प्रतिबिंब भी तुम्हारी ही तरह हो गया गुम या, था मेरा ही कोई भ्रम कितनी कोशिशें कीं ना तुम दिखे ना प्रतिबिंब कितनी ही मिन्नतें कीं सूरज से सुनो तुम्हें भी है धरती की कसम मोहब्बत की कसम लौटा दो मुझे मेरा हमसफ़र

- डेज़ी जयसवाल

अपनी जुबां से आप मधुर बोल दीजिये

अपनी जुबां से आप मधुर बोल दीजिये। कानों में लफ्ज़ डाल शहद घोल दीजिये। रक्खा छुपा के आपने जो भाव अब तलक, है इल्तज़ा वो आप गिरह खोल दीजिये।

- हरिवल्लभ शर्मा हरी

प्रेरक प्रसंग

स्वर्ग प्राप्ति का राजमार्ग

एक दिन एक गृहस्थ ने महात्मा रामानुज से प्रश्न किया कि "महात्मन् ! क्या ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि यह संसार भी न छोड़ना पड़े और स्वर्ग भी पा लूँ।"

रामानुज हँसे और बोले- "हाँ, है ऐसा मार्ग। तुम जो कुछ कमाओ, ईमानदारी से कमाओ और जो कुछ व्यय करो-सदा दूसरों की भलाई के लिए करो।"

गृहस्थ को संदेह हुआ उसने पूछा- "मगर ऐसे कठिन मार्ग पर कौन चल सकता है ?"

रामानुज ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा- "जो नारकीय यातनाओं से बचना चाहता होगा और जिसे ईश्वर प्राप्ति की सच्ची लगन होगी।"

QUIZ TIME

1) स्कायर किलोमीटर एरिया ऑब्जर्वेटरी क्या है?
2) पुर्तगाली यात्री नूनीज, विजयनगर में किसके शासन काल में आया था?
3) कौन गुलरुखी के उपनाम से कविताएं लिखा करता था?
4) जनवरी 2024 को मलेरिया के खिलाफदुनिया का पहला नियमित टीका कार्यक्रम किस देश में शुरू किया गया था?
5) भारत की पहली महिला महावत का क्या नाम है जिन्हे पद्मश्री 2024 से सम्मानित किया गया है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) अच्युतराय (3) [illegible] (4) कैमरून (5) पारबती बरुआ

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:07, सूर्यास्तः 05:19, चन्द्रोदयः 13:26, चन्द्रास्तः 26:23, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : ?? हेमन्त,शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), *कलियुगाब्ध : 4126, *मासः मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : रेवती, योग : वरीया, प्रथम करण : तैतिल (16:54 तक), द्वितीय करण : गर (27:42 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मीन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:49 से 12:30, अमृत काल 08:59 से 10:30, सर्वार्थसिद्धि योग 07:02 से 13:30, रवि योग पूरे दिन,विजय मुहूर्त 13:52 से 14:33, गोधूलि मुहूर्त 17:15 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या 17:17 से 18:40, निशिता मुहूर्त 23:43 से 24:38, राहुकाल 12:00 से 13:30, राहुवास पश्चिम, यमगण्ड 09:36 से 10:53, दुर्मुहूर्त 09:05 से 09:46, होमाहुति शुक्र (13:30 से शनि), दिशाशूल उत्तर, अग्निवास पाताल (27:42 से पृथ्वी), चन्द्रवास उत्तर, शिववास सभा में (27:42 से क्रीड़ा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन उदासीनता से भरा रहेगा। सेहत आज भी हल्की रहने से शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी रहेगी।

वृषः आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा लाभ के कई अवसर हाथ आएंगे लेकिन आज आपका मन काम के समय कही और भटकेगा धन के साथ विपरीत लिंगीय के प्रति अधिक आसक्त रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन परिस्थिति आपके अनुकूल बनी रहेगी लेकिन आलस्य और मौज शौक की प्रवृत्ति भी रहने के कारण समय का पूर्ण लाभ नही उठा पाएंगे।

कर्कः आज आप दिन के पूर्वार्ध में ही योजनाबद्ध होकर कार्य करेंगे मध्यान तक परिश्रम का फल नही मिलने से थोड़े निराश भी होंगे।

सिंहः आज आपका स्वास्थ्य पुर्व में असंयमित भोजन अथवा दिनचार्य के कारण दिन के आरम्भ में कुछ नरम रह सकता है।

कन्याः आज आप अपने बुद्धि विवेक का प्रयोग कर लाभ कमाएंगे लेकिन सही समय की प्रतीक्षा अवश्य करें।

तुलाः आज के दिन आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा लेकिन थोड़े से परिश्रम से ही अधिक पसीना और घबराहट बनेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी सेहत तो ठीक रहेगी लेकिन नेत्र संबंधित शिकायत रह सकती है।।

धनु : आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे अंत समय मे उससे निराशा ही हाथ लगेगी।

मकरः आज आपके स्वभाव में उतावलापन रहेगा पहले स्वयं ही काम के प्रति लापरवाही करेंगे।

कुंभः आज के दिन आपके स्वभाव में आलस्य और लापरवाहि दोनो रहने के कारण आस पास के लोगो को असुविधा होगी।

मीनः आज का दिन लाभदायक तो है लेकिन विपरीत लिंगीय आकर्षण और स्वभाव की कामुकता किसी परेशानी में ना डाल दे इसका विशेष ध्यान रखें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, वैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 261 का हल

ग	ल	त				खा	म	खां
पो		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	ष्ठा
	नी	र		वि	रा	ज	मा	न
ना	च			प			य	
म	र	णा	स	न्न		पा	नी	
ची			प		पा			भो
न	ज	रा	ना		स	मा	चा	र

न्यूज गैलरी

भारतीय भाषा उत्सव आज

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती 11 दिसंबर को भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं सरस्वती शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उत्सव के दौरान भारतीय भाषा और उनमें एकात्मता विषय पर व्याख्यान होगा। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं विचारक डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना मुख्य वक्ता के तौर पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सच्चिदानंद शुक्ल करेंगे। आयोजन समिति के संयोजक मोहन पवार ने बताया कि उत्सव के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के सांस्कृतिक दलों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएगी।

निशुल्क सिंधी सामूहिक विवाह जनेऊ मुंडन संस्कार कल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ब्रम्ह स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहब जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत एवं गोदड़ीवाला धाम देवपुरी के संयुक्त तत्वाधान मे 12 फरवरी 2025 को होने वाले निशुल्क सिंधी सामूहिक विवाह जनेऊ मुंडन संस्कार की तैयारी का श्री गणेश गोदड़ीवाला धाम देवपुरी रायपुर की महंत अम्मा मीरा देवी जी के द्वारा पंजीयन फार्म का विमोचन करके किया गया जिसमे पंचायत की तरफ से अध्यक्ष हीरानंद मखीजा, सुरेश बठेजा, जयराम बठेजा, विजय बठेजा, संजय मंधान, मयूर पंजवानी, विशाल धावना, मन्नू ठकरानी, दरबार की तरफसे सेवादार हरी इसरानी, अमर गिदवानी, पवन पृथ्वानी, सतीश थोरानी, इंद्र लाल सचदेव, उपस्थित थे इस उपलक्ष्य मे बृजधाम मथुरा वृंदावन वाले परम पूज्य डा. मनमोहन कृष्ण जी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पंचायत के पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया।

सेजबहार में कथा सुनाएंगे पं. मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर एक बार फिर भक्ति में सरोबोर होने वाला है। जी हां राजधानी रायपुर में अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। माना जा रहा है कि इस बार भी पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में हर बार की तरह इस बात भी भारी भीड़ उमड़ सकती है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर में सेजबहार में 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा आयोजन होगा। इस बात की जानकारी खुद पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने कथा के दौरान दी है। उन्होंन बताया कि उन्होंने बताया कि यह कथा कमल विहार के रहने वाले एक शख्स करवा रहे हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने वाली थी। लेकिन किसी कारणवश लखनऊ की ?कथा रद्द कर दी गई, जिसके बाद कथा को रायपुर शिफ्ट कर दिया गया है।

चरगढ़ जलाशय परियोजना के लिए 4.61 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के अंतर्गत राजपुर की चरगढ़ मध्यम जलाशय परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए 4 करोड़ 61 लाख 76 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन ने परियोजना का सर्वे कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

सूने मकान से जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। पीएस सिटी चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भागीरथी राडिया 67 वर्ष पीएस सिटी चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पर हाथ साफकर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। डुमरतराई शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रवि प्रकाश ठाकुर 28 वर्ष हिमालयन हाईट राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीए 8053 को डुमरतराई शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सियासत: साय सरकार के एक साल पूरे होने पर पूर्व सीएम ने कसा तंज

रिपोर्ट कार्ड में होगी धान खरीदी और महतारी वंदन, जिसके साथ न्याय ही नहीं हुआ: भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। कहा कि 13 दिसंबर को भाजपा जनता के समक्ष अपने एक साल का रिपोर्ट कार्ड रखने जा रही है। जिसमें केवल दो ही चीज भाजपा की रिपोर्ट कार्ड में होगी। पहले 3100 सौ धान खरीदी का मूल्य देने की, जिसमें अव्यवस्थाएं हैं। दूसरा महतारी वंदन, जिसकी राशि कई महिलाओं को नहीं पहुंच रही है। नवविवाहित महिलाएं इस योजना से जुड़ नहीं पा रही है. इनका पोर्टल एक बार बंद हो जाता है तो दोबारा नहीं खुलता।

ममता बेनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंप देना चाहिए, लालू यादव के इस बयान पर भूपेश बघेल ने कहा, यह पार्टी के बड़े स्तर के लोगों की बातें है। वह सब तय करते हैं। मैं इस पर कुछ बोलने के लिए आथराइज व्यक्ति नहीं हूं। प्रदेश में हो रही धान खरीदी को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, मैं खुद किसान हूं। किसान मजदूर महंगाई से परेशान हैं। किसानों को खाद लेने, धान बेचने में भी परेशानी हो रही है। प्रदेश में पहली बार उद्योगपतियों को धरना देना पड़ा. इससे समझा जा सकता है।

निकाय, पंचायत चुनाव के आरक्षण पर भूपेश बघेल ने कहा, 50प्रतिशत आरक्षण देने की बात पोस्टर में लिखी गई है। पोस्टर में 50प्रतिशत आरक्षण के लिए सीएम का आभार है। छत्तीसगढ़ में एसटी/एससी को मिलाकर 45प्रतिशत आरक्षण है। अगर ओबीसी को 50प्रतिशत दें तो 95प्रतिशत आरक्षण हो जाएगा, सरकार बताए क्या इस तरीके से कोई अध्यादेश जारी हुआ है. हम लोगों ने जो प्रस्ताव पारित करने भेजा था वह 76प्रतिशत था, 95प्रतिशत कब सरकार ने कर दी, इसका होर्डिंग लगातार देख रहे हैं।

नेताओं के अकाल से जूझ रही कांग्रेस : भूपेन्द्र सवन्नी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने कहा है कि जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों के महापौर व अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लिया है, कांग्रेस को अपने पैरों तले अपनी राजनीतिक जमीन के पूरी तरह खिसक जाने का डर सताने लगा है। श्री सवन्नी ने कहा कि पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के बाद हाल ही रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस अब भाजपा से सीधी चुनावी लड़ाई लड़ने की स्थिति में नहीं रह गई है क्योंकि एक तो उसके पास अब नेताओं का अकाल पड़ गया है, दूसरे कांग्रेस में मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है और उसे पर तुर्रा ये की 11 माह के भाजपा के विष्णु देव साय सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी करते हुए किसानों, महिलाओं, युवा, आम नागरिक के हित, उन्नति के बड़े-बड़े फैसले ले लिए हैं। जो कांग्रेस 5 साल में भी नहीं कर सकी थी।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी श्री सवन्नी ने कहा कि पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में भी कांग्रेस को 2018 के विस चुनाव में मिली जीत के बाद भी निकाय चुनाव में जीत का जरा भी आत्मविश्वास नहीं था। अपनी सियासी फजीहत से बचने के लिए ही कांग्रेस ने पिछली बार चोर दरवाजे से महापौर और अध्यक्ष के पदों पर जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त व धमकी-चमकी के दाँव-पेंच अपनाकर छद्म जीत दर्ज की थी।

निकाय के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाने के निर्णय से कांग्रेस के अंदर भय व्याप्त: अनुराग

रायपुर/नवप्रदेश। मीडिया सह प्रभारी दाऊ अनुराग अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से स्थानीय नगरीय निकाय के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाने का निर्णय हुआ है कांग्रेस के अंदर भय व्याप्त है क्योंकि आज कांग्रेस में नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेस के जो वरिष्ठ नेता कहलाते थे चाहे वह सिंहदेव हो शिव दहरिया हो मोहम्मद अकबर हो जयसिंह अग्रवाल हो रविंद्र चौबे हो यह सब बुरी तरीके से हार चुके हैं। इनमें से कुछ ने तो 40000 से अधिक मतों से हारने का रिकॉर्ड बनाया है। कांग्रेस भाजपा से सीधे लड़ाई में बचाना चाहती है पिछले कार्यकाल में उनकी सरकार होने के बावजूद इन्होंने पिछले दरवाजे से अध्यक्ष चुनाव का रास्ता अख्तियार किया। कांग्रेस के अंदर खाने जो मनमुटाव है टिकट वितरण के समय विकराल रूप में जनता के सामने आएगा।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की मुख्यमंत्री को चुनौती एक पंचायत बताये जहां भुगतान का काऊंटर खोला हो

धान खरीदी में अव्यवस्था दूर करने कांग्रेस ने ब्लॉकों में दिया धरना

- **राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर सरकार को निर्देश देने का आग्रह किया**

रायपुर/नवप्रदेश। किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा धान खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था को दूर करने टोकन, भुगतान, तौलाई, सोसायटी में जाम की स्थिति के निराकरण करने एवं बारदाने की कमी दूर करने, एकमुश्त भुगतान की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मा. राज्यपाल से अनुरोध किया कि धान खरीदी की परेशानी दूर करने के लिये सरकार को निर्देश देवे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मोहला मानपुर जिले मानपुर के दुर्गा चौक में धरने में शामिल हुये। उन्होंने कहा हम लगातार किसानों की परेशानियों को दूर करने के लिये सरकार से आग्रह कर रहे हम लोग धान खरीदी केंद्रों में गए वहां पर किसानों को परेशान किया जा रहा। सरकार की मंशा साफ नहीं है वह किसानों से पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही। बारदानों का संकट है, टोकन नहीं मिल रहा, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ज्यादा मात्रा में धान लिया जा रहा, इन सबको लेकर हमने बार-बार सरकार को चेतावनी दिया। सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते है एकमुश्त पैसा दे रहे जबकि पूरे प्रदेश में मात्र 2300 की दर में भुगतान हो रहा। वादा किया था पंचायतों में काऊंटर खोलकर धान का 3100 रू. एकमुश्त भुगतान करेंगे। मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं प्रदेश के कितने पंचायतों में काऊंटर खोलकर किसानों का भुगतान कर रहे, बताये साहस है तो एक पंचायत का नाम बता दें। हमारे सभी ब्लॉकों से अलग-अलग मा. राज्यपाल जी को ज्ञापन भेजा है। किसानों की समस्या दूर करने के लिये हस्तक्षेप करने को कहा है। 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्रो चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रो पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है।

कांग्रेस सरकार में शुरू हुई नल जल से प्रदेश के 80 प्रतिशत घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचा: धनंजय

- **जो भाजपा नल जल योजना में कार्य नहीं होने का झूठा दुष्प्रचार किये थे वही आज फोटो लगाकर श्रेय ले रहे**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई नल जल योजना का ही परिणाम है कि आज प्रदेश के 80 प्रतिशत घरों में शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है जो भाजपा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार पर नल जल योजना में कार्य नहीं करने का आरोप लगा रहे थे आज वही भाजपा सरकार अपनी नेताओं का फोटो लगाकर झूठा श्रेय ले रहे हैं।भाजपा का एक और झूठ प्रपंच का पर्दाफाश हो गया है और जनता समझ गई है कि चुनाव को देखते हुए ही भाजपा ने जनकल्याणकारी कांग्रेस सरकार पर नल जल योजना में काम नहीं करने के संबंध में भ्रामक और झूठ प्रसारित किया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि नल जल योजना मिशन के तहत 1 साल के भीतर कितने स्थान में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए काम की शुरुआत किए हैं और उन कार्यो की क्या प्रगति है? क्योंकि नल जल योजना के तहत जो काम होते हैं उसमें पानी टंकी का निर्माण पाइपलाइन बिछाना और घर-घर तक नल पहुँचाने के कार्य करने में लगभग 1 साल से अधिक का समय लगता है ऐसे में स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार नल जल योजना पूर्ण होने का जो श्रेय ले रही है वह सरासर झूठ है और यह सारे कार्य कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू किए गए थे जो पूर्ण हुए हैं अब भाजपा को नल जल योजना के खिलाफ अपने दुष्प्रचार के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था ने किया कंबल वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर अस्पताल में केंसर विभाग में ठंड को देखते हुए समाज के लोगों द्वारा सहयोग से जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया गया श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्र एवं सहसचिव बसंत तिवाड़ी ने बताया कि आगामी ठंड को देखते हुए रायपुर शहर के हर जगह पहुंच कर कंबल वितरण करने का विचार किया गया इस कड़ी में कंबल वितरण का कार्य डॉ भीमराव अम्बेडकर अस्पताल से चालू किया गया है, कंबल वितरण करने में गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्र, सचिव नरेश शर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष प्रतिमा पुजारी, सचिव गरिमा व्यास, उषा पुजारी, युवा मंडल के अध्यक्ष गिरीश जोशी, सचिव अभिषेक शर्मा, समाज के कोषाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा,सह सचिव बसंत तिवाड़ी उपस्थित हो कर जरुरतमंदों को कंबल वितरण किया गया और रायपुर शहर के हर जगह पहुंच कर कंबल वितरण करना का एक संकल्प लिया।

डंगनिया केंद्र की बैठक में अहिल्या बाई की जीवनी पर चर्चा

- **दत्तात्रेय जयंती सप्ताह पर सुमधुर भजनों की भी प्रस्तुत**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की डंगनिया कालोनी महिला केंद्र की बैठक में मराठी संस्कृति, परंपरा और ऐतिहासिक गौरव एक साथ नजर आया। पारंपरिक परिधान में पहुंचकर जहां महिलाओं ने अपनी संस्कृति को संजोया। वहीं दत्तात्रेय जयंती पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर अपने पूर्वजों से विरासत में मिली परंपरा का निर्वहन किया। वहीं शिवभक्त देवी अहिल्या बाई होल्कर की विजय गाथा के साथ अपने ऐतिहासिक गौरव को याद किया।

बैठक में मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने वर्तमान समाज में रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शिवभक्त देवी अहिल्याबाई होल्कर समस्त नारियों के लिए बड़ी आदर्श है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, दीक्षा, लेकर कई पुरानी कुरीतियों से उन्हें निजात दिलाई। वे एक आदर्श पत्नी के साथ आदर्श मां भी थीं। वे जीवन के हर कठिन परिस्थिति से जूझने के लिए तत्पर रहती थीं। इस अवसर पर केंद्र की सदस्य ज्योति डोलन ने भगवान दत्तात्रेय पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर बैठक को भक्तिमय कर दिया। बता दें कि आगामी 14 दिसंबर को भगवान दत्तात्रेय जयंती दत्तात्रेय मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से मनाया जाएगा। इसमें ज्योति डोलस की टीम भजन की प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष गीता दलाल, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, रेणुका पुराणिक, अपर्णा देशमुख, नमिता शेष, डंगनिया केंद्र संयोजिका अनुभा जाउलकर, सह संयोजिका भावना राजिमवाले, अंजली काले, जया भावे, माधुरी इंचुलकर प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

बदलाव... आधुनिक ब्रांडिंग और विशेषज्ञों द्वारा 13 उत्पादों को बाजार में मिली नई पहचान

हर्बल उत्पादों महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

रायपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के केशोड़ार गांव में स्थित पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की महिलाएं) वन-धन विकास केंद्र से परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक की सहायता से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया है। सभी महिलाएं आर्थिक रूप से सम्पन्न हो रही हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत स्थापित यह केंद्र भुतेश्वर नाथ हर्बल एण्ड मेडिसिन स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है।इस केंद्र से 87 पीवीटीजी लाभार्थी महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो 8 स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कार्य कर रही हैं। इन केन्द्रों में महिलाओं के समूह द्वारा हर्बल औषधियों का उत्पादन किया जा रहा है। आयुष निर्देशालय (आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी) से अनुमोदित 13 हर्बल उत्पाद बनाई जा रही है, जिनमें महाविपगर्भ तेल, भृंगराज तेल, तुलसी चूर्ण, अमलाक्यादि चूर्ण, नवायस चूर्ण, कौंच चूर्ण, शतावरी चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, क्रीमिघ्न चूर्ण, प्रदारांतक चूर्ण, पुनर्नवा चूर्ण, सर्वज्वरहर चूर्ण और वैश्वानर चूर्ण है। इन उत्पादों को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बाजार में विपणन किया जाता है, जिससे इनकी पहुंच देशभर के उपभोक्ताओं तक हो रही है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी सभी पीवीटीजी महिलाएं मुक्त कंठ से प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वन मंत्री श्री केदार कश्यप को धन्यवाद देते हुए बताती हैं कि पीएम जनमन योजना से उनके जीवन में आर्थिक बदलाव आया है और वे बहुत खुश हैं।

वन विभाग द्वारा महिलाओं को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा समय-समय पर यह कार्यक्रम आयोजित की जाती है। इन प्रशिक्षणों ने महिलाओं को न केवल कौशल विकास में मदद की, बल्कि उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने और बाजार की आवश्यकताओं को समझने का अवसर भी प्रदान किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा द्वारा महिलाओं को आधुनिक मशीनें और उत्पादन उपकरण प्रदान किए गए हैं, जिससे उत्पादों का समय पर निर्माण और उच्च गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो रही है। विशेष रूप से, भृंगराज तेल को पारंपरिक तेल पाक विधि से तैयार किया जाता है, जिसमें तिल के तेल में औषधीय जड़ी-बूटियों को सात दिनों तक पकाया जाता है। यह तेल बालों की देखभाल के लिए अत्यधिक प्रभावी है, जो बालों का झड़ना रोकता है और उनकी वृद्धि करता है साथ ही बालों की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। इसके अलावा महाविषगर्भ तेल, जो पीठ और जोड़ों के दर्द के लिए उपयोगी है, केंद्र का एक और लोकप्रिय उत्पाद है।

साहित्य सृजन संस्थान की काव्य संध्या एवं कवियों का सम्मान 15 को

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्य सृजन संस्थान द्वारा 15 दिसंबर को आयोजित काव्य संध्या में रचनाकारों का काव्य पाठ एवं सम्मान का कार्यक्रम वृंदावन हॉल सिविल लाइन्स रायपुर में दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक आयोजित है। साहित्य सृजन संस्थान के इस 28 निरंतर जारी मासिक काव्य संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय अलंग पूर्व आईएस संभागायुक्त,रायपुर होंगे।इस काव्य संध्या में कोरबा, बिलासपुर, दल्ली राजहरा, बालोद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बागबाहरा, खरोरा, महासमुंद, राजधानी रायपुर से विशिष्ठ रचनाकार शामिल होकर अपना काव्य पाठ करेंगे। काव्य संध्या के मध्य में श्री एम.गुरुनाथ, (दृष्टिहीन)प्रधान पाठक, शासकीय गोकुल राम वर्मा प्राथमिक शाला रामनगर,रायपुर को साहित्य सृजन कर्मशील सम्मान के साथ श्रेष्ठ काव्य पाठ सम्मान श्रीमती रीना अधिकारी रायपुर,एवं डॉ.वेणुधर रौतिया रायपुर व श्रीमती नूरुस्सबाह ÷सब÷दुर्ग द्वय को श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा ने बताया कि साहित्य सृजन संस्थान विगत दो वर्षो से निरंतर युवा रचनाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा में निखार लाने के साथ साथ प्रोत्साहित और सम्मानित भी कर रहा है।

कचरा प्रबंधन, जल जीवन मिशन, विभागीय अनुपयोगी वाहनों की नीलामी, जैसे विभिन्न मुद्दों पर कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा पुनः सीएसआर एवं डीएमएफके तहत कराए गए विभागीय निर्माण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्रस्तुति के संबंध में कहा कि नियत तिथि तक यदि विभागों द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे तो इन कार्यों के निरस्तीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। अतः दो दिवस के अंदर विभाग प्रमाण पत्र जमा कराएं। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उपयोगी एवं अनुपयोगी चिकित्सकीय उपकरणों के रखरखाव तथा क्रियाशील उपकरणों के संबंध में जानकारी चाही। इसके अलावा कलेक्टर ने कचरा प्रबंधन के उचित निपटान के लिए नगर पालिका तथा जनपद पंचायतों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आपसी समन्वय से प्रभावी रणनीति बनाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति, एवं अपूर्ण निर्माण टंकी के संबंध में ना खुषी व्यक्त करते हुए इसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। समय सीमा के बैठक में इसके अलावा संबंधित विभागों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने के कार्यों में की गई प्रगति, युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन करने संबंधी दिशा-निर्देश, डी0एम0एफ0 मद से ग्राम पंचायतों में हाई मास्क लाइट लगाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत के तहत सभी कार्यालयों में महीने के किसी निश्चित दिन साफसफाई कर अपशिष्ट पदार्थों को डिस्पोजल करने के साथ-साथ स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किए जाने, टेकनार रोड की साफसफाई के लिए कार्ययोजना, दंतेवाड़ा जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, (महिला एवं बाल विकास विभाग), राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करने, एवं पोषण ट्रैकर पोर्टल में आधार अपडेट किये जाने, प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, जिले अंतर्गत 34 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित सोलर पॉवर प्लांट बैटरी बैंको को आवश्यकता अनुरूप चिन्हांकित कर पृथक से कंट्रोल रूम बनाने हेतु सर्वे किये जाने जैसे विभिन्न समय सीमा प्रकरणों पर कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओं श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

भाकपा मद्देड़ एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर नियाद नेल्लानार योजना की निंदा की

भोपालपटनम/नवप्रदेश। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मद्देड़ एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा है कि नियाद नेल्लानार योजना के अंतर्गत में आदिवासियों के विकास के नाम देश का ब्राह्मणी हिंदुत्ववादी फासीवाद आरएसएस बीजेपी मोदी विष्णु देव साय सरकार जगह-जगह में पुलिस कैंप थानों को खोल रही है । हमारे जनहित के लिए काम करने वाली माओवादी पार्टी को खत्म करने के मकसद से आसपास के गांवों के जंगलों में हजारों की संख्या में फोर्स ऑपरेशन के नाम से घुसकर क्रांतिकारी व जनता के ऊपर ब्राह्मणी हिंदुत्व -फासीवादी द्वारा सूरजकुंड ऑपरेशन कगार के तहत किया जा रहा हैं। भीष्म हमले और लोगों को गिरफ्तार कर मारपीट कर के फर्जी केश में जेल भेजना पुलिस को आम बात हो गई है। आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार, हत्या, करना दिनों दिन बढ़ती जा रही है, गिरफ्तार किए गए आम क्रांतिकारियों को जबरदस्ती पैसा का लालच दिखाकर वही गुप्त रूप से पुलिस मुखबिर बना कर छोड़ रहे हैं, उनके द्वारा हमारे पीएलजीए का गतिशील को जब का तब पुलिस अधिकारियों को कार्य लोगों को समाचार आधार पर हमला कर रहे हैं, कोट्टापल्ली पंचायत लोडेड गांव की निवासी यालम सुकरा 2017 से पुलिस मुखबिरी बनाकर पेरुड, वाजैड, कोमटपल्ली कैंप के थानों के टी आई (थाना प्रभारियों) लिंक में काम करती आई है। इसकी मकसद यह है कि लोकल दल कमांडर पार्टी कार्यकर्ता व जन निर्माण क्रांतिकारी जनता को निर्मूलन करना पार्टी सहयोग व्यक्तियों का विरोध करना य पुलिस कैंप, थानों में सूचना पहुंचाने की काम करती थी। इस पुलिस मुखबिरी जाल मजबूत रहने के कारण आदिवासी गरीब जनता बहुत परेशान हुए हैं। 2018 अप्रैल 18 तारीख को लोदेड गांव से हमारे पीएलजीए दल आईपेटा ओर जाने का मुखबिर सूचना आधार पर तेलंगाना ग्रहोड्स छत्तीसगढ़ का डी आर जी दल ने मिलकर लोदेड व आईपेटा जाने की पहाड़ रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे हुए तो इस मुठभेड़ में हमारे मद्देड़ एरिया के 8 जन पार्टी कार्यकर्ता शहादत को पाया। इस घटना को सफल करने में यालम सुकरा पेरूर वाजेड टी , आई पुलिस अधिकारियों को सूचना देने में मुख्य भूमिका निभाई है।

■ न्यूज गैलरी

समाज कल्याण से तीन दिव्यांगों को मिला श्रवण यंत्र

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के तीन दिव्यांगजनों को आज समाज कल्याण कार्यालय परिसर में श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि कांकेर विकाससखण्ड के ग्राम कोकपुर निवासी 65 वर्षीय भागबली साहू और उनके बड़े भाई 67 वर्षीय रामप्रसाद साहू जो दोनों श्रवण बाधित हैं, उन्हें कान की मशीन प्रदान की गई। इसी तरह कांकेर श्रीरामनगर निवासी 74 वर्षीय हजारा बेगम को भी श्रवण यंत्र प्रदाय की गई। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जोन क्षमतापुर बना चैंपियन

कोंडागांव/नवप्रदेश। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जोन क्षमतापुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक वर्ग में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया और माध्यमिक वर्ग में एरला जोन ने बाजी मारी। ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम बीजापुर विकासखण्ड माकड़ी में आयोजित की गई थी जिसमें कुल 14 जोनों ने भाग लेकर कबड्डी,खो खो,वॉलीबॉल,दौड़,लंबी कूद,ऊंचीकूद,रिले रेस, भाषण,सामान्य ज्ञान, जलेबी दौड़,चित्रकला, रंगोली, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य और गोला फेंक में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मनाया मानव अधिकार दिवस

बागोड़ार के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बच्चों ने जाना मानव अधिकार

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बागोड़ार में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया गया शिविर में श्री भास्कर मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर द्वारा बच्चों को मानव अधिकार दिवस के संबंध में जानकारी देते हु कहे कि आज हम मानव अधिकार दिवस मना रहे हैं।यह एक ऐसा दिन है जब हम अपने अधिकारों के बारे में सोचते हैं और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करते हैं।आप सभी बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। आप सभी के पास कुछ मूल अधिकार हैं, जैसे कि शिक्षा का अधिकारःहर बच्चे को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। शिक्षा प्राप्त कर आप अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं और एक बेहतर इंसान बन सकते हैं। हर बच्चे को खेलने का अधिकार है। खेल से आप स्वस्थ रहते हैं और अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करते हैं।हर बच्चे को सुरक्षित वातावरण में रहने का अधिकार है। हर बच्चे को अपनी बात कहने का अधिकार है। अगर आपको कोई समस्या है तो आप अपने बड़ों से खुलकर बात कर सकते हैं। आप सभी बराबर हैं। किसी के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। अगर आपको लगता है कि आपके अधिकारों का हनन हो रहा है तो आप अपने शिक्षक, माता-पिता या पुलिस से मदद ले सकते हैं। आप सभी को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए और दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए।

आप सभी एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आइए मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहां हर बच्चा सुरक्षित, खुश और स्वस्थ रहे। साथ ही बच्चों को न्यायपालिका, कार्यपालिका और साइबर क्राइम के संबंध में बच्चों को जानकारी दिया गया। शिविर में शास. स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बागोड़ार के समस्त अध्यापकगण एवं विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

जनदर्शन में कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग को मिला तुरंत व्हीलचेयर

कोण्डागांव/नवप्रदेश। साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में आज विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम बनियागांव से आए दिव्यांग श्री पिताम्बर पोयाम को तुरंत व्हील चेयर मिलने पर उन्हें बहुत राहत मिली है। श्री पिताम्बर ने कलेक्टर को बताया कि वे एक आकस्मिक दुर्घटना के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हो गए हैं, जिसके कारण उन्हें दैनिक कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से व्हील चेयर और दिव्यांग भत्ता दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने उनकी मांग पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही कर दिव्यांग को तत्काल जिला कार्यालय में ट्रायसिकल प्रदाय किया गया। दिव्यांग श्री पिताम्बर ने त्वरित सहायता मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब घर से बाहर आने-जाने में आसानी होगी।

शिक्षिका दुर्गा सोलंकी को प्रभा साक्षी सम्मान

अंतागढ़/नवप्रदेश। प्रभा साक्षी संस्थान ने अंतागढ़ निवासी शिक्षिका दुर्गा सोलंकी को हिन्दी सेवा सम्मान 2024 से नवाजा है। हिंदी के उत्थान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया है। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों से प्रसिद्ध हिंदी सेवा से जुड़े विशेषज्ञों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।गौरतलब है कि प्रभा साक्षी संस्थान हर वर्ष हिंदी सेवा सम्मान देश के प्रतिष्ठित लोगों को देती है। पेशे से शिक्षिका श्रीमती सोलंकी करीब 11 सालों से हिंदी शिक्षिका के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ला वि.वि.से हिंदी में मास्टर्स किया है। वे वर्तमान में अंतागढ़ ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल सरंडी में पदस्थ हैं। इनकी इस उपलब्धि पर नगरपंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास, लक्ष्मण ठाकुर एवं पार्षद शांतनु मानकर ने मुलाकात कर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

केशकाल घाटी में सड़क निर्माण के चलते वाहनों का दबाव

नगरी/नवप्रदेश। कई दिनो से केशकाल घाटी में रिपेयरिंग कार्य के चलते रूट चेंज होने के कारण रायपुर से होते हुए उड़ीसा विशाखापट्टनम एवं आंध्र प्रदेश जाने वाली माल गाड़ियां धमतरी से होकर नगरी होते हुए बोराई मार्ग पर चल रही है नगरी ब्लाक की रोड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर जगह-जगह एक से डेढ़ फीट गड्ढे हो गए हैं रोज लग रहा सड़क मे जाम वही रूट डायवर्ट के चलते रायपुर जगदलपुर मार्ग मे चलने वाले प्राय मालवाहक गाडिया नगरी बोराई होते धमतरी मार्ग मे सफर कर रहे जहा भारी तादाद मे मालवाहक अधिक चलने से बोराई सडको मे जाम की स्थिती बनी रही।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, ट्यूशन को लेकर पालकों में भारी उत्साह

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ क्षेत्र को हमेशा से अतिसंवेदनशील क्षेत्र के नाम से जाना जाता रहा है जहाँ आज भी नक्सलियों का खौफ नजर आता है।जहाँ यें पूरा क्षेत्र आदिवासी इलाका होने के साथ साथ प्रकृति के देन जंगल,पहाड़ क्षेत्र भी है जिसके कारण अंतागढ़ क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछड़ा माना जाता रहा है। लेकिन अब माहौल बदल गया है आज शिक्षा को लेकर लोग जागरूक हो रहे है। जिसका मिसाल अंतागढ़ ब्लॉक में देखने को मिल रहा है। अंतागढ़ में शानदार सामाजिक पहल शिक्षा को लेकर हुआ है। जो कई मायनो में महत्वपूर्ण है,और महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि सर्व आदिवासी समाज अंतागढ़ ब्लॉक के पदाधिकारियों ने शिक्षा को लेकर मिसाल पेश करते हुए एक शानदार शुरुआत कर दिये है।अंतागढ़ क्षेत्र के कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत बच्चों को नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं कि तैयारी अंतागढ़ के गोंडवाना भवन में करा रहे है जो पूरी तरह से निःशुल्क है। जिसका अच्छा प्रभाव देखने को मिला है और क्षेत्र के पालको में भी भारी उत्साह है जो पालक अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति अपने बच्चों के लिए हर रोज दूर दूर से लाने ले जाने का काम कर रहे है। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष संतराम सलाम, उपाध्यक्ष हिरालाल माझी और गोंडवाना समाज के अध्यक्ष संतलाल दुग्गा ने सयुंक्त रूप से बताया कि यह एक सामाजिक पहल है जो क्षेत्र के हर वर्ग के बच्चों कुछ बच्चें तो विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवार से है जो नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए फॉर्म भरे है व अन्य चयन परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। वहीं बच्चों को समाज के तरफ से पेन कॉपी सहित पुस्तके व परीक्षा के अनुरूप सारी व्यवस्था समाज के तरफ से उपलब्ध कराई जा रही है। संतराम सलाम ने जानकारी देते हुए बताया की प्रतिदिन लगभग सत्तर से अस्सी बच्चों की उपस्थिति रहती है। जिसमें बच्चों के पालक अपने बच्चों को हर दिन गोडवाना भवन में लेकर आते है,दूर दूर से पालक अपने बच्चों को बड़े उत्साह के साथ लेकर आते है जहाँ मेटाबोदेली,मंडागाँव, कानागाँव,गोंडबिनापाल, कलेपरस,मासबरस भैसासुर जैसे सुदूर से भी आते है वहीं अंतागढ़ नगर से भी कई पालक अपने बच्चों को लेकर आ रहे है।आगे संतराम सलाम ने बताया की यह कार्य क्षेत्र के पालकों के सहयोग व सहमति से समाज पहल कर रहा है,उन्होंने कहा की आदिवासी क्षेत्र में पालकों के तरफ से शिक्षा कर प्रति अपने बच्चों के लिए जो इंट्रेस्ट जागा है वह बहुत बड़ी बात है।समाज की यह पहल आगामी समय में अवश्य क्षेत्र के लिए शिक्षा को लेकर अच्छा माहौल बन सकता है। वहीं कुछ पालको से बात करने पर पता चला की इस सामाजिक पहल से पालक काफी खुश नजर आए उनका कहना था की ऐसा काम गांव में कभी नहीं हुआ है।आज समाज के पहल से आदिवासी क्षेत्र के विशेष रूप से गरीब प्रतिभावान बच्चों को इसका जरूर फायदा मिलेगा,समाज के तरफसे पूरा निःशुल्क पढ़ाई करवाई जा रही है।बच्चें भी समाज के पहल और पढ़ाई को लेकर बेहद उत्साहित है।

अंडर 14 बालक एवं अंडर 17 बालिका कबड्डी टीम डीएवी ने नेशनल स्पोर्ट्स में लहराया अपना परचम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। परचेली कटेकल्याण ब्लाक- डी ए वी सीएमसी नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली व स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारत की ओर से दिल्ली के खेल गांव में आयोजित तीन दिवसीय अंडर 14 एवं अंडर 17 खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक और बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस आयोजन में 28 राज्यों के 819 विद्यालयों के 20000 छात्रों ने भाग लिया था। इस संबंध में खेल शिक्षक श्री साकेत यादव ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ डीएवी की ओर से परचेली की टीम प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही थी। सर्वप्रथम बालक टीम पहले ओडिशा, गुजरात महाराष्ट्र, हरियाणा को हराया फिर फाइनल में उनका सामना झारखण्ड के साथ हुआ। इस मुकाबले में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचेली ने फाइनल में झारखंड को हराकर बालक टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया। इस अंडर 14 बालक टीम में जग्गू मीडियमी, रग्गू मंडावी, मोनू मरकाम, राकेश मरकाम, रितेश, रोशन मंडावी, राकेश मंडावी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

इसी कड़ी में शिक्षिका श्रीमती महक नाग के साथ अंडर 17 बालिका टीम ने नेशनल गेम्स में तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रकार बालिकाओं के टीम में संजना कवासी, कोमल नाग, जोगी पदम, साधना, रीता कश्यप, शीबा मौर्या ने भी सराहनीय खेल दिखाया।

प्रथम पेज का शेष

10 करोड़ की अघोषित...

बाद 11 जनवरी 2022 को जीपी सिंह को नोएडा से गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उन्हें मई 2022 में जमानत मिल गई. सर्विस रिव्यू कमेटी की सिफारिश पर 21 जुलाई 2023 को आईपीएस जीपी सिंह को भारत सरकार ने कंपलसरी रिटायर कर दिया था, तब जीपी सिंह की सेवा के 8 साल बचे थे।

14 दिसंबर को दिल्ली कूच ...

उन्हें चक्कर आते रहते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक डल्लेवाल के लिवर फंक्शन टेस्ट खराब आ रहे हैं।

दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं

पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली कूच करने गए जत्थे में शामिल किसान नेता सुरजीत सिंह फूल को घायल किया गया। वहीं रविवार को रेस्क्यू टीम में शामिल किसान नेता दिलबाग सिंह को घायल किया गया। दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं है और उन्हें इमरजेंसी में शिफ्ट किया जा रहा है।

किसान आंदोलन पर पंजाब में राजनीति भी तेज हो गई है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि किसान बस यही मांग रहे हैं कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी दी जाए। लेकिन केंद्र का व्यवहार ठीक नहीं है। किसानों पर लाठीचार्ज हो रहा है और उन्हें दिल्ली नहीं जाने दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने भी एमएसपी पर कानूनी गारंटी का मामला उठाया है। अगर हमें मौका मिला तो हम संसद में शून्यकाल या प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाएंगे। कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां कॉरपोरेट समर्थक और किसान विरोधी हैं। ।

जेपी नड्डा 13 को मंत्रिमंडल विस्तार...

को नए सिरे से विकसित किया गया है, जिसका लोकार्पण नड्डा करेंग। चूंकि नड्डा ठाकरे परिसर में भी कुछ समय व्यतीत करेंगे, लिहाजा भाजपा संगठन की प्रदेश इकाई के कामकाज और राज्य सरकार के कार्यों की जानकारी भी ले सकते हैं।

भाजपा की इस बैठक को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि राज्य शासन में मंत्रियों के दो पद रिक्त हैं। किंतु मंत्री पद को लेकर उत्साहित भाजपा विधायकों का कहना है कि 11 दिसंबर की बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार और निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड में नियुक्ति का निर्णय हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में मुहर भी लग सकती है, क्योंकि 16 दिसंबर से विधानसभा का सत्र है और दिसंबर के अंतिम सप्ताह में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज...

में सतनामी समाज के संवैधानिक आंदोलन के दौरान हुई आगजनी को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने इन मामलों में सीबीआई जांच की मांग की है। चंद्रशेखर आजाद का आरोप है कि गिरौदपुरी धाम, जो सतनामी समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है, उसपर हमला किया गया और बलौदाबाजार आंदोलन के दौरान सतनामी समाज को निशाना बनाया गया. इन घटनाओं पर उन्होंने संसद में सवाल उठाने की कोशिश की थी, लेकिन मौका न मिलने पर उन्होंने संसद भवन के बाहर धरने का फैसला किया।

दिग्गज राजनेता एस एम ...

वृद्धि एवं विकास के युग की शुरुआत के लिए याद किया जाता है। उनके नेतृत्व के दौरान बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में उभरा, जिसने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के केंद्र के रूप में वैश्विक पहचान प्राप्त की।

सीएम साय आज पखांजूर में ...

और पाण्डरगांव से कोसरोण्डा 3 किमी सीमेंट कांक्रीट निर्माण कार्य हेतु 353.39 लाख रूपए का भूमिपूजन शामिल है।

इसी प्रकार जिले में 38.74 करोड़ रूपए की लागत के 25 विकास कार्यों का लोकार्पण साय द्वारा किया जाएगा। इनमें विधानसभा क्षेत्र कांकेर अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड के अभनपुर-मालगांव मार्ग के 1/6 किमी महानदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 933 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सरोना के महारपारा और धनकरपारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6-6 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बिहावापारा में आत्मा घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य हेतु 12 लाख रूपए, ग्राम मालगांव में शीतला मंदिर से मुक्ति धाम तक 400 मीटर सीसी निर्माण कार्य हेतु 17 लाख रूपए, चोरिया में पीडीएस गोदाम से स्कूल तक 200 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 08 लाख रूपए का लोकार्पण कार्य शामिल है।

4 किमी सड़क निर्माण ...

स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण लंबाई 50 किमी. हेतु 13677 लाख रूपए, दुर्गूकोंदल अंतर्गत बरहेली में औषधालय भवन निर्माण कार्य हेतु 16.36 लाख रूपए और तरहूल में औषधालय भवन निर्माण कार्य हेतु 16.36 लाख रूपए, महतारी सदन निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण अंतर्गत ग्राम टेमरूपानी में 29.20 लाख रूपए, ग्राम बोन्दानार में 29.20 लाख रूपए, आमाबेड़ा हेतु 29.20 लाख रूपए तथा कोयलीबड़ा हेतु 29.20 लाख रूपए का भूमिपूजन किया जाएगा। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा अंतर्गत परलकोट मध्यम जलाशय के पी.व्ही. 56 माईनर नहर लाईनिंग मरम्मत कार्य हेतु 294.17 लाख रूपए, लघु जलाशय पी.व्ही. 76-78 की नहरों का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य हेतु 297.79 लाख रूपए, अनुविभागीय कार्यालय अंतागढ़ का जीर्णोद्धार कार्य हेतु 66.82 लाख रूपए, सिविल अस्पताल पखांजूर में हमर लैब का निर्माण कार्य हेतु 25 लाख रूपए और ब्लड बैंक का निर्माण कार्य हेतु 30 लाख रूपए का विकास कार्य शामिल है। इसके अलावा नगर पंचायत पखांजूर में स्वीकृत विभिन्न 36 निर्माण कार्य हेतु 142.86 लाख रूपए, अटल परिसर निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रूपए, विभिन्न 23 निर्माण कार्य हेतु 119.36 लाख रूपए और इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय भवन पखांजूर एवं बालक-बालिका छात्रावास भवन निर्माण के लिए 1491.63 लाख रूपए का भूमिपूजन कार्य मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

राज्यपाल रमेन डेका ने शहीद के परिजनों को किया सम्मानित

कांकेर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राजभवन सभागार में राज्यपाल श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के शहीद सिपाही गणेशराम की माता श्रीमती जागेश्वरी, शहीद सूबेदार मेजर हरीराम की पत्नी श्रीमती कुंती तारम और शहीद नायक मोतीराम की पत्नी श्रीमती पद्मावती आंचले को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा व्ही.एस.एम. (से.नि.) द्वारा जिले की वीर माता और वीर नारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के बिना लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव नहीं है: लक्ष्मण राव मगर

चाहे कोई भी समस्या हो हर समस्या का समाधान मगर के पास होता था, अब सेवा निवृत्ति के बाद उनकी कमी खलेगी

नगरी/नवप्रदेश। सिंगपुर,मगरलोड में नेवता भोज एवम सेवा निवृत्त सहायक संचालक लक्ष्मण राव मगर का सम्मान समारोह एक साथ सम्पन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर.जगदल्ले ,एस. एम.डी.सी.के सदस्य ,पालक ,सिंगपुर संकुल के शिक्षक एवम बच्चों की उपस्थिति में यह गरिमामय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सिंगपुर के शिक्षकों की ओर से गोविंद नेताम एवं रामभुवन मारकोले ने लक्ष्मण राव मगर की शिक्षकीय एवम प्रशासनिक यात्रा पर उद्बोधन देते हुए कहा कि मगर जी ने अपने कार्यकाल में शिक्षकीय एवम प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन भली भांति किया है। सिंगपुर विद्यालय को हमेशा उनका साथ एवम मार्गदर्शन मिला।वे सही मायने में शिक्षकों के हितैषी थे। मगरलोड में बी ई ओ के पद पर रहते हुए उन्होंने शिक्षकों की सारी समस्याओं का समाधान संकुलों में शिविर लगाकर किया। सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति के साथ साथ शिक्षकों के सारे स्वत्वों का भुगतान

नियमतः कराने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर.जगदल्ले ने अपने पुराने साथी ,सहकर्मी मगर जी को जुझारू एवम समाधान करने वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व की खास पहचान है कि वे किसी भी कार्य को लक्ष्य तक पहुंचाकर ही दम लेते थे। चाहे कोई भी समस्या क्यों न हो हर समस्या का समाधान मगर के पास होता था। अब उनकी सेवा निवृत्ति के बाद उनकी कमी रहेगी। उन्होंने मगर जी के सुखद भविष्य की कामना करते हुये भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की जिसे मगर जी ने सहजता से स्वीकार किया। शिक्षक एवम पालकों की गरिमामय उपस्थिति के बीच जिला शिक्षा अधिकारी ने नेवता भोज की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को नेवता भोज के बहाने स्कूल से जुड़ने का निवेदन किया।एस एम डी के अध्यक्ष धनन्जय साहू ने शिक्षा के प्रति मगर के समर्पण एवम त्याग के बारे में बताया कि वे गरीब बच्चों के मसीहा रहे हैं। उनके सहयोग से जिले के कई गरीब बच्चे आज ऊंची शिक्षा हासिल कर शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। उन्होंने हमेशा गरीब और शिक्षा से वंचित बच्चों की मदद की है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर बच्चों को मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित करते हुए कक्षा 10 वीं एवम 12 वीं के बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु संकल्प का वाचन कराया। भव्य कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करने वाले मगर जी ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने अड़तीस साल तक शिक्षा विभाग में सेवा दी है जिसमें उनकी पत्नी संगीता मगर का परम योगदान रहा है। बच्चों को मैंने सदैव देव तुल्य मानते हुए शिक्षकों को बच्चों के हित में कार्य करने हेतु जीवन भर आह्वान किया है। पूरे सेवा काल में उन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन जवाबदारी से किया है। उन्होंने भविष्य में भी सहयोग देने का वादा किया। मगर दम्पत्ति ने इस अवसर पर सिंगपुर सेजेस में नेवता भोज कराने की घोषणा की। इस नेवता भोज की खासियत यह रही कि इसमें एक भी प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। स्कूली बच्चों ने अपने अपने घरों से ही पत्तों से निर्मित दोना पत्तल की व्यवस्था की थी जिसका निपटान कर बागवानी में उपयोग किया जाएगा। इस गरिमामय भव्य संयुक्त कार्यक्रम में एस एम सी सदस्यों में से अध्यक्ष धनन्जय साहू,अयूब खान रिज़वी,राधेलाल सिन्हा,इशहाक खान, हरिलाल मरकाम,इकरामुद्दीन रिज़वी,डॉ हेमंत साहू, केशव साहू,हेमलाल साहू,सुनीता ध्रुव, डी पी बागड़े,दुर्योधन मरकाम,विष्णु निर्मलकर,प्रीतम यादव एवम दीप्ति ग्वाल तथा विद्यालय एवम सिंगपुर के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण कौशल एवम रामकृष्ण साहू ने किया।इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में चंदन का पौधा लगाया गया।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान और उपचार अभियान का शुभारंभ सिविल अस्पताल नगरी से किया गया

नगरी/नवप्रदेश। शासन की महत्वपूर्ण कार्यक्रम निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान और उपचार अभियान का विकासखण्ड स्तरीय शुभारंभ सिविल अस्पताल नगरी से किया गया। प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा के मुख्य अतिथीय में सम्पन्न हुआ। इस दरम्यान कार्यकम की अध्यक्षता कर रहै डॉ अरुण कुमार नेताम बी एम ओ नगरी ने बताया कि यह 100 दिवसीय अभियान है , जो कि दिनाक 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलेगा द्य यह अभियान चार अलग चरणों मे सम्पन्न होगा , अभियान में टीबी , कुष्ठ के सनकास्पद मरीजो सघन पहचान , जांच उपचार हीग साथ ही 60 वर्ष से अधिक व्योवृद्धजनो के स्वास्थ्य का परीक्षण व सर्वे करते हुए उनके विशेष आवश्यकताओं के आकलन करते हुए उन्हें सूचिबद्ध किया जाएगा द्य जिसके आधार पर ही विभिन स्तर पर हेल्थ कैम्प आयोजित होगी , लोगो को जागरूक भी किया जाएगा द्य कार्यकम का संचालन कर रहे श्री हितेन्द्र कुमार साहू बी पी एम नगरी ने बताया की इस हेतु माइक्रोप्लान बनाकर व्यापक तैयारिया की गई है जिसमे , मितानिन , स्वास्थ्य कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है कही कही पर वालेंटियर्स की भी ड्यूटी लगाई गई है द्य कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत नगरी के सम्मानीय नागरिक तथा वरिष्ठ भाजपा सदस्य श्री नागेंद्र शुक्ला और श्री कमल डागा जी के द्वारा कहा गया कि सभी जनमानस इस अवसर का लाभ उठाएं और सर्वे के दरम्यान सर्वे दलों को अपने स्वास्थ्य से सबंधित सही जानकारी दे कार्यक्रम के अंत मुख्य अतिथि के द्वारा अभियान की सफलता की कामना की गई और पूरे स्वास्थ्य विभाग के टीम को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सेवाओ के लिए धन्यवाद भी दिया गया द्य इसी दरम्यान 02 वयोवृद्ध जनों को ग्लूकोमीटर का निशुल्क वितरण तथा चार 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्योवृद्धजनो को आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण भी किया गया।

भाजपा बड़ी-बड़ी बात कहकर पाई सत्ता, उन्हें नहीं हैं कर्मचारियों, किसानों की चिंता : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा

जिला मुख्यालय में चल रहें छत्तीसगढ़ नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थल में पहुंचे। जहां उन्होंने नगरी निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। ज्ञात हो कि महासंघ नगरी निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों का ठेका प्रथा समाप्त किए जाने, निकाय में 5 से 10 वर्ष के बीच कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने तथा अन्य विभागों की तर्ज पर 4000 प्रतिभा श्रम सम्मान राशि प्रदान किए जाने की मांग को लेकर हड़ताल किया हुआ हैं। साथ ही साथ बेमेतरा नगर पालिका परिषद बेमेतरा में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को मई 2022 से जुलाई 2023 तक का लंबित ईपीएफ तथा ईएसआईसी की राशि का भुगतान प्रतिमाह वेतन के साथ किया जाना भी कर्मचारियों द्वारा मांगा जा रहा हैं, जिसका समर्थन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया हैं। स्थल पर पहुंचकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकार जो बड़ी बड़ी बात कहकर सत्ता में आई हैं आज 1 वर्ष गुजर जाने के बाद भी कर्मचारी तथा किसान हित में कोई भी कदम नहीं उठा रही हैं। लोगों ने जिस उम्मीद के साथ इन्हें सत्ता की बागडोर सौंप थी, वह अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। भाजपा की यह सरकार केवल अपने जेब भरने का कार्य कर रही हैं।

देश में 35 वर्षों से संस्थान कार्य कर रहा है तथा देश भर में एक लाख से अधिक विद्यालय

एकल अभियान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा तथा समर्पण भाव से किए जा रहे कार्य : सीएम विष्णु देव साय

- मुख्यमंत्री ने खेल मैदान गायत्री विद्यापीठ स्कूल में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब संभाग स्तरीय खेलकूद के समापन समारोह में की शिरकत

राजनांदगांव/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज खेल मैदान गायत्री विद्यापीठ स्कूल राजनांदगांव में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब संभाग स्तरीय खेलकूद के समापन समारोह में शिरकत की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गायत्री विद्यापीठ स्कूल के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे स्कूली बच्चों, विजेता प्रतिभागियों एवं एकल अभियान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में एक पक्ष जीतता है, तो दूसरा पक्ष हारता नहीं है, बल्कि दूसरे पायदान पर आ जाता है। उन्होंने सभी खिलाडि़यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की यह प्रेरणा कि ऐसे बच्चे जो विद्यालय जाने में असमर्थ हैं, तो विद्यालय को वहां पहुंचना होगा कि भावना के साथ संस्थान द्वारा कार्य

डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में 15 वर्षों में प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में 15 वर्षों में प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास किया है। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंदों को 2 रूपए में चावल एवं निःशुल्क नमक देने का कार्य किया। वे चऊरवाले बाबा के नाम से विख्यात रहे। शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। उनके कार्यकाल में आईआईटी, आईआईएम एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठित संस्थान प्रदेश में स्थापित हुए। जब छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ तो यहां 1 शासकीय मेडिकल कालेज था, लेकिन अब प्रदेश में 10 शासकीय तथा कई मेडिकल कालेज हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से हमारा देश खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और ओलंपिक में हमारे देश के खिलाडि़यों ने पदक प्राप्त किए है। वही पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया था, जिसे आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला कि बिलासपुर में एक रिक्शा चालक की बिटिया पर्वतारोहण के लिए अफ्रीका के किलीमंजारो जाना चाहती है, उसे तत्काल पौने चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता देकर समस्या का समाधान किया गया।

किया जा रहा है। आदिवासी बच्चों को ग्रामीण क्षेत्रों में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से बहुत लाभ मिल रहा है। देश में 35 वर्षों से यह संस्थान कार्य कर रहा है तथा देश भर में एक लाख से अधिक विद्यालय गांव में चल रहे हैं तथा छत्तीसगढ़ में लगभग 4500 विद्यालय संचालित हैं। संस्थान द्वारा सेवाभावी तथा समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि 13 दिसम्बर को शासन के एक वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। शासन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पूरा करने तथा सुशासन स्थापित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। एक वर्ष में मोदी की गारंटी से जनादेश मिला है, उसे पूरा करने के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। लगभग 14 लाख किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस 3716 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, तेंदूपत्ता बोनस एवं विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है।

नाखून कटा कर शहीद का दर्जा प्राप्त करना चाह रही भाजपा

भाजपा मात्र नाखून कटाकर चाह रही शहीद का दर्जा प्राप्त करना : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा का नगर पंचायत भिभौरी में आगमन हुआ। जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में ग्राम पंचायत भिभौरी को नगर पंचायत, तहसील कार्यालय, नवीन महाविद्यालय जैसे विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली थी, जिसे आज भाजपा के द्वारा अपनी उपलब्धि बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा हैं। आम जनता अच्छी तरीके से समझ चुकी हैं कि यह भाजपा सरकार जनता के हित के लिए कुछ भी करने वाली नहीं हैं। मात्र नाखून कटा कर शहीद का दर्जा प्राप्त करना चाह रही हैं। भिभौरी में पहली बार जनता नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव करने जा रही हैं, साथ ही साथ वार्ड के पार्षदों का भी चुनाव किया जाएगा, जिसको ध्यान में रखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तैयारी में लग जाने के लिए उत्साहित करने हेतु पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने एक बैठक ली। जिसमें उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आम जनता तक कांग्रेस की रीति नीति से परिचय कराने तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के निष्क्रियता को आम जनता के समक्ष उजागर करने हेतु कहा। पूर्व विधायक ने प्रदेश में चल रही धान खरीदी की व्यवस्था में भारी अराजकता तथा किसान्नपरगनिहा, टिकेंद्र परगनिहा, राजेश वर्मा, धनराज बंजारे, चेतन बंजारे, एमडी धीवर, कुंजलाल साहू, राजेंद्र वर्मा, शोभाराम साहू, किशोर दुबे, मोनल सिन्हा, अर्पित परगनिहा, राजकुमार सेन, गोविंदा राजपूत, निलेश वर्मा, राजेश गगन परगनिहा, बसीर खान, रूपेंद्र नेवल, कृष्ण चतुर्वेदी, अनिल सेन, जितेंद्र जोशी, सालिक बंछोर, प्रकाश यादव, गुड्डू सेन, प्रवीण शर्मा, गजानन जोशी, मंतराम धीवर, सलीम खान, विक्की साहू, राम गोपाल धीवर, मनहरण लाल पाटिल, उत्कल धीवर, प्रकाश कुमार यादव, रामचंद्र साहू, तुलाराम साहू, दिलीप यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

उभयलिंगी व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में धारा का दुरूपयोग न हो

उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों अधिनियम संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के मीटिंग हाल में 7 दिसंबर को जीवन रेखा फाण्डेशन/संघर्ष एक जीवन समिति दुर्ग से अध्यक्ष कंचन सेंन्द्रे, जीवन रेखा फाउंडेशन के परियोजना संचालक प्रतीक पाठक, परियोजना प्रबंधक विकास मेश्राम के द्वारा उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सामाजिक बहिष्कार से लेकर भेदभाव, शिक्षा सुविधाओं की कमी, बेरोजगारी, चिकित्सा सुविधाओं की कमी जैसे समस्याओं का सामना करना पडता हैं। ट्रांसजेन्डर व्यक्ति के समाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सशक्तिकरण के लिए कार्य प्रणाली उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया। जिससे समग्रता को बढावा मिलेगा और ट्रांसजेंडर व्यक्ति समाज के उपयोगी सदस्य बन जायेंगे। ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम के संबंध में चर्चा करते हुए विधेयक 2019 एक प्रगतिशील विधेयक हैं। क्योकि यह ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि उभयलिंगी व्यक्ति समुदाय को महिला/पुरूष वर्ग के समान ही समस्त संवैधानिक मौलिक अधिकार प्राप्त हैं एवं उनके अधिकारों को संरक्षित रखना आवश्यक हैं। उभयलिंगी व्यक्ति का सदस्य प्रार्थी अथवा आरोपी किसी भी रूप में थाना में आये तो उनके साथ किसी प्रकार को भेदभाव न रखा जावे एवं उन्हें समाज का एक अभिन्न अंग मानते हुये सादर व्यवहार किया जावे। उभयलिंगी व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में धारा का दुरूपयोग न हो, यह सुनिश्चित किया जावे।

कलेक्टर ऑफिस में अधिकारी मजे में, पब्लिक जमीन पर!

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़) / नवप्रदेश। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर ऑफिस का एक दृश्य ऐसा है, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। अधिकारी और कर्मचारी आरामदायक कुर्सियों पर बैठे रहते हैं, जबकि जनता, अपनी समस्याओं और गुहार लेकर, जमीन पर बैठने को मजबूर होती है। सुबह से लंबी कतारों में खड़ी जनता उम्मीद लेकर आती है कि उनकी बात सुनी जाएगी, लेकिन हालात ऐसे हैं कि उन्हें घंटों जमीन पर इंतजार करना पड़ता है।

संस्कार स्कूल में स्काउट गाइड प्रशिक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश । भारत स्काउट गाइड टीम के राज्यपाल पुरुस्कृत मास्टर ट्रेनर सु पुष्पांजलि तिवारी, सौरभ वास्तव के द्वारा एक दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का आयोजन संस्कार पब्लिक स्कूल कवर्धा में किया गया जिसमे स्कूल मे गठित स्काउट व गाइड के 84 छात्र छात्राओं ने प्रशिक्षण मे भाग लिया दल नायक मास्टर विशाल वैष्णव ने मास्टर ट्रेनर का स्वागत कर सरस्वती वंदना के साथ प्रशिक्षण प्रारम्भ किया इस प्रशिक्षण मे सु पुष्पांजलि तिवारी जी द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया विभिन्न सेवा के

क्षेत्र जैसे स्वस्थ, शिक्षा, वृक्षारोपण, बाढ़ पीड़ितों की सेवा मे स्काउट एवं गाइड के स्वयं सेवक किस प्रकार से निस्वार्थ भाव के साथ सेवा देते आ रहे है। मास्टर ट्रेनर सौरभ शर्मा ने बच्चों को ड्रेस कोड व स्काउट नियामावली को वरिस्तृत जानकारी प्रदान किया ।

प्लेसमेंट कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का चौथा दिन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय अनिश्चित कालीन हड़ताल का आज चौथा दिवस हैं। जिसमें संघ की प्रमुख मांगों में प्लेसमेंट कर्मचारियों ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को निकाय कर्मचारी का दर्ज दिया जाए, निकाय में विगत 5 वर्ष से अधिक कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए, शासन की घोषणा अनुसार अन्य विभागों के तर्ज पर 4000 प्रतिमाह श्रम सम्मान राशि प्रदान किया जाए, नगर पालिका परिषद बेमेतरा मे मई 2022 से जुलाई 2023 तक का लंबित EPF एवं ईएसआईसी राशि भुगतान किया जाए, नियमित वेतन भुगतान दिया जाए। शासन द्वारा मांगों को गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंघ द्वारा निश्चित कारण हड़ताल करने का निर्णय लिया गया हैं कि नगरीय निकाय के समस्त मूलभूत सुविधा जैसे सफाई कार्य, जल कार्य, विद्युत कार्य, कार्यालय कार्य, लोक सेवा कार्य सब बंद रहेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के मनोबल तोड़ने हेतु कोशिश की जा रही हैं, किंतु प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा दृढ़ निश्चय किया गया हैं कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हम हड़ताल स्थान से नहीं हटेंगे और न ही कम पर जायेंगे। लंबे समय से निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को शासन स्तर पर रखा जा रहा है, किंतु जनता की मूलभूत सुविधा का ध्यान रखने वाले कर्मचारियों के हक एवं लाभ से इन्हें वंचित किया जाता हैं। समय से अधिक कार्य एवं अल्प वेतन के कारण कर्मचारी अपनी आजीविका चला पाने में असमर्थ हैं, जिसकी दुहाई लेकर ये अधिकारियों से गुहार लगाई जाती है किंतु इसकी भी सुनवाई नहीं की जाती, जिस कारण यह कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर है।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंज जल संसाधन संभाग, बिलासपुर जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम-आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 17 एवं 18/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 06/12/2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 27.12.2024 17:30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

(1) कार्य का नाम - भरारी व्यपवर्तन योजना के मुख्य नगर के आर.डी. 2310 मी. , 3960मी., 5730 मी. एवं 8340 मी. में स्क्रेप निर्माण कार्य एवं 2400 मी. से 12000 मी. तक नहर तल में जमी मिट्टी को निकालने का कार्य।
निविदा सिस्टम क्र. 162353, अनुमानित लागत- रु. 101.05 लाख
(2) कार्य का नाम - खारंग जलाशय योजना अंतर्गत पाराघाट माईनर नहर के आर.डी. 765 मी. से 1315 मी. तक आर.सी.सी. बैरल का निर्माण कार्य।
निविदा सिस्टम क्र. 162354, अनुमानित लागत- रु. 153.94 लाख
(निविदा की अनुमानित लागत लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstaste.gov.in पर दिनांक **13.12.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट :- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गए Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-242504460/7

टोकन को लेकर हलाकान | किसानों ने पूर्व विधायक छाबड़ा से कि शिकायत धान खरीदी केंद्र में धान गीला है कहकर लौटाया जा रहा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया देवरबीजा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र देवरबीजा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया ज्ञात होगी अपने पूर्व कार्यकाल में भी इसी तरह धान खरीदी के समय पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा अपने विधायकी कार्यकाल में भी किसानों को समस्या ना हो इसे दृष्टिगत रखते हुए निरंतर धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जाता रहा हैं। आज भी उसी सक्रियता के साथ पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा किसानों की समस्याओं को लेकर एक संजीदे जनप्रतिनिधि के नाते अपने विधानसभा क्षेत्र में आम जनता तथा किसानों

के हितों को ध्यान में रखकर निरंतर धान खरीदी केंद्रों एवं शासकीय कार्यालय में निरीक्षण कर रहे हैं। जहां से उन्हें शिकायत प्राप्त होती हैं अथवा जनता के द्वारा मांग की जा रही हैं। इस दौरान निरीक्षण में किसानों ने पूर्व विधायक छाबड़ा को बताया कि धान खरीदी केंद्र में धान गीला है कहकर किसानों को लौटाया जा रहा हैं, उनके धान नहीं खरीदी किये जा रहे हैं। इसी तरह भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से एक मुफ्त राशि किसानों के खातों में दी जाएगी, जबकि धान बेचने वाले किसान बता रहे हैं कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर 2320 रुपए ही धान के प्रति क्विंटल के हिसाब से उनके खातों में राशि भेजी गई हैं। इस तरह भाजपा सरकार 3100 में धान खरीदने का ढोंग कर रही हैं तथा किसानों को एक मुफ्त 3100 रुपए राशि देने का छलावा कर रही हैं। वहीं किसानों ने पूर्व विधायक को बताया कि धान खरीदी केदो में तौल में भी बहुत अंतर हैं, कहीं प्रति बोर 40 क्विंटल 700 ग्राम धान की तौले की जा रही हैं, तो कहीं 41 क्विंटल 200 ग्राम धान की तौले की जा रही हैं। इस तरह किसानों के गाड़ी कमाई में भाजपा सरकार डडी मार रही हैं। पूर्व विधायक ने धान खरीदी केंद्रों में भारी अवस्था को भी देखा। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में राइस मिलोंरो द्वारा धान का उठाव नहीं किया जा रहा हैं, लगभग सभी धान खरीदी केंद्रों में पूर्व में बटे हुए टोकनों के आधार पर ही मात्र खरीदी की जा रही हैं। किसानों को नए टोकन नहीं दिए जा रहे हैं किसान टोकन के नाम से परेशान हो रहे हैं, वही राइस मिलर पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा दिए जा रहे मीलिग चार्ज को घटाने से नाराज हैं। आज बढ़ती हुई महंगाई में भाजपा सरकार के द्वारा सिर्फऔर सिर्फअपने घरों को भरने का काम किया जा रहा हैं, आम जनता तथा किसानों से इन्हें कहीं कोई सरोकार नहीं है ना ही भाजपा के जन प्रतिनिधि किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं।

नए वार्डों में अब तक नहीं थी सुविधा,सफाई शुरु होने से वार्डों में रहेगी स्वच्छता

एक जनवरी से शहर के सभी वार्डों में होगी मैकेनाइज्ड और मैन्युअल सफाई

■ नए साल में नए वार्डों को सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम सीमा में जुड़े नए क्षेत्रों की सड़कें और गलियां भी अब साफ-सूथरी नजर आएगी। अब तक नगर निगम के पुराने क्षेत्रों में साफ-सफाई का काम संभालने वाली लायंस सर्विसेस कंपनी नए जुड़े वार्डों में भी मैकेनाइज्ड और मैन्युअल सफाई शुरु करने जा रही है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद नगर पालिक निगम द्वारा नए साल में जनवरी से नए क्षेत्रों में सफाई शुरु कराने की तैयारी की जा रही है। इस संदर्भ में लांयस सर्विसेस को नए सफाईकर्मियों और अन्य मैन पावर की भर्ती तथा मशीनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक नगर पालिक निगम के पुराने क्षेत्रों में छःसाल से मुख्य मार्गों,चौक चौराहे और मुहल्ले की सड़कें मशीनीकृत और मैन्युअल सफाई से साफ-सूथरी और चमकती हुई दिखाई देती थी। लेकिन नए जुड़े क्षेत्रों में अपेक्षाकृत सफाई वैसी नहीं हो पा रही थी जैसे पुराने क्षेत्रों में व्यवस्था थी। जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के प्रयास से नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नए क्षेत्रों की भी सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। गौरतलब है की शहर में सितंबर 2018 से मैकेनाइज्ड और मैन्युअल स्विपिंग की शुरुआत की गई थी,जो दिन और रात दोनों समय में संचालित किया जाता है।सफाई का जिम्मा लायंस सर्विसेस संभाल रही है। निगम सीमा में 15 ग्राम पंचायत,2 नगर पंचायत और 1 नगर पालिका को शामिल किया गया था। परिसीमन के बाद नगर निगम के कुल 70 वार्ड बनाए गए थे। नए क्षेत्रों में व्यवस्थित सफाई के लिए पूरे क्षेत्र के लिए 449 नए आवासीय बीट,45 व्यावसायिक बीट निर्धारित किए गए है,जिसके जरिए सफाई कार्य किए जाएंगे,इसके अलावा सभी मुख्य मार्गों जिसमें हाइवे भी शामिल है।

शहर विकास में कमी नहीं होगी: तोखन साहू

केंद्रीय आवासन एवं शहरी राज्य मंत्री और सांसद श्री तोखन साहू ने कहा की बिलासपुर शहर की सफाई समेत सभी विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होने देंगे। स्वच्छता किसी भी शहर की पहचान होती है और इस दिशा में बिलासपुर को बेहतर बनाने लगातार प्रयास करेंगे,निगम सीमा के नए क्षेत्रों में सफाई की नई व्यवस्था से व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

स्वच्छता बनेगी शहर की पहचान: अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा की निगम सीमा में नए वार्ड शामिल हो तो गए थे,लेकिन विकास कार्य और सुविधा नाम मात्र की थी, पिछले एक साल में नए क्षेत्रों के विकास में ध्यान दिया गया है। साफ-सफाई के कार्य व्यवस्थित और बेहतर हों इसके लिए नए क्षेत्रों को सौगात दी जा रही है,इससे सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा और पूरे शहर में स्वच्छता को एक मिशन बनाकर कार्य किया जाएगा, आने वाले दिनों में स्वच्छता बिलासपुर की पहचान बनेगी।

वंचित क्षेत्रों को मिलेगा लाभ: कौशिक

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा की मैन्युअल और मैकेनाइज्ड स्विपिंग होने से सिरगिट्टी, तिफरा समेत निगम के अन्य नए एरिया को इसका लाभ मिलेगा। नए और पुराने क्षेत्र में सुदृढ़ सफाई व्यवस्था से बिलासपुर की एक अलग पहचान बनेगी,गंदगी और संक्रामक बीमारियां भी कम होगी। बेहतर सफाई व्यवस्था क्षेत्र में रहें,इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करेंगे।

■ न्यूज गैलरी

पैसे नहीं देने पर युवक से मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। मारपीट गुंडागर्दी करने वाले आरोपी को सीपत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पैसो की मांग कर रहा था नहीं देने पर युवक से मारपीट की। पुलिस के अनुसार नारायण लास्कर पिता स्व. सुखीराम लास्कर उम्र 47 साल निवासी ग्राम देवरी थाना सीपत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 दिसंबर की दोपहर 2 बजे ग्राम सीपत शराब भट्ठी रोड के पास में लखेश्वर यादव आया और पैसा मांग करने लगा। पैसा देने से मना करने पर लखेष्वर यादव के द्वारा माॅ बहन की गंदी गंदी गालियाॅ देकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर थाना प्रभारी द्वारा मामले की गम्भीरता को देखते हुये हालात से विरष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर आरोपी लखेश्वर यादव का पतासाजी कर तत्काल थाना लाकर हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरूध्द अपराध धारा सदर का पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

किसानों को एकमुश्त भुगतान के वादे से मुकर गई सरकार: लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। किसानों के साथ वादाखिलाफी, धान ख़रीदी केंद्रों में अव्यवस्था व भाजपा सरकार की रवैये को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर के नेतृत्व में नवाडीह चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। विधायक दिलीप लहरिया ने मोदी व साय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए हुए कहा कि भाजपा सरकार झूठ बोलकर सत्ता काबिज कर ली। झूठ फरेब उनकी फितरत में शामिल है। किसानों की हितैषी बनने का ढोंग रच रही भाजपा सरकार महतारी वंदन के बहाने गरीबों के बिजली बिल बढ़ाकर गरीबो से पैसा वसूल रही है। बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत नही कर सका। प्रदेश सरकार किसानों का हक मारकर जेब गर्म करने में लगी हुई है। धरातल में चारो तरफ अव्यवस्था फैली हुई है। हम किसानों के साथ अत्याचार व भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने कहा कि धान की एकमुश्त राशि देने वाली बीजेपी की सरकार किसानों के लिए झूठ का पुलिंदा साबित हो गई। साय सरकार में चारो तरफ कमीशनखोरी, हत्या, अपराध चरम सीमा पर है। प्रदेश उनके नियंत्रण में नही है। वरिष्ठ कांग्रेसी अहमद मोमिन ने कहा कि हर धान खरीदी केंद्र बोरा पलटने से लेकर प्रत्येक गतिविधियों में लेन देन से अछूता नही है। समय का हवाला देकर किसानो को वापस कर दिया जा रहा है। धरना प्रदर्शन को सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, किसान नेता प्रमोद जायसवाल, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक राजवाल, रामेश्वर साहू, अशोक सूर्यवंशी, वरिष्ठ कांग्रेसी अहमद मोमिन, भागीरथी पोरते, तानाजीराव बांकरे, बुटन पाटनवार, प्रदेश युकां युकां संयोजक आरटीई वीरेंद्र लैहर्षण, महिला अध्यक्ष सुकुमत देवी लैहर्षण ने संबोधित किया।

सीसी रोड बनने से ग्रामीणों को समस्या से मिलेगी निजात

मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने मंगलवार को कुल 350 मीटर 28 लाख की लागत से एनटीपीसी सीएसआर मद से स्वीकृत मटेरियल गेट से बस्ती को जोड़ने वाली सड़क व बाजारपारा से सूंघा तालाब को जोड़ने वाली मार्ग के लिए सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक लहरिया ने कहा कि दोनों मार्गों के बन जाने से अब ग्रामीणों को असुविधाओं का सामना करना नही पड़ेगा। आने जाने में आसानी होगी। एनटीपीसी शासन प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। पूर्ण क्षेत्र में विकास कार्यो में तेजी लाना मेरी प्राथमिकता है। बिजली , पानी, सड़क, स्वास्थ्य , शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना नही पड़ेगा।

सर्व ब्राह्मण को एक होना आवश्यक: सुशांत

■ ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा समस्त ब्राह्मण युवक युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सिद्धि मुस्कान भवन अशोक नगर सरकंडा में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र तिवारी सलाहकार मुख्यमंत्री छ.ग शासन एवं एस डी बड़गैया रिटायर वन अधिकारी उपस्थिति थे । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की अलग अलग ब्राह्मण कैटेगरी के आधार में ना होकर सर्व ब्राह्मण को एक होना आवश्यक है ताकि ब्राह्मण एकता बनी रहे और ब्राह्मण युवा आयाम छत्तीसगढ़ का कार्य अत्यंत सराहनीय है। धीरेन्द्र तिवारी सलाहकार मुख्यमंत्री छ. ग ने कहा कि ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत आवश्यक एवं सराहनीय है। एस डी बड़गैया ने कहा कि युवक युवती वैवाहिक परिचय आज के समय मे आवश्यक है जो समाज के युवक युवतियों के परिवारों को एक मंच मिलता है और ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा सदैव समाज हित को ध्यान में रखकर कार्य किया जाता है जो सराहनीय है।

गांवों में कोलवाशरी से प्रदूषण का खतरा बढ़ा

■ जनसुनवाई रद्द करने की मांग को लेकर सशक्त महिला महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सशक्त महिला महासंघ घूटकू ने 13 दिसंबर को होने वाली पारस पावर कोल बेनीफेसरी प्राइवेट लिमिटेड की जनसुनवाई के रद्दीकरण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। महासंघ का आरोप है कि जनसुनवाई के दौरान पारस पावर द्वारा पेश किए गए तथ्यों में कई गंभीर विसंगतियां हैं, जो पर्यावरणीय प्रभावों और कानूनी प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हैं। कलेक्टर से मांग करते हुए महासंघ के सदस्यों ने बताया कि पारस पावर द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का उपयोग भारी वाहनों के लिए किया जा रहा है, जबकि यह सड़क भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित है। इसके अलावा, यह सड़क किसानों द्वारा दान की नहीं गई है और न ही उन्हें मुआवजा प्राप्त हुआ है, जिससे इस सड़क का उद्योग के लिए उपयोग असंवैधानिक है।

महासंघ ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग से सड़क चौड़ीकरण के लिए कोई स्वीकृति नहीं ली गई है। महिला महासंघ का कहना है कि यदि प्रशासन इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करता है, तो वे एन.जी.टी. और उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। महासंघ ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी मुख्य चिंता ग्रामीणों के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय सुरक्षा को लेकर है।

पर्यावरण हो रहा प्रदूषित

सशक्त महिला महासंघ ने 19 फरवरी 2024 को एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा की गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि पर्यावरणीय जांच टीम ने पारस पावर कोल उद्योग में कई गंभीर पर्यावरणीय दोष पाए थे। इनमें जल प्रदूषण, खुले में कोयला भंडारण, टूटी हुई बावड़ियां और 8-10 एकड़ में धूल का जमाव जैसी समस्याएं शामिल हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरे का कारण बन रही हैं। महासंघ ने कलेक्टर से जनसुनवाई को तत्काल रद्द करने और उद्योग के खिलाफ गहरी जांच की मांग की है, ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

नि :शुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लासेस 20 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्वांगीण विकास एव रोजगार के अवसर दिलाने के उददेश्य से जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के दवारा निश्शुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लासेस शिविर का आयोजन 20 दिसंबर से किया जा रहा है, उम्र बंधन नहीं रखा गया है इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतू अनुरोध किया गया है जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की प्रशिक्षण का समय सुबह 8 बजे से 9.30 बजे एव शाम 6 बजे से रात 7.30 बजे तक रखा गया है, उक्त प्रशिक्षण शिविर 15 दिनों का रखा गया है।

अजमेर शरीफ दरगाह के खिलाफ याचिका के विरोध में मौन जुलूस

■ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अजमेर शरीफ के सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के खिलाफ याचिका दायर करने के विरोध में आज शहर में आशिकाने गरीब नवाज कमेटी के द्वारा विशाल मौन जुलूस निकाला गया तथा राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा गया। आज मौन जुलूस में काफी संख्या में सभी धर्म के लोग शामिल हुए। ज्ञापन में कहा गया है कि अजमेर शरीफ ख्वाजा की दरगाह के खिलाफ जो याचिका दायर की गई है उसे वापस लेने के लिए राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री से अपील की गई है। आशिकाने गरीब नवाज बिलासपुर के सदस्यों ने महामहिम राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती जिनकी मजार शरीफ लगभग 813 वर्षों से स्थापित है । जहां पर हिंदुस्तान विदेश से भी सभी धर्म के लोग अपनी आस्था प्रकट करने आते हैं और देश के अलावा विदेशों से भी सरकारी प्रतिनिधि चादर चढ़ाकर अपनी अकीदत पेश करते हैं। देश के ऐसे महान सूफी संत की दरगाह के खिलाफ दुर्भावनावश न्यायालय में याचिका दायर करने के विरोध में सभी धर्म के अकीदत मदों में आक्रोश व्याप्त है।

दुर्घटना में घायलों की मदद कर बचाई जा सकती है जान: उमाशंकर

सेंदरी स्कूल में लगी यातायात की पाठशाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह का बहुउद्देशीय अभियान चेतना इन दोनों जिले में जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है इसके अंतर्गत आज यातायात के प्रभारी डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार ने बताया कि आज सेंदरी के स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यातायात की ओर से उमाशंकर पांडे ने यातायात की वृहद पाठशाला का आयोजन किया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं को यातायात संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारियां देते हुए बताया कि यदि सड़क दुर्घटना में घायलों की तत्काल मदद की जाए तो बहुतों की जान बचाई जा सकती है क्योंकि दुर्घटना के बाद का एक घंटा स्वर्णकाल माना जाता है यदि इसमें आहत को तत्काल इलाज मिल गया तो उसके बचने की संभावना बहुत अधिक होती है। इसके साथ ही पांडे ने बड़े रोचक अंदाज में कविता आदि के माध्यम से विद्यार्थियों के बड़े समूह को सड़क सुरक्षा से जुड़ी बहुत बारीक बारीक जानकारियां दीं ।इसके अंतर्गत सड़क में चलने के नियम, यातायत संकेत, सड़क दुर्घटना के कारण, निवारण, नवीन मोटर व्हीकल एक्ट के साथ-सा द गुड सेमीरिटन की भी जानकारी दी। उपस्थित छात्र-छात्राओं से यातायात संबंधी प्रश्न भी किए गए सही उत्तर बताने वाले विद्यार्थियों को मंच से संस्था की प्राचार्या के हाथों पुरस्कृत भी किया गया । कार्यक्रम के अंत में उमाशंकर पांडे ने विद्यार्थियों के समूह को यातायात के नियमों के प्रति निष्ठावान होने की शपथ भी दिलाई।

युकां अध्यक्ष पर अवैध कब्जा करने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू और उसके साथी अजय पाटिल पर अवैध कब्जा का आरोप है। बोदरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7-8 के लोगों ने शिकायत की है, कि ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष का दबदबा बोदरी नगर पंचायत में इस कदर है, कि वे हमारी सरकार है कहकर बेजा कब्जा करा रहे हैं।

ग्रामीणों ने वार्ड पार्षद के साथ बिलासपुर कलेक्टर से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर दोबारा कलेक्टर से शिकायत की है। वॉर्ड के पार्षद के साथ लोगों ने कलेक्ट्रेट आकर शिकायत की। वार्ड के लोगों ने बताया, कि वे अवैध कब्जा की वजह से परेशान है, स्थानीय स्तर पर शिकायत के बावजूद बेजाकब्जा नहीं हटाया जा रहा है, हालांकि कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया, कि जल्द ही अवैध कब्जा हटा दिया जाएगा।

बालिका शिक्षा

देवकीरारी के शासकीय हाईस्कूल में छात्राओं को नि :शुल्क साइकिल वितरित

सरस्वती साइकिल योजना से छात्राएं बन रहीं आत्मनिर्भर: कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा अंतर्गत ग्राम देवकीरारी के हाई स्कूल में भाजपा सरकार की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर कक्षा 9वीं के छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कर उनकी शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह योजना न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा और प्रगति की यह यात्रा निरंतर जारी रहे, यही कामना है। उन्होंने कहा कि सरस्वती सायकल योजना ने न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। श्री कौशिक ने कहा कि इस योजना के तहत शासन ने अब तक लाखों छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की हैं। यह योजना न केवल छात्राओं को शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। इस योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं।

सेवा सहकारी समिति में नवनियुक्त अध्यक्ष सुखदेव व खिलेश्वर को दिलाई शपथ

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा अंतर्गत पथरिया मंडल के सेवा सहकारी समिति, जुनवानी में नव-नियुक्त अध्यक्ष सुखदेव वर्मा व पाडियाईन के नव नियुक्त अध्यक्ष खिलेश्वर साहू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री कौशिक द्वारा किसानों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें सरकार की किसान-हितैषी नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही कार्यक्रम में किसान अनिल कुमार द्वारा कुल 120 क्विंटल धान बेचा गया जिसके पश्चात समिति के माध्यम से अब तक 40,000 क्विंटल से अधिक धान की खरीद हो चुकी है, साथ ही ग्राम पाडियाईन में समिति के माध्यम से 24000 क्विंटल धान कि खरीदी हो चुकी है जो क्षेत्र की किसानों की मेहनत और प्रगति का प्रमाण है। श्री कौशिक ने सुखदेव वर्मा व खिलेश्वर साहू को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

न्यूज गैलरी

पदोन्नति की मांग को लेकर 17 दिसंबर को प्रदर्शन

पेंड्रा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय सचिव आलोक शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला तथा प्रधान पाठक मंच के प्रांतीय संयोजक रमाकांत झा के सामूहिक नेतृत्व में, विगत दस वर्षों से प्राचार्य पद की तथा आठ वर्षों से व्याख्याता पद की लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के सामूहिक नेतृत्व में राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ प्राचार्य एवं व्याख्याता पदोन्नति फोरम का गठन करते हुए निर्णय लिया है कि आगामी 17 दिसंबर 2024 को पूरे राज्य से नियमित एवं एल . बी. संवर्ग के शिक्षक,व्याख्याता एवं प्रधान पाठक एकत्रित होकर संचालनाय एवं मंत्रालय के समक्ष एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। शुक्ला ने कहा कि सभी शिक्षक संगठनों की ओर से सरकार को अल्टीमेटम देकर पदोन्नति आदेश जारी करने की तिथि निर्धारित करने का आग्रह किया है और यदि पदोन्नति की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं हुई तो आगामी 17 दिसंबर 2024 को प्रदेश भर से पदोन्नति की पात्रता रखने वाले शिक्षक संवर्ग एकत्रित होकर शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय का ध्यानाकर्षण करने हेतु इंद्रावती एवं महानदी भवन के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे।

धान का उठाव नहीं होने से केन्द्रों में सवा 3 लाख क्विंटल धान जाम

पेंड्रा/नवप्रदेश। समितियों में धान के बोरियों की छलनी पहाड़ जैसे ऊंचे हुए,शासन द्वारा निर्धारित बफर लिमिट से ज्यादा मात्रा में हुआ धान का स्टॉकज,किसान के साथ ही समिति प्रबंधक हो रहे परेशानज,बारिश होने पर शासन को होगा करोड़ों रुपए का नुकसान धान का उठाव नहीं होने से जिले के खरीदी केन्द्रों में सवा 3 लाख क्विंटल धान जामज,समितियों में धान के बोरियों की छलनी पहाड़ जैसे ऊंचे हुएज,शासन द्वारा निर्धारित बफर लिमिट से ज्यादा मात्रा में हुआ धान का स्टॉक ,किसान के साथ ही समिति प्रबंधक हो रहे परेशान,बारिश होने पर शासन को होगा करोड़ों रुपए का नुकसान राइस मिलर्स से शासन का अनुबंध नहीं होने के कारण जीपीएम जिले के धान खरीदी केन्द्रों में सोमवार तक सवा 3 लाख क्विंटल से भी ज्यादा धान जाम हो गया है। शासन द्वारा निर्धारित बफर लिमिट से ज्यादा मात्रा में हुआ धान का स्टॉक समितियों में हो गया है। दिन प्रतिदिन जगह की कमी होने से धान बेचने आने वाले किसानों को खरीदी केन्द्रों में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसान के साथ ही समिति प्रबंधक भी परेशान हो रहे हैं। वहीं यदि तेज बारिश हुई तो धान गीला होकर सड़ जाएगा, जिससे कि जीपीएम जिले में ही शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान होगा।

मुख्यमंत्री साय ने किया 536 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

शहर के अधोसंरचना विकास के लिए 23.90 करोड़ रूपए की स्वीकृति की घोषणा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री साय ने अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्रांउड में आयोजित कार्यक्रम में 536 करोड़ 14 लाख की लागत वाले 1614 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया और कहा कि इससे सरगुजा जिले के विकास में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र अधोसंरचना विकास के लिए 23.90 करोड़ रूपए दिए जाने की घोषणा की।

उन्होंने सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल अंबिकापुर को डीकेएस रायपुर की तर्ज पर विकसित करने तथा विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज किए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय इस अवसर पर सरगुजा जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न कोष योजना का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा यह योजना पायलट प्रोजेक्ट की शुरू की गई है। इससे पहाड़ी कोरवा समुदाय में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई कैरियर निर्देशिका का भी

विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर मां महामाया को नमन करते हुए जिलेवासियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए कहा कि अंबिकापुर छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के सबसे सुंदर और साफ सुथरे शहरों में शामिल है। यह सब नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों, हमारे सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों के योगदान से हो पाया है। अंबिकापुर के नागरिकों को भी इसका श्रेय देना चाहूंगा, जिनके सहयोग से अंबिकापुर स्वच्छ और सुंदर बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास किया है। 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार का एक साल पूरा हो रहा है। इस एक साल के अल्पकाल में ही सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े बड़े कामों को पूरा करने का प्रयास किया है। बीते पांच सालों में गरीब जरूरतमंद परिवार, जो प्रधानमंत्री आवास से वंचित थे, उनके आवास स्वीकृत एवं निर्मित किए जा रहे हैं। शासन द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। किसानों को धान का मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने के लिए शासन प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख से ज्यादा माताओं और बहनों को लाभान्वित किया जा रहा है। तेंदूपत्ता का पारिश्रमिक अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा मिल रहा है। श्रीराम लला दर्शन यात्रा योजना से 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम जाकर भगवान श्री राम के दर्शन का सौभाग्य मिला है। हमने वायदे के मुताबिक पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता लाने का काम किया है। बीते वर्ष पीएससी की भर्ती प्रक्रिया में हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई कर रही है।

जमीन की खरीद-बिक्री में धोखाधड़ी की आशंका दूर

सुगम ऐप जमीन रजिस्ट्री में पारदर्शिता की नई पहचान

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहल पर प्रदेश में तकनीकी नवाचारों की निरंतर प्रयास से नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओ.पी.चौधरी के निर्देश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी और जनता के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सुगम ऐप का शुभारंभ किया गया है। सुगम मोबाइल ऐप के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सभी पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जा रहा है।

रायगढ़ निवासी विवेकानंद मिश्रा सुगम एप को जमीन रजिस्ट्री की दिशा में समय की मांग के अनुसार उठाया गया सबसे जरूरी कदम मानते हैं। उनका कहना है कि इससे जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया पारदर्शी हो गई है। इससे जमीन संबंधित विवाद और मुकदमेबाजी की संभावनाएं काफी कम हो जाती है। क्रेता और विक्रेता दोनों के

लिहाज से यह अत्यंत सुविधाजनक है व उनके बीच विश्वसनीयता को भी बढ़ाता है। वहीं दीपेश अग्रवाल का कहना है कि सुगम एप की सबसे खास बात है कि पक्षकार जमीन पर जाकर उसका फोटो अक्षांश देशांश अपलोड कर सकते हैं। यह रजिस्ट्री मॉड्यूल में अपलोड हो जाता है। जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हुई है। खरीददार को अपनी जमीन की वास्तविक स्थिति पता होती है जो रिकॉर्ड में दर्ज होती। शासन को भी वास्तविक राजस्व की प्राप्ति होती है। सुगम ऐप संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कई बार ऐसी शिकायतें आती है कि रजिस्ट्री दस्तावेज में दिया गया सम्पत्ति विवरण तथा मौके की स्थिति में अंतर होता है। एक सम्पत्ति कई लोगों को बेचने की शिकायतें आती है। जिस जमीन का रजिस्ट्री किया जाता है, वह जमीन वास्तव में अस्तित्व में नही होती। ऐसी घटनाएं भी प्रकाश में आती रहती है कि रोड, रास्ता, उद्यान आदि की जमीन बेच दिया गया है। मौके में जितनी जमीन उपलब्ध है, उससे अधिक रकबा बेच दिये जाने की घटनाएं भी होती रहती है। ऐसी घटनाओं से आपसी लड़ाई-झगड़े तथा कोर्ट-कचहरी के मुकदमेबाजी में वृद्धि होती है।

ऐसे काम करता है सुगम ऐप

सुगम ऐप में पक्षकार को रजिस्ट्री के प्रक्रिया के दौरान अपना मोबाईल लेकर उस जगह में जाना होगा, जिस स्थान की रजिस्ट्री किया जा रहा है। उस स्थान में जाकर सुगम ऐप खोलकर ऐप में निर्देशित तीन कोणों अर्थात सम्पत्ति के सामने, दाएं और बाएं से उस स्थान का फोटो लेना होगा। वह फोटो स्वत- ही रजिस्ट्रार के माड्यूल में ट्रांसफर हो जाएगा। उस स्थान की भौगोलिक स्थिति अर्थात अक्षांश व देशांतर की स्थिति रजिस्ट्री पेपर में फोटो के साथ दर्ज हो जाएगी। इस प्रकार संपत्ति की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का निर्देशांक रजिस्ट्री पेपर में स्थायी रूप से अंकित रहेगा, जिससे पक्षकार कभी भी उस स्थान पर जाकर संपत्ति की पहचान कर सकता है।

धान का उठाव तेजी से करने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के 105 धान खरीदी केन्द्रों में 14 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी जा चुकी है, इनमें 08 लाख 16 हजार 34 क्विंटल मोटा, 03 हजार 332 क्विंटल पतला और 05 लाख 90 हजार 327 क्विंटल सरना धान शामिल है। वहीं मिलरों द्वारा धान उठाव भी शुरू कर दिया गया है। अब तक 29 खरीदी केन्द्रों से 66 हजार 424 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। कलेक्टर राहुल देव ने उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान का तेजी से उठाव सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि सभी पंजीकृत किसान सुगमतापूर्वक अपने धान को बेच सकें और केंद्रों में किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने व्यवस्थित रूप से धान खरीदी एवं उठाव हेतु नोडल अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए कहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध रूप से धान बेचने वाले कोचियों और बिचौलियो पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उपार्जन केन्द्रों में पेयजल, छाया सहित किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है, ताकि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। माइक्रो एटीएम से नगदी निकासी सहित उपलब्ध सुविधाओं के लिए किसानों ने शासन-प्रशासन का आभार जताया है।

केन्द्र सरकार संविधान को बदलने का प्रयास कर रही : डॉ. महंत

सक्ती/नवप्रदेश। संविधान की मूल भावना को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। अखण्ड संविधान को केन्द्र सरकार बदलने , तोडने का काम रही हैं संविधान सबके लिए है सबके लिये रहेगा उक्त विचार जिला कॉग्रेस कमेटी सकती द्वारा आयोजित कार्यक्रम संविधान और समानता की लडाई के विषय पर आधारित कार्यशाला में विधायक एवँ नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त नेसामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही डॉ महंत ने कहा कि सनातन धर्म की परिभाषा सिखाने वाले हम सब एक कहने वाले आज भारत को तोड़ने का काम कर रहे है मन्दिर मस्जिद की लड़ाई में सबको उलझा कर रख दिया है पुर्व मंत्री पूर्व विधायक नोवेल वर्मा ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने संविधान में सभी वर्गो को समानता का अधिकार दिया है लेकिन अब उसी संविधान को बदलकर लोगों को उनके संवैधानिक अधिकार को बदलने का प्रयास हो रहा है जिला युवा कॉग्रेस के अध्यक्ष विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा अलग अलग समुदाय बनाकर हमेशा समाज को तोड़ने का काम

करती हैं शिक्षा स्वास्थ्य का बुरा है चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई के नारे में रास्ट्रीय एकता को अब भाजपा बदलने का प्रयास कर रही बाबा साहब के कानून के कारण दबे कुचले लोगो को जीवन स्तर ऊपर हो रहा था संविधान की आड़ में मंदिर मस्जिद की लड़ाई में लगे हैं जिले के प्रभारी पूर्व विधायक यू डी मिंज ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिये अब देश के बड़े नेता राहुल गांधी कॉग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्ग दर्शन में हम सब संविधान की रक्षा करने लड़ाई लड़ेंगें कार्यक्रम में जिला किसान कॉग्रेस के अध्यक्ष साधेश्वर गवेल महबूब खान राईस किंग खूंटे जगेश्वर सिंह राज अलका जायसवाल एन एस यू आई अध्यक्ष मयंक स्वर्णकार जिला कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने संबोधित किया कार्यक्रम में सकती जिले के कॉग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से गुलज़ार सिंह श्याम सुंदर अग्रवाल नरेश गेवाडीन घनश्याम पांडेय आनद अग्रवाल सरवन सिंह सिदार गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर अमित राठौर राजीव जायसवाल रोहित यादव उमेश यादव अशोक यादव हीरा साय यादव सम्मे लाल गवेल लाला सोनी टिका राम कुर्रे कन्हैया कवर रविन्द्र शर्मा परस कुसुमलता अजगले सहस राम कर्ष रूप नारायण साहू बंशी खंडे रवि गवेल श्याम कश्यप शाश्वत धर दिवान राकेश महन्त रथ राम भुरू अग्रवाल नवरत्न वैष्णव रामेश्वर बरेठ देवेंद्र सिदार राजेश भर्गव राम आधार जायसवाल घनश्याम देवांगन यसवंत साहू रामसजीवन देवांगन गौरीशंकर यादव बलराम पांडे सरोज डड़सेना विजया जायसवाल कौशिल्या कमलेश चान्दनी सहिस सहित जिले भर से कॉग्रेस नेताओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम के पूर्व बाबा भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद स्पर्धा आज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि युवाओं और महिलाओं में खेल के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 का आयोजन जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में 10 दिसम्बर 2024 को प्रस्तावित था। यह आयोजन अपरिहार्य कारणों से 11 दिसम्बर 2024 को प्रातः 08:30 बजे से शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर मे किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि समस्त विकासखण्ड के चयनित सभी महिला खिलाडियों एवं युवा उत्सव में केवल प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल एवं एकल वर्ग के प्रतिभागी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होंगे।

गौशाला में लगी आग, पशु पालक को हजारों की क्षति

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम कटिंदा में एक किसान के गौशाला में आग लगने से किसानों को हुआ हजारों की नुकसान हुई है । सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ओम प्रकाश यादव ग्राम कटिंदा के मकान से सटे गौशाला में बीते रविवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे गौशाला में बंधे मवेशी थोड़े बहुत जलकर जख्मी हुए हैं। जिनका उपचार पशु चिकित्सालय के कर्मियों द्वारा किया गया है । आग के कहर से गौशाला पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। गनीमत रही कि घर तक आग नहीं पहुंच पाई जिससे किसान का आशियाना बच गया। गौशाला में आग लगाने से किसान को लगभग 50000 के नुकसान

होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रभावित किसान ने शासन प्रशासन से क्षति पूर्ति की मांग किया है ताकि वह अपने गौशाला का फिर से निर्माण करा सके। जिससे बेजुबान पालतू गाय बैल बछड़ों का गौशाला बहाल हो सके। किसान को राहत मिल सके।

वरिष्ठ नागरिक संघ का 6वां प्रादेशिक सम्मेलन संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिकों का प्रांतीय संगठन छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कान्फेडेरेशन का 6वां प्रादेशिक सम्मेलन वरिष्ठ नागरिक संघ के सियान सदन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीज प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सियान सदन से लगे वृद्धाश्रम के 17 लोगो का वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा शाल व स्वल्पाहार देकर सम्मान किया गया। वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष धनेश सोलंकी ने होस्ट की भूमिका निभाते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये संगठन के सदस्यों का स्वागत करते हुए, मंच

कन्फेडेरेशन को सौंपते हुए कार्यवाही आरंभ करने आग्रह किया। जिस पर कान्फेडेरेशन के अजीत प्रसाद ने संघ की ईकाई एवं पदाधिकारियों का नवनिर्मित सियान सदन मुंगेली में स्वागत वेलकम किया। सर्वप्रथम प्रदेश कार्यकारणी कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने लेखा विवरण प्रस्तुत कर विशेष जानकारी दी। छ.ग. वरिष्ठ नागरिक कान्फेडेरेशन के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश देवरस ने बैठक को संबोधित को करते हुए बताया कि प्रदेश के 26 संगठन कान्फेडेरेशन से जुड़े हुए है। उन्होंने दक्षिण में कान्फेडेरेशन के विस्तार पर जोर दिया। कान्फेडेरेशन के उपाध्यक्ष धनेश सोलंकी ने बताया कि छ.ग. में वरिष्ठ नागरिक संघ आयोग बनना चाहिए इसके लिए प्रयास जारी है। जिसमें प्रदेश के सम्मान जनक व प्रभावशाली लोगो ने इस विषय में रूची दिखाते हुए इसे लागू कराने के विषय में भरोसा दिलाया है। इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। जिसके पश्चात प्रदेश स्तर में समुचित कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं के मध्य सामजस्य बिठाने हेतु युवा व वरिष्ठ नागरिकों की एक चर्चा आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिससे वे एक-दूसरे के समस्या को समक्ष कर सामजंस्य स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा।

आयोजन...

पंतजलि योग समिति का नि :शुल्क योग अभ्यास प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक

दो दिवसीय योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का भी लोगों ने उठाया लाभ

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति एवं राज्य पतंजलि योग समिति की संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। झूलेलाल धाम मुंगेली में वात रक्त मोक्षण शिविर में जिला के स्वास्थ्य साधकों ने प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार सिंगी, लीच पद्धति से हमारे हरिद्वार से आए योग प्रशिक्षक वैद्य रामावतार चन्द्राकर एवं उनके टीमों के द्वारा सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, नगर पालिका परिषद के सीएमओ श्री तिवारी, अमितेष आर्य, महिला पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी हेमलता साहू, भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी सुरेश कुमार खुसरो, पतंजलि योग समिति विवेक केशरवानी, महिला पतंजलि योग समिति श्रीमती अल्का सिंह, योगी योद्धा पुष्पवाटिका अध्यक्ष महेन्द्र साहू के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न शिविरार्थियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया। सिंगी एवं लीच चिकित्सा से तुरंत दर्द से राहत मिलना व्यक्त किया गया। साथ ही साथ पतंजलि योग समिति की बैठक

आयोजित किया गया। महिला पतंजलि योग समिति द्वारा महिला समिति मुंगेली को योग ड्रेस वितरण किया गया। नगर में मुख्य रूप से भारत स्वाभिमान न्यास मुंगेली के द्वारा पुष्प वाटिका डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम मुंगेली में नियमित निशुल्क योग अभ्यास प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक कराया जाता है। तथा मंगल भवन बाईपास रोड मुंगेली एवं अन्य स्थानों पर भी शिविर में बच्चे, युवा, वरिष्ठ नागरिक जन, महिलाएं उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणेश साहू, नंदकिशोर जायसवाल, रामकुमार साहू, बंटी जायसवाल, डॉ. लेखू साहू, छोटू जायसवाल, जंतराम साहू, श्रीकांत यादव, पोषण साहू, विकास रूपवानी, श्याम सुंदर शिवनाणी, अशोक जायसवाल, राजेश साहू, विजय जायसवाल, सुनील जागडे, रीना केशरवानी, रीना सिंह ठाकुर, प्रमिला, शशि सोनी, अमिता केशरवानी, टूपेश साहू बिंदू सिंह, सिया सिंह, पुष्पा पाठक, सरस्वती सिंह, कुमारी साहू सोन सिंह ठाकुर, खुबचंद क्षत्रिय, राम भोजवानी, हरिश्चन्द्र राजपुत, जितेन्द्र शर्मा, रितेश गुप्ता, ध्रुव कुमार साहू आदि लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किये एवं उपस्थित रहे।

जनसमस्या निवारण शिविर सेतगंगा में आज

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सेतगंगा में 11 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर राहुल देव ने सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने और समय पर शिविर स्थल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने के लिए कहा है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय शतरंज ने बताया कि शिविर में आमजनों की समस्याओं के निराकरण के साथ विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड भी बनाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न समस्याओं एवं मांगो से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

विधायक ने यात्री प्रतीक्षालय का किया लोकार्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। । खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गिदर्री (उमरवाही) में माननीय लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू पहुंच कर सरस्वती माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की, और नव-निर्माण यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण कर पट्टिका का अनावरण किए एवं रूम सहित कलामंच निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक श्री साहू जी ने ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत पंचायत पदाधिकारियों को उपरोक्त लोकार्पण विकास कार्यो एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए ग्रामवासियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए, तथा छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । साहू ने उन बच्चों को सम्मान राशि भेट कर उत्साह वर्धन किए।इस लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर कान्ति भण्डारी जिला पंचायत सदस्य, राजू सिन्हा कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, कोमल पटेल ग्राम पटेल, मोहित भुआर्य उपसरपंच, रामसाय उइके, चिन्ता राम सहारे, प्रीतम लाल साहू, अमोली राम, पोषण कुमार, कन्हैया पटेल, सुंदर लाल, नरसिंह अमरिया, धनेश कुमार, ईश्वरी प्रसाद सचिव, केवल पटेल, गिरधारी लाल, सरिता, महाबली भंडारी, होम बाई, बिमला बाई, गायत्री कोठारी, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी में क्रेडा द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के सौजन्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, नेवारी में शुक्रवार को ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर अर्द्धदिवसीय कृषक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने जल संरक्षण की आवश्यकता और उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्री बी.एस. परिहार (एस.एम.एस. एग्रोनोमी) ने बागवानी फसलों में ऊर्जा दक्ष पंपों और ड्रिप सिंचाई पद्धति के महत्व को रेखांकित किया। जिला प्रभारी, क्रेडा श्री नंद कुमार गायकवाड़ ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कृषि क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल संरक्षण के महत्व और 5 स्टार रेटेड पंपों के उपयोग एवं उपलब्ध रिसॉर्स का व्यवस्थित ढंग से उपयोग करने के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को उपलब्ध संसाधनों के व्यवस्थित उपयोग के सुझाव दिए। मेसर्स सोलेक्सी सोलर के प्रतिनिधि श्री दिनेश सिन्हा ने 5 स्टार रेटेड पंपों से विद्युत बचत और उनके संचालन व रखरखाव के बारे में जानकारी साझा की। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार विजेता, श्री शिवकुमार चंद्रवंशी (ग्राम कोको) ने उन्नत कृषि तकनीकों का अनुभव साझा करते हुए किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने उन्नत खेती के क्षेत्र में कृषकों को नई-नई तकनीक से कृषि कार्य का अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा डॉ. बी.पी. त्रिपाठी उपस्थित रहे। इसके साथ सुश्री सुष्मिता कंवर, सहायक संचालक, कृषि, श्री बी.एस. परिहार एस.एम.एस. एग्रोनोमी, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा, श्री टी.एस. सोनवानी, एस.एम.एस., श्री नंद कुमार गायकवाड, जिला प्रभारी क्रेडा श्री शिवकुमार चन्द्रवंशी, ग्राम कोको, कबीरधाम (डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कर विजेता) क्रेडा के अधिकारी कर्मचारीगण एवं जिला के विभिन्न ग्रामों के लगभग 70 कृषकगण उपस्थित रहे।

मेचका पुलिस के द्वारा ग्राम ठेनही में आयोजित किया क्रिकेट प्रतियोगिता

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत धमतरी पुलिस,थाना मेचका द्वारा नक्सल क्षेत्र के ग्राम ठेनही में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों के कुल 08 टीमों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें मेचका कि टीम रही विजेता एवं उप विजेता ठेनही कि टीम रही प्रथम विजेता टीम को 2100/- रुपये एवं द्वितीय ईनाम 1100/- रुपये,शिल्ड ट्राफी एवं सभी खिलाड़ियो को उत्साह वर्धन के लिए सभी टीम को बेट वितरण किया गया।सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता सम्मिलित 08 टीमों को भोजन भी कराया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन वात्सल्य द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के लिए ग्रामों में रैलियां

ग्रामीणों ने लिया बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में श्री सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग, मिशन वात्सल्य और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के अंतर्गत एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मिनमिनिया के मैदान में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मिशन वात्सल्य और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि यह अधिनियम सबसे पहले 1929 में लाया गया था, जिसके बाद 1949, 1978 और अंत में 2006 में इसमें संशोधन किए गए। इसके अनुसार, किसी लड़के या लड़की की शादी 18 वर्ष और 21 वर्ष से पहले बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत लड़की की शादी के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के के लिए 21 वर्ष होनी चाहिए।

इसके अलावा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में भी बताया गया, जो एक 24 घंटे चलने वाली निशुल्क राष्ट्रीय इमरजेंसी सेवा है। यह सेवा बच्चों के लिए है जिन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता हो, जैसे कि अनाथ, बेसहारा, लावारिस, गुमशुदा बच्चे, बाल श्रम से जुड़े बच्चे और बाल विवाह से संबंधित मामलों में सहायता प्रदान की जाती है। किसी भी व्यक्ति को इस सेवा के लिए 1098 पर कॉल करने की सुविधा है। जागरूकता रैली के माध्यम से टीम ने गांव के सभी मोहल्लों और पाड़ों में जाकर ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ और ÷बाल विवाह मुक्त कबीरधाम÷ का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के अंत में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्यों, ग्रामीणों और बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया और सभी ने ग्राम पंचायत मिनमिनिया को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्री राजा राम चंद्रवंशी संरक्षण अधिकारी, श्री वी. एस. ठाकुर, प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल, मिनमिनिया,श्री महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक, एस.के. ठाकुर व्याख्याता, एम. मानिकपुरी, व्याख्याता टेकराम पटेल अध्यक्ष, शाला विकास प्रबंध समिति, श्री शिवकुमार पटेल, श्री नरेश पटेल, श्री दीपक पटेल, श्री भगवन्ता पटेल, श्री तुकाराम पटेल, श्री रामलाल पटेल, श्रीमती शारदा निर्मलकर, श्रीमती आरती यादव सुपरवाइजर और विद्यालय के बच्चे और ग्रामवासी उपस्थित थे।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया

अनियंत्रित होकर पलटी मेटाडोर : साप्ताहिक बाजार जा रहे 10 व्यापारी घायल हो गए

नगरी/सिहावा/नवप्रदेश। धमतरी में मेटाडोर पलटने से 10 लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद सभी घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उनका इलाज जारी है। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को धमतरी रेफर कर दिया गया है। वाहन सवार सभी लोग व्यवसायी थे जो नगरी-सिहावा के रानीगांव सांकरा से गरियाबंद के भूतबेड़ा गांव के साप्ताहिक बाजार जा रहे थे।

घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

मिली जानकारी के अनुसार, वाहन में सवार नगरी-सिहावा के व्यापारी साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। इसी दौरान सोंधूर रोड में लीलांज गांव के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन में सवार कुल 10 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को धमतरी रेफर कर दिया गया है। गंभीर रूप से घायल हुलेश साहू को सिर पर गंभीर चोट लगी है। वहीं योगिता साहू सरंगपुरी निवासी को अंदरूनी चोट लगने के कारण धमतरी अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

ये हुए हैं घायल

मेटाडोर का चालक केशव साहू, घायल का नाम नीराबाई निषाद, सोनी बाई निषाद, देवेंद्र साहू, राम साहू, लकी साहू, अभिजीत, हुलेश साहू , योगिता साहू, पुष्प कुमार साहू, अरुण साहू, हुलेश साहू घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं दो गंभीर रूप से घायल लोगों को धमतरी रेफर कर दिया गया है।

बाजार जा रहे थे वाहन सवार सभी व्यापारी

नगरी विकास खंड के रानीगांव सांकरा खमरिया अन्य गांव के किराना व्यापारी हॉट बाजार भूतबेड़ा गांव के साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल को साइड देने के चक्कर में सोंदूर रोड में लीलांज नदी के पास वाहन अनियंत्रित होने से पलट गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मेचका थाना पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

पारकर की पुस्तक धीरे-धीरे उतरे पार

जनवादी लेखक संघ के वैचारिक आयोजन में पुस्तक चर्चा, काव्य पाठ व प्रेरक संबोधन हुए

पिपरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ की जिला इकाई ने 8 दिसंबर रविवार को ÷कबीरा खड़ा बाजार में प्रगतिशील मंच÷ तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल के सहयोग से एक राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में दुर्ग के दो साहित्यकार बद्रीप्रसाद पारकर तथा कमलेश चंद्राकर की पुस्तकों पर चर्चा हुई। पारकर की पुस्तक धीरे-धीरे उतरे पार पर आलेख पढ़ते हुए कवि समीक्षक अजय चंद्रवंशी ने कहा कि ÷केंवट समाज में जन्में लेखक पारकर ने संघर्ष की गाथा को जिस ढंग से लिखा है, वह प्रशंसनीय है। समाज में निचले पायदान पर रहने वाले लोगों का जीवन संघर्ष कितना कठिन होता है यह हम इस किताब को पढ़कर जान पाते हैं।÷ कमलेश चंद्राकर की बाल कविताओं की चार किताबों पर नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने कहा कि ÷बच्चों के लिए ही नहीं, बड़ों के लिए भी बहुत कुछ सीखने लायक बातें इन किताबों में हैं। ये कविताएँ गाई जा सकती हैं। इनमें संगीत की लय है।" समीक्षक सुखदेव सिंह अहिलेश्वर ने आलेख वाचन करते हुए हिन्दी की मजबूत बालगीत परंपरा के इतिहास को रेखांकित किया और कमलेश को इसी परंपरा का वर्तमान दौर का महत्वपूर्ण कवि बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष एवं देश के ख्यात कथाकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने प्रदेश में जिला इकाइयों की सक्रिय भूमिका के संबंध में जानकारी देते हुए सार्थक लेखन पर विस्तार से बात रखी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि नीरज मंजीत ने कहा कि "पारकर की आत्मकथा में सरल भाषा और ग्राम्य जीवन का सौंदर्य है।" कवि समीक्षक पी.सी. रथ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कविताओं और कथाओं की महत्ता को जीवन विकास की कड़ी के रूप में महत्वपूर्ण बताया। उपन्यासकार नंदन ध्रुव ने बच्चों से कहा कि "वे पढ़ लिखकर जीवन में अपनी दिशा में आगे बढ़ें और साहित्य को जीवन में महत्व देकर उसे सरस भी बनाएँ। साहित्य व्यक्तित्व को और मजबूत बनाता है। साहित्य से हम एकता, संघर्ष और उदारता का पाठ पढ़ते हैं।"

बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस द्वारा शहर जिला अध्यक्ष गुरभेज माखीजा और प्रदेश महामंत्री मानव देशमुख के संयुक्त तत्वावधान में सैकड़ों युवा काँग्रेसी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच जिले में बढ़ते नशा,सट्टा अपराध पर लगाम लगाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया एवं पुलिस प्रशासन को आइना भेंट कर मौजूदा स्थिति पर नियंत्रण ना करने पर आक्रोश जाता कर आईना दिखा कर अनूठा प्रदर्शन किया गया

युवा कांग्रेसियों द्वारा बताया गया कि विगत 1 वर्ष में राजनांदगांव शहर नशा के चपेट में लिप्त होचुका है , हर वार्ड मोहल्ल में धड़ल्ले से शराब गांजा एवं सट्टा खाईवाली की जा रही है जिसके चलते अपराध चरम पर है, अपराध के दिशा में जुआ, सट्टा व्यपार के रूप में एवं धारदार औजार शहर के चारों दिशा में नाबालिक और अपराधी प्रवत्ति के लोगो के पास उपलब्ध है, सूत्रों के प्राप्त जनकारी के अनुसार प्रत्येक थाना अंतर्गत विभिन मुख्य सरगना भी है जो यह नशे एवं सट्टा और अपराध को बढ़ावा देरहें है और शराब कोचिया, गांजा, टेन और जुआ सट्टा का जाल हर वार्ड मोहल्ले में फैलाये है, इसके साथ विभिन्न ढाबा में खुलेआम शराब परोसा जारहा है जिसके चलते आयें दिन वहाँ मारपीट की स्थिति उत्पन्न होती है, उक्त स्तिथि राजनांदगांव जिले के साथ पूरे प्रदेश में उत्पन्न होचुकी है जिकसे चलते भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के द्वारा एक युद्ध नशे और अपराध के विरुद्ध और नौकरी दो नशा नहीं अभियान चलाया जारहा इसकी क्रम में राजनांदगांव युवा कांग्रेस द्वारा भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच आईना भेंट कर सांकेतिक रूप से पुलिश प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल उठा कर ज्ञापन दिया गया।

प्रभारी प्राचार्य बी डी वैष्णव के निधन पर फेडरेशन ने शोक व्यक्त किया

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बी डी वैष्णव प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुडी के 05दिसंबर के आकस्मिक निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है । पदाधिकारियों ने रविवार को उनके गृहग्राम सिहावा पहुंच कर शोक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किये है।

कबड्डी हमारी परम्परागत खेल का अहम हिस्सा

भाटापारा/नवप्रदेश। कबड्डी हमारी परम्परागत खेल का अहम हिस्सा है। सदियों से देश में कबड्डी को खेल में अहम् स्थान भी हासिल है। सार्क देश की टीम एशिया स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में भारत अजेय टीम है। यह बाते भाटापारा विधानसभा के बीजराडीह गांव में स्वर्गीय फेकूराम ध्रुव एवं स्वर्गीय सुरेश ध्रुव की स्मृति में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में मुख्य आसंदी से प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कही। शिवरतन शर्मा ने इस दौरान खेल में शामिल होने आए सभी खिलाड़ियों को बधाई शुभकामनाएं दी। साथ ही खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें क्रिकेट हाकी और फुटबाल की दुनिया में कबड्डी खेल को फलते फूलते देखकर बहुत खुशी होती है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत की पहचान दुनियां में सदियों से मेहनतकश के रूप में रही है। यह पहचान आज भी कायम है। इसका श्रेय हमारी परम्परागत खेलों को भी जाता है।

भाटापारा सिंधी पंचायत ने किया सेमीनार, मिलेट्स ऑफ इंडिया का आयोजन

पद्मश्री से सम्मानित डॉ खादर हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत,भाटापारा के तत्वाधान में ÷मिलेट्स सेमीनार÷ का आयोजन गोदड़ी धाम में सर्व समाज के लिए किया गया। जिसमें देश विदेश में प्रसिद्ध ÷मिलेट्स मेन ऑफ भारत÷ पद्मश्री अलंकृत डॉ खादर वल्ली ने व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने मिलेट्स क्या है? कैसे बनाना है?कैसे खाना हैं? मिलेट्स से कैसे ब्लडप्रेशर ,शुगर,अर्थराईटिज घुटनों एवं जोड़ों का दर्द एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से कैसे बचा जाए, बेहद ही सरल भाषा मे बताया। कैसे हम वर्तमान मे अपने खानपान से अपने शरीर के साथ खिलवाड़ कर रहे, बहुत ही अद्भुत रोचक जानकारियां दी जिनका उन्होंने रिसर्च किया हैं।

लोगों ने बड़े उत्साह के साथ अपने मन के प्रश्नोत्तरी? का निराकरण भी किया। लोगो ने किये सवाल का उन्होंने रोचक तरीके से जवाब दिया। कार्यक्रम मे पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत,पूज्य बिरादरी पंचायत,महिला मंडल एवं नगर की सामजिक,धार्मिक,व्यापारिक संस्थाओं के लोग शामिल हुए। विशेष रूप से रायपुर से हेल्थ केयर एंड शेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 लोगों ने हिस्सा लिया। उक्त जानकारी महासचिव राजेश छाबडीया द्वारा दी गयी।

अभियान का शुभारंभ ... बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित कार्यशाला, अधिनियम 2006 के प्रावधानों पर चर्चा

बाल विवाह मुक्त भारतः सामाजिक कुप्रथा रोकने अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य के तहत कवर्धा में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास आनंद तिवारी ने बाल विवाह की समस्या पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अधिनियम के अनुसार, ऐसा विवाह जिसमें वर की आयु 21 वर्ष से कम और वधू की आयु 18 वर्ष से कम हो, उसे बाल विवाह माना जाता है। कार्यशाला के दौरान राठौर ने बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक कुप्रथा बताते हुए इसके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर सकारात्मक वातावरण तैयार करना होगा। उन्होंने बताया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके सर्वांगीण विकास को प्रभावित करता है। यह समस्या न केवल उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करती है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। बाल विवाह को रोकने के लिए समाज, कानून और आर्थिक स्तर पर जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है।

कानूनी प्रावधान और दंड

कार्यशाला में बताया गया कि यदि कोई पुरुष, जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है, 18 वर्ष से कम आयु की लड़की से विवाह करता है, तो उसे दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों दंडित किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जो कोई व्यक्ति बाल विवाह करवाने या उसमें सहायता करता है, उसे भी समान दंड दिया जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री पाटिल ने की जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की सराहना

कवर्धा/नवप्रदेश। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने कबीरधाम जिले में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन की प्रशंसा की है। उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ÷एक्स÷ पर ट्वीट करते हुए, जिले के ग्राम पचराही में इस मिशन के तहत किए गए कार्यों की सराहना की। केन्द्रीय मंत्री श्री पाटिल ने इसे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और इस पहल को अन्य जिलों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण कहा। केंद्रीय मंत्री श्री सी आर पाटिल ने एक्स में पोस्ट करते हुए कहा कि कबीरधाम के पचराही गाँव में बहा विकास का नया जलधारा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पचराही गाँव ने साकार किया, हर घर तक नल से जल। यह सिर्फ पानी की सुविधा नहीं, बल्कि एक ऐसा बदलाव है जो हर ग्रामीण के जीवन में नई रोशनी लेकर आया है।

न्यूज़ गैलरी

आईटी क्षेत्र में 20 फीसदी तक बढ़ेंगी भर्तियां

नई दिल्ली। टैलेंट सॉल्यूशंस कंपनी एनएलबी सर्विसेज ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा, आईटी उद्योग ने 2024 की दूसरी छमाही में फिर से रफ्तार पकड़ ली है। कई मोर्चों पर 2025 के लिए बेहतर प्रदर्शन की तैयारी में है। आने वाले वर्ष में भारतीय आईटी क्षेत्र में फ्रेशर्स की भर्ती में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है, जिसमें विभिन्न उद्योगों में नौकरी के अवसरों में 15-20 फीसदी की वृद्धि होगी। आईटी क्षेत्र में नए?साल यानी 2025 में 15-20 फीसदी अधिक भर्तियां होंगी।?टैलेंट सॉल्यूशंस कंपनी एनएलबी सर्विसेज के मुताबिक, ये भर्तियां विभिन्न उद्योगों में होगी। कंपनी ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा, आईटी उद्योग ने 2024 की दूसरी छमाही में फिर से रफ्तार पकड़ ली है। कई मोर्चों पर 2025 के लिए बेहतर प्रदर्शन की तैयारी में है। आने वाले वर्ष में भारतीय आईटी क्षेत्र में फ्रेशर्स की भर्ती में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है, जिसमें विभिन्न उद्योगों में नौकरी के अवसरों में 15-20 फीसदी की वृद्धि होगी। खास बात है कि उभरती प्रौद्योगिकियों पर बढ़ती निर्भरता के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स और क्लाउड सहित अत्यधिक विशिष्ट तकनीक भूमिकाओं की मांग में 30 से 35 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है।

सरकारी बैंकों का 42,000 करोड़ ऋण बट्टे खाते में

दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 42,000 करोड़ रुपये का ऋण बट्टे खाते में डाला। अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 8,312 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 8,061 करोड़ रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (6,344 करोड़ रुपये) और बैंक ऑफ बड़ौदा (5,925 करोड़ रुपये) बट्टे खाते में डाले। संसद के शीतकालीन सत्र में एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने स्पष्ट किया कि इस तरह के बट्टे खाते में डालने से उधारकर्ताओं की देनदारियां माफ नहीं होती हैं। जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-अक्तूबर के बीच 17,818 फर्जी फर्मों की ओर से 35,132 करोड़ रुपये की आईटीसी चोरी के मामलों का पता लगाया है और 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। केंद्र और राज्य अधिकारियों की ओर से डाटा एनालिटिक्स और अन्य खुफिया जानकारी के माध्यम से फर्जी फर्मों का पता लगाने के लिए नियमित कार्रवाई की जाती है। साथ ही, फर्जी फर्मों का पता लगाने के लिए 16 अगस्त से 30 अक्तूबर के बीच एक समन्वित विशेष अभियान चलाया गया।

कोविड के दौरान भी दास के फैसलों से मिली मदद

जीएसटी, नोटबंदी और मौद्रिक नीति को आकार देने में दास ने छोड़ी अपनी छाप

नई दिल्ली। 67 वर्षीय दास आरबीआई का गवर्नर नियुक्त किए जाने से पहले एक पेशेवर नौकरशाह रहे। उन्हें आरबीआई गवर्नर के उच्च पद पर तब नियुक्त किया गया था जब दिसंबर 2018 में उर्जित पटेल ने अचानक इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय बैंक के गवर्नर के रूप में दूसरा तीन साल का कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है और उनकी जगह केंद्रीय वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को नया आरबीआई गवर्नर नियुक्त किया गया है।

आरबीआई गवर्नर के रूप में शक्तिकांत दास का छह वर्षों का कार्यकाल देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से काफी अहम रहा। नौकरशाह के रूप में नोटबंदी और जीएसटी को जमीन पर उतारना हो या केंद्रीय बैंक के मुखिया के तौर पर कोविड के दौरान मौद्रिक नीति का प्रबंधन उन्होंने अपने फैसलों और सरकार की अपेक्षाओं के बीच सामंजस्य बिठाए रखा। शक्तिकांत दास, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में पद छोड़ रहे हैं, ऐसे में उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली से देश की अर्थव्यवस्था पर जो छाप छोड़ी है, उसे जानना जरूरी है। दास नोटबंदी और उसके क्रियान्वयन के अलावे ऐतिहासिक वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) को लागू करने के पीछे भी प्रमुख चेहरा थे। आरबीआई में उन्होंने महामारी की चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान मौद्रिक नीति की रुपरेखा तैयार की। आइए आरबीआई के 25वें गवर्नर शक्तिकांत दास के योगदानों के बारे में जानें। 67 वर्षीय दास आरबीआई का गवर्नर नियुक्त किए जाने से पहले एक पेशेवर नौकरशाह रहे। उन्हें आरबीआई गवर्नर के उच्च पद पर तब नियुक्त किया गया था जब दिसंबर 2018 में उर्जित पटेल ने अचानक इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय बैंक के गवर्नर के रूप में दूसरा तीन साल का कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है और उनकी जगह केंद्रीय वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को नया आरबीआई गवर्नर नियुक्त किया गया है। 1980 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी दास के पास दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से इतिहास में और बर्मिंघम विश्वविद्यालय से लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री है। आरबीआई गवर्नर के रूप में उनके फैसलों को वैश्विक स्तर पर सराहा गया। एक पेशेवर नौकरशाह होने के बावजूद केंद्रीय बैंक के गवर्नर के रूप में उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था पर अमिट छाप छोड़ी। आरबीआई गवर्नर के तौर पर दास ने वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और आर्थिक विकास को

बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र में नकदी की कमी को दूर करने के लिए कई उपाय किए और बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए कदम उठाए। दास के कार्यकाल के दौरान कोविड-19 महामारी के आर्थिक प्रभाव से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक की प्रतिक्रिया काफी महत्वपूर्ण रही। आरबीआई ने अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई विनियामक छूटें प्रदान कीं।

नोटबंदी और जीएसटी को जमीन पर उतारने का श्रेय

नवंबर 2016 में जब सरकार ने अचानक 500 और 1000 के करेंसी नोटों को बंद कर दिया था, तब शक्तिकांत दास आर्थिक मामलों के सचिव थे। ऐसे में नोटबंदी की पूरी प्रक्रिया के दौरान उनकी अहम भूमिका रही। उस समय सरकार ने इस कदम को काले धन, भ्रष्टाचार और आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उचित ठहराया। लेकिन कई लोगों ने आम आदमी को होने वाली परेशानी के लिए इस फैसले की आलोचना की। हालांकि, दास ने इस फैसले का बचाव किया और धीरे-धीरे हालात सामान्य करने का अभियान जारी रखा। शक्तिकांत दास ने अलग-अलग अप्रत्यक्ष करों का एक जीएसटी में विलय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह फैसला 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया। जीएसटी के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के साथ समन्वय बिठाने में दास की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

भारतीय जीडीपी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी

भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 25 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में यह दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

इसकी वजह मजबूत शहरी उपभोग, सर्विस सेक्टर की स्थिर वृद्धि दर और इन्फ्रास्ट्रक्टर में निवेश बढ़ना है।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा वित्त वर्ष 25 में भारत की विकास दर को लेकर लगाया गया अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान 6.6 प्रतिशत से ज्यादा है।वैश्विक क्रेडिट रेटिंग्स एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 27 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा कहा कि चालू वित्त वर्ष के साथ ही आने वाले वर्षों में भी भारतीय जीडीपी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा, हमें उम्मीद है कि महंगाई का दबाव कम होने के साथ ही केंद्रीय बैंक 2025 के दौरान मौद्रिक नीति में मामूली ढील देगा।2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान को मजबूत बताते हुए राणा ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रह सकती है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 6. 9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।वित्त वर्ष 25 में दूसरी तिमाही (जून-सितंबर 2024) के लिए जीडीपी वृद्धि 5.4 प्रतिशत रही, जो अनुमान से कम थी।हालांकि, वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के बावजूद देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, क्योंकि सरकार ने व्यापक आर्थिक स्थिरता के लिए विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन किया है। राजकोषीय प्रबंधन ने राजकोषीय घाटे और जरूरी विकास के लिए राजकोषीय सहायता के बीच सही संतुलन बनाए रखा है।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि श्रम बल की अधिक भागीदारी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी में सुधार, साथ ही सार्वजनिक और घरेलू कंपनियों की मजबूत बैलेंस शीट से भारत के आर्थिक विकास को सहारा मिलेगा।

यक्षा व्हिस्की अब छत्तीसगढ़ में!

रायपुर/नवप्रदेश। त्योहारी सीज़न के खास मौके पर, भारत की होमग्रोन एल्कोबेव और लाइफस्टाइल कंपनी ब्लिसवॉटर इंडस्ट्रीज ने अपनी अवॉर्ड-विनिंग यक्षा व्हिस्की को छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया है। यह अनोखी व्हिस्की अपने स्कॉच माल्ट्स और बेहतरीन भारतीय ग्रेन स्पिरिट्स के मिश्रण के लिए जानी जाती है और इसे भारत और विदेशों में व्हिस्की प्रेमियों द्वारा खूब सराहा गया है।

यह लॉन्च रायपुर के उद्यमी देवराज सिंह परमार के सहयोग से संभव हो पाया है। निर्माण और मेटल सप्लाई उद्योग में 12 वर्षों का अनुभव रखने वाले परमार ने कहा, ÷यक्षा व्हिस्की के साथ जुड़ना मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा है। छत्तीसगढ़ में इस बेहतरीन व्हिस्की को लाने का हिस्सा बनकर मुझे गर्व है, और मुझे विश्वास है कि इसे यहां के कद्रदान खूब पसंद करेंगे।

यह लॉन्च क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन को और खास बनाने का एक बेहतरीन मौका है। यक्षा व्हिस्की न सिर्फ एक अनूठा गिफ्ट विकल्प है, बल्कि इसे त्योहारी मौसम में एक यादगार अनुभव के रूप में भी एंजॉय किया जा सकता है। अपने खास

फ्लेवर और प्रीमियम क्वालिटी के साथ, यक्षा व्हिस्की भारत में लक्ज़री स्पिरिट्स के लिए एक नया मानक स्थापित कर रही है।

इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, वरना भट, जो ब्लिसवॉटर इंडस्ट्रीज की फाउंडर और मास्टर ब्लेंडर हैं, ने कहा, ÷हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम इतनी फाइन-क्वालिटी और अवॉर्ड-विनिंग व्हिस्की छत्तीसगढ़ में ला रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि यहाँ के व्हिस्की प्रेमी यक्षा को जरूर एंजॉय करेंगे। छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मार्केट है, और यह विस्तार इस बात का प्रमाण है कि हम यक्षा को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने के लिए committed हैं।÷

यक्ष व्हिस्की सिर्फ एक ड्रिंक नहीं है, बल्कि यह एक thoughtfully-crafted अनुभव है, जो प्राचीन अमृत सोम से प्रेरित है।

भारतीय ईएसडीएम इंडस्ट्री का मूल्य वित्त वर्ष 2028 तक 9 लाख करोड़ के होगा पार

नई दिल्ली। भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) इंडस्ट्री, जिसका मूल्य वित्त वर्ष 2023 में लगभग 2.09 लाख करोड़ रुपये था, वित्त वर्ष 28 तक 9.09 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ईएसडीएम इंडस्ट्री 5 वर्षों में 34 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से आगे बढ़ेगी।पीएल कैपिटल ग्रुप - प्रभुदास लीलाधर की रिपोर्ट के अनुसार, ओईएम द्वारा विशेष ईएसडीएम प्रोवाइडर्स को मैन्युफैक्चरिंग की आउटसोर्सिंग में वृद्धि, इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती मांग, एक बड़ा घरेलू बाजार, चीन +1 रणनीति और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और सेमीकंडक्टर विकास में निवेश जैसी विभिन्न सरकारी पहल इस विकास के कारक होंगे।रिसर्स एनालिस्ट प्रवीण सहाय ने कहा, वित्त वर्ष 2023 में ईएसडीएम सेक्टर का योग्य बाजार 4.39 लाख करोड़ रुपये का था, जिसमें



ओईएम धीरे-धीरे ईएसडीएम भागीदारों पर निर्भरता बढ़ा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, घरेलू मुद्रित सर्किट बोर्ड असेंबली (पीसीबीए) बाजार में 41.6 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज होने और वित्त वर्ष 2026 तक 6.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2023 में 2.31 लाख करोड़ रुपये था।सहाय ने विकास के कारकों का भी जिक्र किया। उन्होंने विश्व स्तर पर हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स की बढ़ती मांग, मूल्य संवर्द्धन, हाई स्पीड असेंबली जैसे कारक अहम हैं।

इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, भारत कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को प्रोत्साहित कर रहा है और अपनी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार कर रहा है, जिससे पीसीबीए निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका बढ़ेगी और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होगी।ब्रोकरेज ने चार घरेलू ईएसडीएम कंपनियों एवलॉन टेक्नोलॉजीज, साइएंट, केनेस टेक्नोलॉजी और सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कवरेज शुरू किया है।सभी चार कंपनियां विकास के लिए अच्छी स्थिति में हैं, जिन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत ऑर्डर बुक और रणनीतिक विस्तार योजनाओं का समर्थन प्राप्त है।

भारत के सिनेमा में विदेशी निवेश न के बराबर

दिल्ली। हॉलीवुड के पांच सबसे बड़े स्टूडियो में शामिल वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की भारतीय शाखा के प्रबंध निदेशक डेंजिल डायस ने हाल ही में भारत के सिनेमा में विदेशी निवेश की मौजूदा स्थिति को लेकर बात की। 'जवान', 'एनिमल', 'पठान', 'गदर 2' और 'पुष्पा 2' जैसी एक्शन फिल्में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच कर वापस लाने में सफल तो हो रही हैं लेकिन अब भी, दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाले देश भारत के सिनेमा में विदेशी निवेश न के बराबर है। इसकी बड़ी वजह है भारतीय सिनेमा में पारदर्शिता का अभाव, आंकड़ों की हेराफेरी और झूठ के सहारे कारोबार को चमकाते रहने की फितरत।

कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक जारी किया

मुंबई। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं।

कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा।

कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में 2025 के लिए मुख्य प्रवृत्तियों और प्रभावों का विवरण दिया गया है।

मध्यम से दीर्घकालिक में व्यापक बाजार में हल्की वृद्धि की उम्मीद है।

घरेलू बुनियादी स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन सतर्क आशावाद की समय की आवश्यकता है। दीर्घकालिक निवेशकों को उच्च मूल्यांकन के बीच एसेट क्वालिटी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं स्थिर हो रही हैं क्योंकि मौद्रिक नीतियां नरमी की ओर बढ़ रही हैं, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। घरेलू स्तर पर, मुद्रास्फीति उच्च बनी हुई है, विशेष रूप से खाद्य कीमतें।

नई आयकर व्यवस्था को लागू करने में मल्होत्रा की महत्वपूर्ण भूमिका

नई दिल्ली। आम सहमति बनाने में माहिर मल्होत्रा ने नई आयकर व्यवस्था को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पास वित्त से जुड़े कामकाज संभालने का लंबा तजुर्बा है। रिजर्व बैंक का कामकाज सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स देखते हैं। मल्होत्रा के पास इसका भी अनुभव है। इसलिए, वह आरबीआई गवर्नर की रेस में सबसे आगे रहे। आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा अपने काम करने के तरीकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसंदीदा नौकरशाहों में गिने जाते हैं। उन्होंने 2024 का बजट बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनका शुमार वित्तीय मामलों में सुधारवादी और मजबूती से काम करने वाले अफसरों में होता है। आम सहमति बनाने में माहिर मल्होत्रा ने नई आयकर व्यवस्था को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पास वित्त से जुड़े कामकाज संभालने का लंबा तजुर्बा है। रिजर्व बैंक का कामकाज सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स देखते हैं। मल्होत्रा के पास इसका भी अनुभव है। इसलिए, वह आरबीआई गवर्नर की रेस में सबसे आगे रहे। आरईसी लि. चेयरमैन-एमडी रह चुके मल्होत्रा के के कार्यकाल में वेतनभोगी वर्ग को राहत देने वाली नई प्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू हुई। अप्रत्याशित लाभ कर

भी उन्हीं के कार्यकाल में हटाया गया। राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा के पास वित्त व कराधान जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ सार्वजनिक नीति में 33 साल से अधिक का अनुभव है। आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक व अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर मल्होत्रा के वित्त मंत्री से भी अच्छे संबंध हैं।?उधर, दास उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद 12 दिसंबर, 2018 को 25वें गवर्नर बने थे। तीन साल के कार्यकाल के बाद सेवा विस्तार मिला था। मल्होत्रा को ऐसे समय में रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया गया है, जब केंद्रीय बैंक के सामने चुनौतियों की भरमार है। आरबीआई पर रेपो दरों में कटौती का दबाव है, क्योंकि जीडीपी की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर आ गई। डॉलर के मुकाबले रुपया भी लगातार कमजोर हो रहा है।

कॉपर इकोसिस्टम विकसित ... कॉपर की मांग में भवन निर्माण और बुनियादी ढांचे का योगदान 43 प्रतिशत है

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विस्तार की वजह से भारत में कॉपर की मांग आया

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के कारण भारत में कॉपर की मांग में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2023-24 में 1,700 किलोटन तक पहुंच गई।

अंतरराष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया (आईसीएआई) ने एक बयान में कहा कि कॉपर की मांग में भवन निर्माण और बुनियादी ढांचे का योगदान 43 प्रतिशत है, जबकि सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 11 प्रतिशत है। इस उछाल का श्रेय समग्र आर्थिक विस्तार को जाता है।

उद्योग निकाय ने कहा कि कोविड महामारी के बाद, वित्त वर्ष 2021 और वित्त वर्ष 2024 के बीच औसत वार्षिक कॉपर की मांग में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई।एसोसिएशन को उम्मीद है कि कॉपर की मांग में और वृद्धि दर्ज की जाएगी, क्योंकि बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और भवन निर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। जीडीपी के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्र में क्रमशः 9.1 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।अंतर्राष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया के प्रबंध निदेशक मयूर करमरकर ने कहा, ये रुझान कॉपर की मांग में मजबूत वृद्धि को दर्शाते हैं, जो भारत के जीडीपी विकास से जुड़े हैं।सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के निवेश, उच्च उपभोक्ता खर्च और भवन निर्माण, बुनियादी ढांचे, परिवहन, औद्योगिक और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति से यह वृद्धि हुई है, जिसमें कॉपर की मांग में दोहरे अंकों में वृद्धि हुई है।इसी अवधि के दौरान कॉपर कैथोड का घरेलू उत्पादन 8 प्रतिशत बढ़ा और कॉपर के विभिन्न रूपों के शुद्ध आयात में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।करमरकर ने कहा, ये रुझान भारत में एक मजबूत कॉपर इकोसिस्टम विकसित करने की क्षमता को उजागर करते हैं। अदाणी के कॉपर स्मेल्टर के वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही से चालू होने और कॉपर कंसन्ट्रेट और ब्लिस्टर पर शुल्क छूट के साथ घरेलू उत्पादन का दृष्टिकोण आशाजनक है।

एनएचसी फूड्स लिमिटेड का रु. 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

वलसाड /गुजरात। मसाला, अनाज, तेलबीज, सूखा मेवा और अन्य कृषि उत्पाद के निर्यात व्यापार से जुड़ी गुजरात स्थित नेशनल हेल्थ कॉरपोरेशन फूड्स लिमिटेड (BSE -517554) का 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू 5 दिसम्बर, 2024 से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है। 6 दिसम्बर, 2024 को प्रति शेयर 2.76 की मौजूदा बाजार कीमत के सामने कंपनी प्रति शेयर 1 रुपए की आकर्षक कीमत पर राइट्स इश्यू ऑफर कर ही है। राइट्स इश्यू 18 दिसम्बर, 2024 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में 1 रुपए की कीमत पर लेने / सब्सक्राइब करने के लिए राइट्स एनटाईटलमेंट्स (BSE सिम्बोल: NHCFO-RE) भी खरीद सकते हैं। राइट्स अधिकारों के ऑन मार्केट त्याग की अंतिम तिथि 12 दिसंबर, 2024 है। सूचित राइट्स इश्यू का राइट एंटाईटलमेंट्स 4:1 रेश्यो है (रेकॉर्ड तारीख 26 नवंबर, 2024 को इक्विटी शेयर धारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 फुल्ली पैड इक्विटी शेयर के सामने प्रत्येक 1 रुपए की फेस वैल्यू के 4 राइट्स इक्विटी शेयर) कंपनी प्रत्येक 1 की कीमत प्रति शेयर 1 रुपए की फेस वैल्यू के 47.42 करोड़ फुल्ली पेड अप इक्विटी शेयर्स इश्यू करेगी जिसका मूल्य 47.42 करोड़ है।

खबरों के गलियारे से ...

-कैलाश यादव

अब तो फंड में आ रहा है सरकार...

राजस्व संबंधी अब सभी कार्य को सरकार ने ऑनलाइन कर दिया है। इसके विपरीत पटवारियों की मुसीबत ये है कि उन्हें कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप या फिर कम्प्यूटर के माध्यम से

किया जाना है। साथ ही दुर्भाग्य ये है कि पटवारियों को सरकार की ओर से किसी भी प्रकार का संसाधन अथवा संसाधन भत्ता उपलब्ध नहीं कराया गया है। पटवारी निजी अथवा किराए पर संसाधन जुटाकर कार्यों को संपादित कर रहे हैं। पटवारी संघ ने शासन से समस्या का जल्द निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर पटवारी16 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करन को बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि बिना पटवारी के नक्शा खसरा बनाए किसी भी संपत्ति की रजिस्ट्री नहीं होगी, सरकार ने नई योजना लागू कि है कि 25 हजार देकर घर बैठे रजिस्ट्री करा सकते है। इस योजना का तो भट्ठा बैठ जाएगा। पटवारियों का कहना है कि जो रजिस्ट्री फीस के नाम पर 25 हजार लिए जा रहे है उसे पटवारी संसाधन फंड में जमा कर उस राशि से पटवारियों को कम्प्यूटर और लेपटाप के साथ अन्य संसाधन जुटाने का अधिकार दें, तो पूरे प्रदेश के पटवारियों को कम्प्यूटर और लेपटाप मिल सकता है और काम भी पूरे रफ्तार से दौडऩे लगेगी।

मंत्री का स्वास्थ्य बिगाडऩे में तुले विरोधी...

जब से श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री बने है तब से प्रदेश के कई मेडिकल कालेजों रैगिंग और अस्पतालों में दवाइयों की कमी का दंश झेलना पड़ा रहा है। खबरों के गलियारे में अफवाहों पर स्वास्थ्य

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को उनके महकमे के कारनामे से बीमार नजर आने लगे हैं। बार-बार उन्हें बयान जारी कर इस तरह की खबरों निराधार बताया पड़ रहा है। अब नया मुद्दा ने मंत्री को परेशान कर रहा है। प्रदेश में दवाइयों या उपकरणों की कोई कमी नहीं होने के बाद भी उनके विरोधियों ने जिनका मेडिकल कालेज में प्रवेश नहीं हुआ या फिर जो सरकारी अस्पतालों में दवाई सप्लाई करना चाहते है ये वही लोग है जो शिगूफा छोड़कर जायसवाल जी की बीपी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसी भी अस्पताल में दवाई का शॉर्टेज नहीं है। समय-समय पर कई तरह से इसकी अफवाहें भी लोग फैलाते हैं। जब तक पिछले सरकार के खरीदे हुए एक-एक दवाइयां का उपयोग नहीं हो जाता। तब तक मैं दवाइयां खरीद कर खराब नहीं करने वाला हूं।

जामताड़ा से आगे निकले हमारे प्रदेश के युवा ...

छत्तीसगढ़ के युवाओं में जल्द से जल्द करोड़पति बनने का नशा सिर चढ़ कर बोलने लगा है। छत्तीसगढिय़ा सबले बढिय़ा को कलंकित कर रहा है। बलौदाबाजार पुलिस ने जिले में नकली नोट छापकर उसे



खपाने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 2 लाख 32 हजार 400 रुपए की नकली नोट सहित नोट छापने वाले उपकरणों को भी जब्त किया है। जालसाज राजधानी रायपुर में भाठागांव के विनायक नगर स्थित एक घर को किराए पर लेकर नोट छापते थे। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि जब लोगों को नौकरी नहीं मिलेगी तो नकली नोट छापेंगे और गैंती गैंग बनाकर छत्तीसगढ़ को बदनाम किया। इस मामले को पुलिस को हल्के में नहीं लेनी चाहिए । तुरंत संज्ञान लेकर नकली नोट में छुपे सौदागरों को कड़ी से कड़ी सजा प्रावधान करनी चाहिए । ताकि छत्तीसगढ़ झारखंड के जामताड़ा बनने से बच जाए।

महतारी की तरह भाषा को भी मिले सम्मान...

राज्य बने 24 साल हो चुके हैं, जिन छत्तीसगढिय़ों ने कुर्बानी दी उसके पीछे एख ही लक्ष्य था कि पृथक छत्तीसगढ़ बने और छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का दर्जा मिले। छत्तीसगढ़ी भाषा केंद्र की आठवीं

अनुसूची में शामिल यही सभी आंदोलनकारियों का लक्ष्य था, छत्तीसगढ़ तो बन गया पर छत्तीसगढ़ी भाषा राजनीतिक पार्टियों की शिकार हो गई। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी का सपना था कि छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का दर्जा मिले। यह बात पूर्व स्पीकर और मौजूदा विधायक धरमलाल कौशिक ने पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी के सातवीं पुण्यतिथि पर कही। उन्होंने कहा कि मेरे स्पीकर रहते छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा देने का बिल पारित हुआ और अब कोई भी विधायक सदन में छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रश्न पूछ सकते हैं।

आखिर पुलिस से कैसे करें न्याय की उम्मीद ...

राजधानी के व्यापारी भी अब गुंडागर्दी पर उतर चुके हैं। सरकार के एक साल पूरे हो गए कानून व्यवस्था को लेकर घिरे रहे। ताजा मामला, जीएसटी विभाग की महिला इंस्पेक्टर को धमकी का ऑडियो सोशल

मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इस घटना के बाद व्यापारी के घर और प्रतिष्ठान पर जीएसटी विभाग ने छापा मारा। जीएसटी विभाग के अफसर व्यापारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने गुढिय़ारी थाना पहुंचे हैं, लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है। इसे लेकर जीएसटी विभाग के अफसरों ने नाराजगी जताई है। इस मामले में जीएसटी निरीक्षक आकाश त्रिपाठी ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद गुढिय़ारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे थे, लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गई। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि एक शासकीय कर्मचारी के साथ न्याय नहीं हो रहा है तो आम जनता पुलिस पर कैसे भरोसा कर सकती है कि उसको न्याय मिलेगा।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

अमर शहीद वीर नारायण सिंह की गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी : सीएम साय

■ मुख्यमंत्री साय ने बलिदान दिवस पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस पर राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, आदिमजाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने शहीद वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जन-नायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। वे सोनाखान के ज़मींदार परिवार से थे लेकिन उन्होंने आदिवासियों, किसानों और गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने सन् 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अनाज गोदाम से अनाज निकालकर गरीबों में बांट दिए। उन्होंने सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति का संचार किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में उनकी गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी।

सीएम योगी ने महाकुंभ में शामिल होने सीएम विष्णु देव साय को भेजा आमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रयागराज के पवित्र संगम में वर्ष 2025 में आयोजित हो रहे महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण भेजा है। उन्होंने सभी छत्तीसगढ़ वासियों को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया है।

प्रदेश के सभी 33 जिलों के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त

■ जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की करेंगे मॉनिटरिंग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके। प्रभारी सचिव प्रतिमाह कम से कम एक बार अपने प्रभार जिले का भ्रमण कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले को धमतरी जिला का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग, श्रीमती ऋचा शर्मा को रायपुर, श्री मनोज कुमार पिंगुआ को बिलासपुर जिला, प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक को महासमुंद जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को जांजगीर चांपा, सचिव श्री रोहित यादव को

कोरबा, सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह को बस्तर, सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल को बलौदाबाजार-भाटापारा, सचिव अविनाश चंपावत को राजनांदगांव, सचिव प्रसन्ना आर. को कबीरधाम, सचिव अम्बलगन पी. को जशपुर, सचिव सुश्री आर शंगीता को सारंगढ़- बिलाईगढ़, सचिव श्री रजत कुमार को रायगढ़, सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पो को नारायणपुर, सचिव एस. प्रकाश को कोरिया, सचिव श्री अंकित आनंद को बालोद, सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना को बेमेतरा, सचिव श्री भुवनेश यादव को सूरजपुर, सचिव श्री एस. भारतीदासन को मुंगेली जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव सुश्री शम्मी आबिदी को कांकेर, सचिव हिमशिखर गुप्ता को गरियाबंद, सचिव मो. कैसर अब्दुलहक को गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, सचिव श्री यशवंत कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज, सचिव श्री भीम सिंह को कोण्डागांव, सचिव श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सचिव श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा को सुकमा, आयुक्त श्रीमती किरण कौशल को सक्ती, संचालक श्री सौरभ कुमार को दंतेवाड़ा, संचालक श्री सुनील कुमार जैन को सरगुजा, विशेष सचिव श्री जयप्रकाश मौर्य को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, विशेष सचिव सारांश मित्तर को बीजापुर और प्रबंध संचालक रमेश कुमार शर्मा को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

निगम चुनाव : रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन 2024हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है। नगर निगम कोरबा के लिए संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 1 से 13 तक के लिये आयुक्त नगर निगम कोरबा आषुतोष पाण्डेय, वार्ड क्रमांक 14 से 26 तक के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा सरोज महिलांगे, वार्ड क्रमांक 27 से 39 तक के लिये डिप्टी कलेक्टर रूचि शार्दुल वार्ड क्रमांक 40 से 53 तक के लिये अधीक्षक भू-अभिलेख कोरबा अमित झा और वार्ड क्रमांक 54 से 67 तक के लिये तहसीलदार बरपाली राहुल पाण्डेय को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद् दीपका के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पोड़ीउपरोड़ा, तुलाराम भारद्वाज को रिटर्निंग ऑफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक के लिये तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा और वार्ड क्रमांक 11 से 21 तक के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् दीपका राजेश गुप्ता को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका

परिषद बांकीमोगरा के लिए संयुक्त कलेक्टर कौशल प्रसाद तेंदुलकर को रिटर्निंग आफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिये नायब तहसीलदार दीपका श्री बंदेराम भगत और वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योत्सना टोप्पो को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद् कटघोरा के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा, रोहित कुमार सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये अति. तहसीलदार कटघोरा श्रीमती प्रियंका चंद्रा और वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् कटघोराज्ञानपुंज कुलमित्र को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत पाली के लिये अनुविभागीय अधिकारी पाली सीमा पात्रे को रिटर्निंग आफिसर एवं वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये तहसीलदार हरदीबाजार श्री विष्णु पैकरा और वार्ड क्रमांक

हमारा शौचालय-हमारा सम्मान :

5 हितग्राहियों और 3 पंचायतों को किया गया सम्मानित

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। विश्व शौचलय दिवस के अवसर पर विगत 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक चलाए गए ''हमारा शौचालय-हमारा सम्मान'' अभियान के समापन अवसर पर आज कलेक्ट्रेट में जिला स्तर पर नामांकित 5 हितग्राहियों और 3 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने व्यक्तिगत शौचालय के लिए मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत लटकोनी खुर्द (कोदवाही) की हितग्राही रामकुमारी, मगुरदा के पद्मावती, नगवाही के रायसिंह और पेण्ड्रा

जनपद के ग्राम पंचायत सोन बचरवार की हितग्राही निराशा बाई एवं गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत नेवसा की हितग्राही शीला राठौर को मैडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह सामुदायिक शौचालय के लिए गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत सेमरा और मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत गुदुमदेवरी एवं ग्राम पंचायत धरहर के सरपंचों को मैडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दिलेराम डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

निहारिका में अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

■ कलेक्टर जनदर्शन में हुई थी शिकायत

कोरबा/नवप्रदेश। निहारिका क्षेत्र स्थित स्मृति उद्यान के बाजू में वाहन पार्किंग की जगह पर एक व्यक्ति द्वारा ठेला रखकर अतिक्रमण कर लिया गया था,उक्त अतिक्रमण की शिकायत चैपाटी स्थित परिसर के व्यापारियों ने नगर निगम आयुक्त एवं कलेक्टर जन दर्शन में किया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर कोरबा के आदेश पर नगर निगम के अतिक्रमण दल के द्वारा आज हटाने की कार्यवाही की गई।

ठेला लगाने वाले व्यक्ति द्वारा आर्थिक स्थिति होने का हवाला देकर नगर निगम के अधिकारियों से पूर्ण रूप से ठेला हटाने के लिए तीन दिन की मोहलत मांगी गई जिससे अधिकारियों ने मान लिया, परंतु नगर निगम अतिक्रमण दस्ते के द्वारा

उचित कार्यवाही न होने पर ही पूरे शहर में जगह-जगह अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है, कुछ दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 भी शुरू हो जाएगा जिसके लिए नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं लेकिन शहर की सुंदरता में बाधक बने इन अतिक्रमणकारियों का उचित निपटारण न करने से स्वच्छता सर्वेक्षण में उचित रैंकिंग संभव नहीं दिखती है।

4 डिग्री तक गिर सकता है पारा, बढ़ेगी ठंड

रायपुर/नवप्रदेश। बादल छाए रहने और बारिश का दौर समाप्त होने के बाद अब दोबारा पारा गिरने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आज से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

वहीं, 24 घंटे के बाद प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री तक गिरावट के आसार हैं।

साथ ही आज को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश या गरज-चमक के साथ वज्रपात हो सकता है। रायपुर में मौसम आंशिक मेघमय रहने और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूतनम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है।

दो स्थानों पर हुई हल्की बारिश

रविवार को प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। अधिकतम बारिश जगदलपुर में 11.5 मिमी दर्ज की गई। वहीं, प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में, जबकि न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में दर्ज किया गया।

अधिकतम तापमान उतार चढ़ाव भरा : मौसम विज्ञानियों के पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान उतार चढ़ाव भरा है। दुर्ग में यह सामान्य औसत से चार डिग्री, अंबिकापुर में 2.3 डिग्री और रायपुर में 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जगदलपुर में यह सामान्य औसत से 1.1 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 0.2 डिग्री और पेंड्रा रोड में 0.1 डिग्री सेल्सियस कम है।

इसी बीच वर्षा की वजह से न्यूनतम तापमान औसत से कहीं ज्यादा चल रहा है। आंकड़ों के अनुसार, यह जगदलपुर में सामान्य से नौ डिग्री, रायपुर और दुर्ग में 4.5 डिग्री, बिलासपुर में 3.4 डिग्री, पेंड्रा रोड में 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, सिर्फ अंबिकापुर में ही यह सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम है।

यह बन रहा है सिस्टम: एक पश्चिमी विक्षोभ 70 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 4.5 किमी ऊंचाई तक ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में तथा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर एक द्रोणिका के रूप में स्थित है। इसके प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से प्रचूर मात्रा में नमी आने की संभावना है।

4 कार्टून पेंट पर चोरों ने किया हाथ साफ

रायपुर/नवप्रदेश। अशोक नगर गुढिय़ारी में खड़ी डीआई वाहन से अज्ञात चोर ने 4 कार्टून पेंट पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पप्पु सोनी 28 वर्ष बड़ा अशोक नगर गुढिय़ारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी डीआई वाहन में पेंट का कार्टून लोड कर अशोक नगर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने वाहन से 4 कार्टून पेंट पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दूसरे की जमीन को अपना बताकर ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। चंदनडीह में दूसरे की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर 10 लाख में सौदा तय करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गणेश गोले 38 वर्ष मन्नु चौक टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि

आरोपी मंजू देवी अग्रवाल व अन्य ने प्रार्थी को चंदनडीह बोलेनो शोरूम के पास स्थित दूसरे की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी से सौदा तय कर लिया और 10 लाख रुपए ले लिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत आमानाका थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिलावट माल सप्लाई, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। गोंदवारा स्थित गोदाम में माल में मिलावट कर सप्लाई करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुदेश केडिया 55 वर्ष समता कालोनी आजाद चौक का रहने वाला है। आरोपी अंकीत केशरवानी प्रार्थी के कंपनी में ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। बताया जाता है कि आरोपी अंकीत ने प्रार्थी के कंपनी में भेजे गए स्पंज आयरन माल को अपने गोंदवारा स्थित गोदाम में ले जाकर माल में मिलावट किया फिर प्रार्थी को सप्लाई कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

डीएमएफ से उच्च शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

■ जिले में उच्च शिक्षा के विकास की दिशा में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल

■ महाविद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने 10 करोड़ से अधिक राशि से होंगे अनेक विकास कार्य

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार कोरबा जिले में उच्च शिक्षा के विकास हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उनके द्वारा खनिज संस्थान न्यास मद से जिले में संचालित अनेक महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा स्तर में वृद्धि एवं शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु कुल 10 करोड़ 79 लाख 54 हजार 197 रुपए की राशि से अनेक महत्वपूर्ण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। उनके द्वारा विभिन्न विभागों को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए है। जिससे जिले के छात्रों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिले सके। इसके अंतर्गत, शैक्षणिक संस्थानों के लिए नए भवन

निर्माण, मौजूदा संस्थानों का उन्नयन व मरम्मत, संस्थानों में अनेक अधोसंरचना निर्माण, संस्थानों में शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था, डेस्क बेंच की पर्याप्त उपलब्धता, छात्रावास संचालन हेतु आवासीय व्यवस्था सहित अन्य कार्य शामिल है। जिले के महाविद्यालयों में स्वीकृत कार्यो के अंतर्गत शासकीय ई. वि. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय कोरबा के 100 सीटर कन्या छात्रावास के संचालन हेतु आवासीय व्यवस्था के लिए विभिन्न सामग्री प्रदाय हेतु 57,05,842 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के 100 सीटर कन्या छात्रावास को प्रारंभ करने हेतु आवासीय व्यवस्था के लिए 57,05,842 रुपए, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा के 100 सीटर कन्या छात्रावास को प्रारंभ करने हेतु आवासीय व्यवस्था के लिए 57,05,842 रुपए, जिले के 11 महाविद्यालयों (शास. ई व्ही पी जी कॉलेज कोरबा / मिनिमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा / शास. मुकुटधर पांडेयमहाविद्यालय कटघोरा / शास.महाविद्यालय दिपका/शास. महाविद्यालय हरदीबाजार /शास. महाविद्यालय भैंसमा / शास. नवीन महाविद्यालय जटगा / शास.महाविद्यालय बरपाली / शास महाविद्यालय उमरेली/मॉडल कॉलेज कोरबा / आत्मानंद महाविद्यालय कोरबा में गुणात्मक सुधार एवं विकास हेतु 1,69,83,850 रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिसमें 38 नग इंटरैक्टिव पैनल, 17 नग आरओयुक्त वॉटर कूलर, 68 नग कम्प्यूटर डेस्कटॉप, 38 नग यूपीएस सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654